RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 141
नई दिल्ली, बुधवार, 30 मार्च, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





शेन वार्न को श्रद्धांजलि देने को जुटेंगे हजारों प्रशंसक
स्पोर्ट्स-12


# रूस ने दिए नरमी के संकेत, धीमा करेगा युद्ध

- यूक्रेन के साथ युद्ध समाप्त किए जाने के मकसद से जारी वार्ता में विश्वास बढ़ाने के लिए उप रक्षा मंत्री एलेक्जेंडर फोमिन ने की घोषणा
- दोनों देशों के बीच तुर्की में आमने-सामने की वार्ता आरंभ हुई





**एपी। कीव**

**रूस** के उप रक्षा मंत्री एलेक्जेंडर फोमिन ने मंगलवार को कहा कि युद्ध समाप्त किए जाने के मकसद से जारी वार्ता में विश्वास बढ़ाने के लिए मॉस्को ने कीव और चेर्नीहीव के पास अभियान में मौलिक रूप से कटौती करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि रूसी बल कीव और चेर्नीहीव की दिशा में सैन्य गतिविधियों में कटौती करेंगे।

तुर्की में मंगलवार को रूस और यूक्रेन के वार्ताकारों के बीच हो रही आमने-सामने की बातचीत के दौरान फोमिन का ए बयान सामने आया है। पिछले दौर की वार्ताएं विफल रहने के बाद रूस के इस बयान से ताजा बातचीत में सकारात्मक असर देखने को मिल सकता है। रूस द्वारा 24 फरवरी को यूक्रेन पर शुरू किए गए हमले के बाद पहली बार है, जब रूस ने कुछ नरमी के संकेत दिए हैं। पिछले सप्ताह के अंत में और मंगलवार को ऐसे संकेत मिले कि रूस अपने युद्ध के लक्ष्यों में कटौती करना चाहता है क्योंकि रूस ने कहा है कि अब उसका प्रमुख लक्ष्य पूर्वी यूक्रेन के डोनबास प्रांत को अपने नियंत्रण में लेना है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि उन्हें कुछ भी ऐसा दिखाई नहीं देता, जिससे महसूस हो कि वार्ता रचनात्मक तरीके से आगे बढ़ रही है। उन्होंने रूसी बलों को पीछे हटाने के संकेत को मॉस्को द्वारा लोगों का ध्यान भटकाने का प्रयास करार दिया। ब्लिंकन ने मोरक्को में कहा, एक तरफ वो है जो रूस कहता है और दूसरी तरफ, वो है जो रूस करता है और हम दूसरे हिस्से पर ध्यान केंद्रित करते हैं। रूस जो कर रहा है, वो यूक्रेन को लगातार तबाह करने वाला है। इस बीच, रूस और यूक्रेन के बीच मंगलवार को तुर्की में आमने-सामने की वार्ता शुरू हुई। इसके साथ ही उम्मीद लगाई जा रही है कि युद्ध समाप्त किए जाने पर कोई सहमति बन सकती है। यूक्रेन के राष्ट्रपति के एक सलाहकार ने कहा कि इस्तांबुल में हो रही बैठक के दौरान युद्धविराम पर सहमति के साथ ही यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इससे पहले भी दोनों देशों के वार्ताकारों के बीच हुई अन्य दौर की बातचीत में भी इन मुद्दों पर जोर रहा था। हालांकि, वार्ता असफल रही थी।

वार्ता से पहले, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि मॉस्को की मांग के अनुसार उनका देश अपनी तटस्थ स्थिति की घोषणा करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि वह डोनबास प्रांत को लेकर भी समझौते पर विचार करने को तैयार हैं। हालांकि, जेलेंस्की ने कहा कि वार्ताकारों के बातचीत के लिए एकत्र होने के बावजूद निर्मम युद्ध जारी है। वहीं, रूसी बलों ने पश्चिमी यूक्रेन स्थित एक तेल डिपो को और दक्षिण में एक सरकारी इमारत को निशाना बनाया है। तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने कहा कि दोनों पक्षों पर लड़ाई रोकने की ऐतिहासिक जिम्मेदारी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि युद्ध का लंबा चलना किसी के भी हित में नहीं है। जेलेंस्की ने सोमवार देर रात कहा था कि यूक्रेनी बलों ने राजधानी कीव के उत्तर-पश्चिम स्थित प्रमुख उपनगर इरपिन को दोबारा अपने नियंत्रण में ले लिया है। जेलेंस्की ने वीडियो संदेश में कहा, हमे अब भी लड़ना होगा, हमे सहन करना होगा। यह निर्मम युद्ध हमारे देश, हमारे लोगों और हमारे बच्चों के खिलाफ है। इस बीच, तुर्की के विदेश मंत्री ने मंगलवार को कहा कि वार्ता में सार्थक प्रगति हुई और दोनों पक्षों ने कुछ मुद्दों पर आम सहमति जताई है।

## भारत-अमेरिकी वार्ता में हावी रहेगा यूक्रेन युद्ध व बाइडेन की टिप्पणी

- टू प्लस टू संवाद के तहत वाशिंगटन में अगले माह मिलेंगे दोनों देशों के रक्षा एवं विदेश मंत्री

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**यूक्रेन** में जारी युद्ध और भारत के तटस्थ रुख पर हाल में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा की गई टिप्पणी के बाद अगले महीने वाशिंगटन में होने वाली दोनों देशों की रक्षा और विदेश मामलों की 'टू प्लस टू' संवाद पर हावी होने की संभावना है। सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि इन मुद्दों के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर भी क्वाड कॉम्बिनेशन प्रगति की समीक्षा क्रमशः अपने अमेरिकी समकक्ष लॉयड ऑस्टिन और एंटनी ब्लिंकन के साथ करेंगे।

संयोग से वाशिंगटन में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित क्वाड कॉम्बिनेशन के राष्ट्राध्यक्षों ने पिछले साल पहली बार व्यक्तिगत मुलाकात की थी। बैठक की मेजबानी अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने की थी। अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान सहित चार देशों ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते आक्रामक रुख का जायजा लिया था।

भारत और अमेरिका के 'टू प्लस टू' वार्ता के दौरान सामरिक और रक्षा संबंधों सहित कई महत्वपूर्ण पहलुओं की समीक्षा करेंगे। पिछले एक दशक में 15 बिलियन डॉलर के रक्षा सौदों के साथ अमेरिका ( शेष पेज 8 )

# भाजपा के खिलाफ एकजुट हों विपक्षी दलों के नेता: ममता

- बंगाल की मुख्यमंत्री ने गैर भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों व नेताओं को लिखा पत्र



**पायनियर समाचार सेवा। कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गैर-भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के नेताओं को पत्र लिखकर उनसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होने की अपील की है। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख के तौर पर लिखे पत्र में बनर्जी ने भाजपा से मुकाबला करने की रणनीतियों पर चर्चा करने और एकजुट एवं सैद्धांतिक विपक्ष बनाने का संकल्प लेने के लिए एक बैठक करने की अपील की, ताकि ऐसी सरकार बनाने की तैयारी की जा सके, जिसका देश हकदार है।

उन्होंने कहा कि सभी प्रगतिशील ताकतों को एक साथ आने और भाजपा के दमनकारी शासन से लड़ने की जरूरत है। बनर्जी ने 27 मार्च को लिखे पत्र में कहा कि मैं आपको सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा इस देश के संस्थागत लोकतंत्र पर किए जा रहे सीधे हमलों पर गहरी चिंता व्यक्त करने के लिए यह पत्र लिख रही हूं। इस पत्र को मंगलवार को सोशल मीडिया पर साझा किया गया। उन्होंने कहा कि मैं सभी से बैठक करने की अपील करती हूं, ताकि सभी की सुविधा तथा उपयुक्तता के अनुसार आगे की रणनीति पर विचार-विमर्श किया जा सके। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र की कथित प्रतिशोधात्मक राजनीति की आलोचना करते हुए बनर्जी ने दोहराया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) जैसी एजेंसियों का राजनीतिक विरोधियों को परेशान करने और उन्हें घेरने के लिए उपयोग कर देश के लोकतांत्रिक ताने-बाने पर हमला किया जा रहा है।

इस बीच भाजपा ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाएं धराशायी हो गई हैं, जबकि कांग्रेस ने कहा कि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ दल के पास भाजपा से लड़ाई में विश्वसनीयता की कमी है। बनर्जी ने आरोप लगाया कि दिल्ली विशेष पुलिस (संशोधन) विधेयक, 2021 और सीवीसी (संशोधन) विधेयक, 2021 संसद में शीतकालीन सत्र के दौरान विपक्ष द्वारा बहिर्गमन के बीच पारित किए गए थे। उन्होंने कहा कि ये कानून केंद्र को ईडी और सीबीआई के निदेशकों के कार्यकाल को पांच साल तक बढ़ाने में सक्षम बनाते हैं, जो उच्चतम न्यायालय के पिछले फैसले का घोर उल्लंघन है। शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी नेताओं को भाजपा की प्रतिशोधात्मक ( शेष पेज 8 )

## कानून व्यवस्था पर राज्यपाल ने ममता को लिख कड़ा पत्र

**पायनियर समाचार सेवा। कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल की कानून व्यवस्था पर राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को कड़ा पत्र लिखा है। उन्होंने राज्य की कानून व्यवस्था पर चर्चा के लिए ममता को एक सप्ताह के अंदर राजभवन में हाजिर होने को कहा है। धनखड़ का पत्र पिछले सप्ताह बीरभूम नरसंहार की घटना के बाद उपजे हालात के मद्देनजर आया है, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई। इसके बाद राज्य विधानसभा के अंदर भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के विधायकों के बीच सोमवार को हाथापाई की घटना हुई।

# सतीश महाना उप्र विधानसभा अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित

**भाषा। लखनऊ**



सर्वसम्मति से विधानसभा अध्यक्ष चुने गए सतीश महाना को कुर्सी तक ले गए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नेता विपक्ष अखिलेश यादव व अन्य दलों के नेता

**उत्तर** प्रदेश की 18वीं विधानसभा के लिए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी विधायक सतीश महाना निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद विधानसभा में अपने संबोधन में महाना ने कहा कि उन पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है और वह पक्ष-विपक्ष दोनों के लिए समान रूप से इसका पालन करेंगे। महाना ने कहा, सभी सदस्यों को विश्वास दिलाता हूं कि अगले पांच वर्षों में हम जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे।

मुझे विश्वास है कि 18वीं विधानसभा देश में नया कीर्तिमान स्थापित करेगी। विधानसभा में कार्यवाहक अध्यक्ष रमापति शास्त्री ने मंगलवार को सतीश महाना के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की। उन्होंने सदन को बताया कि विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए सिर्फ सतीश महाना का नामांकन पत्र प्राप्त हुआ और उसके वैध होने पर उनके सर्वसम्मति से निर्वाचन की घोषणा करता हूं। शास्त्री ने अपनी ओर से महाना को बधाई देने के बाद उनके जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला। इसके बाद शास्त्री ने मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और अन्य दलों के नेताओं से अनुरोध किया कि वे नवनिर्वाचित अध्यक्ष को अध्यक्ष के आसन पर आसीन कराएं। इसके बाद परंपरागत रूप से नेता सदन और नेता प्रतिपक्ष समेत अन्य दलों के नेता सदन में सदस्यों के बीच में बैठे महाना की सीट तक पहुंचकर उनको अध्यक्ष की पीठ पर ले गए और शास्त्री ने अध्यक्ष की कुर्सी खाली कर दी। सभी दलीय नेताओं ने मिलकर महाना को अध्यक्ष की पीठ पर बिठाया। महाना ने सदन में अपने संबोधन में कहा कि 18वीं विधानसभा के अध्यक्ष पद पर आप सबके सहयोग, ( शेष पेज 8 )

## उड़ान से पहले विमान चालक दल का होगा ब्रीथ एनलाइजर टेस्ट

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**नागरिक** उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पायलटों द्वारा शराब पीने के कारण विमानन सुरक्षा से समझौता नहीं करते हुए कॉकपिट और केबिन क्रू (विमान चालक दल) सदस्यों पर ब्रीथ एनलाइजर टेस्ट (सांस विश्लेषक परीक्षणों) के लिए संशोधित दिशानिर्देश जारी किए हैं। दिशा-निर्देशों के अनुसार विमान के उड़ान से पहले 50 फीसदी कॉकपिट क्रू और केबिन क्रू सदस्यों को दैनिक आधार पर औचक (रैंडम) ब्रीथ-एनालाइजर टेस्ट से गुजरना होगा, ताकि यह पता चल सके कि वे शराब के प्रभाव में नहीं हैं। उड़ान प्रशिक्षण संस्थानों के मामले में, कम से कम 50 फीसदी प्रशिक्षकों और 40 फीसदी छात्रों को दैनिक आधार पर पूर्व-उड़ान ब्रीथ एनलाइजर टेस्ट के अंतर्गत लाया गया है। एयरलाइंस के ऑपरेटरों को यह सुनिश्चित कराना होगा कि सभी उड़ान से पहले हवाई अड्डे पर रैंडम ब्रीथ एनलाइजर टेस्ट पूरा किया ( शेष पेज 8 )

# असम-मेघालय में 12 में से छह स्थानों पर सीमा विवाद सुलझा

- दोनों राज्यों ने गृहमंत्री शाह की उपस्थिति में किए समझौते पर हस्ताक्षर, 50 साल पुराना विवाद निपटा

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**



**असम** और मेघालय ने मंगलवार को 12 में से छह स्थानों पर अपने पांच दशक पुराने सीमा विवाद को सुलझाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे पूर्वोत्तर के लिए ऐतिहासिक दिन करार दिया। समझौते पर शाह, असम और मेघालय के मुख्यमंत्रियों हिमंत बिस्वा सरमा व कोनराड संगमा की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।

यह समझौता दोनों राज्यों के बीच 884.9 किलोमीटर की सीमा पर 12 में से छह स्थानों पर लंबे समय से चल रहे विवाद का समाधान करेगा। शाह ने यहां गृह मंत्रालय में आयोजित समारोह में कहा कि यह पूर्वोत्तर के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। गृह मंत्री ने कहा कि समझौते पर हस्ताक्षर होने से दोनों राज्यों के बीच 70 फीसदी सीमा विवाद सुलझ गया है। छह स्थानों में 36 गांव हैं, जिसके दायरे में 36.79 वर्ग किमी का क्षेत्र आता है, जिसके संबंध में समझौता हो गया है। दोनों राज्यों ने पिछले साल अगस्त में जटिल सीमा मुद्दे पर तीन-तीन समितियां बनाई थीं। समिति का गठन सरमा और संगमा के बीच दो दौर की बातचीत के बाद किया था, जहां पड़ोसी राज्यों ने चरणबद्ध तरीके से विवाद को सुलझाने का संकल्प व्यक्त किया था। समितियों द्वारा संयुक्त रूप से की गई अंतिम सिफारिशों के अनुसार, पहले चरण में निपटारे के वास्ते लिए गए 36.79 वर्ग किमी विवादित क्षेत्र में से, असम को 18.51 वर्ग किमी और मेघालय को 18.28 वर्ग किमी का पूर्ण नियंत्रण मिलेगा।

असम और मेघालय के बीच विवाद के 12 बिंदुओं में से, अपेक्षाकृत कम महत्वपूर्ण मतभेद वाले छह क्षेत्रों को पहले चरण में लिया गया। असम और मेघालय के बीच सीमा विवाद 50 साल से अटका हुआ है। हालांकि, हाल के दिनों में इसे हल ( शेष पेज 8 )

## काशी विश्वनाथ मंदिर और ज्ञानवापी मस्जिद मामले में सुनवाई टली

**पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज**

**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने मंगलवार को किसी भी वरिष्ठ सरकारी वकील की अनुपस्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर-ज्ञानवापी मस्जिद परिसर मामले की सुनवाई समय की कमी के चलते चार अप्रैल तक के लिए टाल दी। वाराणसी की अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने कहा, यद्यपि केंद्र और राज्य पक्षकार हैं, लेकिन यह दुर्भाग्य की बात है कि उनकी ओर से कोई वरिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित नहीं है। हालांकि, राज्य की ओर से स्थाई अधिवक्ता राजेश कुमार मिश्रा और वेद प्रकाश द्विवेदी उपस्थित थे। इससे पूर्व 24 मार्च को मंदिर की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता ने दलील दी थी कि पूजा स्थल का धार्मिक चरित्र वैसा ही है, जैसा 15 अगस्त, 1947 को था। इसलिए पूजा स्थल अधिनियम, 1991 के ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,943 | ↑ 350 | |
| निफ्टी | 17,325 | ↑ 103 | |
| सोना | 51,151 | ↓ 437 | /10g |
| चांदी | 67,515 | ↓ 722 | /kg |

## क्विक न्यूज

### सपा की सहयोगी दलों की बैठक से शिवपाल नदारद

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को पार्टी के सहयोगी अपना दल (के), सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) और राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के नेता के साथ बैठक की और भविष्य की रणनीति पर चर्चा की। अखिलेश के चाचा शिवपाल यादव, जिन्होंने जसवंत नगर से सपा के टिकट से चुनाव लड़ा था, बैठक में मौजूद नही थे। यह अटकलें लगाई जा रही है कि वह नाखुश है क्योंकि उन्हें पिछले सप्ताह सपा विधायकों की बैठक मे नही बुलाया गया था। बैठक में उपस्थित लोगो में एसबीएसपी नेता ओम प्रकाश राजभर, रालोद नेता राजपाल बाल्यान और अपना दल (के) नेता पल्लवी पटेल शामिल थी, जिन्होंने विधानसभा चुनाव मे सिराथू सीट से उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को हराया था।

# उप्र ने कोर्ट से कहा, आशीष की जमानत को चुनौती देने का फैसला विचाराधीन

**लखीमपुर खीरी हिंसा**

**भाषा। नई दिल्ली**

**उत्तर** प्रदेश सरकार ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को लखीमपुर खीरी हिंसा के संबंध में जमानत देने के फैसले को चुनौती देने का मामला संबंधित प्राधिकारियों के समक्ष विचाराधीन है। इस हिंसा में चार किसानों सहित आठ लोग मारे गए थे।

लखीमपुर-खीरी हिंसा के पीड़ितों के परिवार के सदस्यों की अपील पर दाखिल अपने जवाबी हलफनामे में राज्य सरकार ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के साथ-साथ उसके जवाबी हलफनामें से यह प्रदर्शित होगा कि उसने मिश्रा की जमानत अर्जी का पुरजोर विरोध किया है। उसने कहा, यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि प्रतिवादी नंबर 1 (आशीष मिश्रा) के जमानत आवेदन का राज्य ने कड़ा विरोध किया था, और विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) में इसके विपरीत कोई भी कथन पूरी तरह से गलत है और खारिज करने योग्य है।

इसके अलावा, 10 फरवरी, 2022 का आक्षेपित आदेश, उसी के खिलाफ सीमा अवधि अभी भी चल रही है, और उसके खिलाफ एसएलपी दायर करने का निर्णय संबंधित अधिकारियों के समक्ष विचाराधीन है। राज्य सरकार ने कहा कि 10 मार्च की घटना, जिसमें लखीमपुर हिंसा मामले में एक गवाह को कुछ बदमाशों ने पीटा था, जिसके परिणामस्वरूप मामला दर्ज किया गया था, उसे 3 अक्टूबर 2021 की किसान की मौत के साथ जोड़ने करने की मांग की गई है। उसने ( शेष पेज 8 )

# सरिस्का बाघ अभ्यारण्य में लगी भीषण आग

- दस वर्ग किमी जंगल चपेट में आया, राहत बचाव में 200 वन विभाग के कर्मचारियों के अलावा वायुसेना के विमान भी जुटे

**पायनियर समाचार सेवा। जयपुर**

**राजस्थान** के अलवर जिले में स्थित सरिस्का बाघ अभयारण्य के जंगलों में लगी आग ने भीषण रूप ले लिया है जिस पर काबू पाने के लिए मंगलवार को वायुसेना के दो हेलीकॉप्टरों की मदद ली गई। इसके अलावा लगभग 200 कर्मचारी एवं अधिकारी आग पर काबू पाने के लिए मशक्कत कर रहे हैं। यह आग मंगलवार तक लगभग 10 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैल गई। वन विभाग ने वन क्षेत्र के आसपास के करीब आधा दर्जन गांवों के लोगों से सावधानी बरतने और वन क्षेत्र के अंदर जाने से बचने को कहा है। विभाग के लिए एक और चिंता की बात यह है कि आग से प्रभावित क्षेत्र के आसपास बाघों की आवाजाही है। हालांकि अधिकारियों का मानना है कि इस इलाके में कोई बाघ अभी नहीं फंसा हुआ है और उनकी आवाजाही पर नजर रखी जा रही है। वन क्षेत्र में यह आग सबसे पहले रविवार शाम लगी और सोमवार को इस पर काबू पा लिया गया।

हालांकि सोमवार शाम फिर आग भड़क गई और मंगलवार को करीब 10 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैल गई। हालात बेकाबू होते देख जिला जिला प्रशासन ने भारतीय वायुसेना से सहायता मांगी, जिसने मंगलवार को ऑपरेशन के लिए दो एमआई 17 वी5 हेलीकॉप्टर तैनात किए। सरिस्का के फील्ड निदेशक आरएन मीणा ने कहा कि हवाई अभियान से पहाड़ियों पर लगी आग पर आंशिक रूप से काबू



सरिस्का बाघ अभयारण्य के जंगलों में लगी आग बुझाने के लिए पानी डालता सेना का हेलीकॉप्टर

पा लिया गया है और आगे कोशिश जारी है। उन्होंने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए वन कर्मचारी, नेचर गाइड और स्थानीय लोग लगे हुए हैं लेकिन उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि आग पहाड़ी इलाकों में लगी है। जिला वन अधिकारी सरिस्का सुदर्शन शर्मा ने बताया कि मंगलवार शाम तक हेलीकॉप्टरों ने आठ फेरे लगाए हैं।

उन्होंने कहा कि आग 10 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैल गई है और आग पर काबू पाने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस इलाके में आग लगी है, वह काफी ऊंचाई पर है, जिससे आग बुझाने में दिक्कत हो रही है। अधिकारी ने बताया कि सूखे घास के मैदान और बांस के पेड़ों की वजह से आग फैल रही है। हालांकि आग लगने के कारणों का पता ( शेष पेज 8 )

### वर्ष 2005 में गायब हो गए थे बाघ

**सरिस्का** बाघ अभ्यारण से वर्ष 2005 में बाघ गायब हो गए थे। बाघ पुनर्वास कार्यक्रम 2008 में शुरू करने के बाद यहां पांच बाघ हो गए थे। जुलाई 2014 में बाघों की संख्या 11 हो गई, जिसमें 9 वयस्क और 2 शावक थे। राज्य सरकार की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2021 में यहां बाघों की संख्या 23 हो गई, जिनमें चार शावक हैं।

### अनेक वन्य जीवों का आसरा मंदिर व दर्शनीय स्थल भी

**सरिस्का** बाघ अभ्यारण्य में बाघ के अलावा चीता, तेंदुआ, जंगली बिल्ली, कैरकल, धारीदार बिज्जू, सियार स्वर्ण, चीतल, साभर, नीलगाय, चिंकारा, चार सींग वाले हिरण, जंगली सुअर, खरगोश, लंगूर समेत कई पक्षियों की प्रजाति भी यहां हैं। इसके अलावा, सरिस्का अभयारण्य में पाण्डुपोल हनुमान मंदिर, भर्तृहरि जी, नीलकंठ महादेव मंदिर के अलावा सरिस्का पैलेस महल और कांकनवाडी दुर्ग आदि प्रमुख हैं।

# डेबिट कार्ड अनब्लॉक करवाने के लिए इंटरनेट से लिया नंबर, खाता हुआ साफ

## शिकायत दर्ज कर पुलिस ने शुरू की जांच

**● पीड़ित को मोबाइल पर मैसेज आने के बाद चला ठगी का पता**



**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

दिन-प्रतिदिन साइबर ठगों की शिकायतें बढ़ती जा रही हैं। अब एक मामला नोएडा में सामने आया है। साइबर ठगों ने डेबिट कार्ड अपडेट कराने का झूठा झांसा देकर फार्मेसी संचालक के खाते से 10,1650 रुपए निकाल लिए। पीड़ित को ठगी का पता पैसे निकलने के बाद मैसेज आने पर लगा। पीड़ित ने मामले की शिकायत सेक्टर-39 थाने में की है।

पीड़ित राहुल ने बताया कि वह सेक्टर-107 स्थित सनवर्ल्ड वनालिका हाऊसिंग सोसाइटी में रहता है। राहुल सोसाइटी में ही फार्मेसी चलाता है। राहुल ने बताया कि वह कुछ दिनों पहले बाजार में कुछ सामान लेने के लिए गया था। जहां उसने पैसे देने के लिए डेबिट कार्ड का इस्तेमाल करना चाहा। इस ट्रांजेक्शन के दौरान उसे पता लगा कि उसका डेबिट कार्ड ब्लॉक हो गया है।

राहुल ने बताया कि उसे अपना डेबिट कार्ड अनब्लॉक करवाना था। इसके लिए उसने बैंक के कस्टमर केयर का नंबर गूगल पर तलाश किया। उसे वहां बैंक से संबंधित कस्टमर केयर का एक नंबर मिला। जिस पर कॉल की तो फोन उठाने वाले युवक ने अपना नाम राहुल बताया। उसने बताया कि थोड़ी देर में कार्ड अनब्लॉक हो जाएगा।

कार्ड को अनब्लॉक करने के लिए उस कथित कस्टमर एक्जीक्यूटिव ने पीड़ित से डेबिट कार्ड की जानकारी ले ली। जानकारी लेने के बाद राहुल के खाते से 10,1650 रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। अगर किसी के साथ साइबर अपराध की घटना होती है तो वह साइबर सेल द्वारा दिए गए 1930 नंबर पर कॉल कर कर शिकायत कर सकते हैं। साथ ही साइबर सेल की वेबसाइट पर ऑनलाइन रिपोर्ट करा सकते हैं। यही नहीं पीड़ित नजदीकी थाने में जाकर भी अपराध की घटना की शिकायत दर्ज करा सकता है। पीड़ित 24 घंटे में ही कार्रवाई करने के लिए शिकायत करें।

### कैसे बरतें सावधानी

- मोबाइल पर आए अनजान मैसेज और लिंक पर क्लिक ना करें।
- फोन पे और गूगल पे जैसे ऐप को इस्तेमाल करने के बाद लॉग आउट कर दे।
- बैंक जानकारी के लिए इंटरनेट पर सही वेबसाइट पर ही जाएं।
- कभी भी अपने अकाउंट का पिन कोड माता पिता का नाम आदि किसी से भी शेयर ना करें।
- यूजर नेम और पासवर्ड गोपनीय रखे।

# नोएडा मेट्रो से होकर गुजरेगा वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**



दादरी से मुंबई तक जाने वाला वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का कार्य काफी तेजी के साथ चल रहा है। इसमें एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। दादरी से मुंबई जाने वाला वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर नोएडा से होकर गुजरेगा। अच्छी बात ये है कि यह कोरिडोर नोएडा सेक्टर-145 से 146 मेट्रो स्टेशन के बीच से गुजरेगा। जिसको लेकर कार्य शुरू हो गया है। इस कॉरिडोर से ग्रेटर नोएडा और नोएडा को भी बहुत ज्यादा फायदा होने वाला है।

नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की एमडी रितु महेश्वरी ने बताया कि मेट्रो लाइन के ऊपर फ्रेट कॉरिडोर की क्रासिंग का कार्य शुरू किया गया है। दीवारों का निर्माण डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) करेगी। गर्डर और डेक स्लैब का कार्य 2 क्रेनों से किया जाएगा। पूरी प्रक्रिया डीएफसीसीआईएल और एनएमआरसी की देखरेख में होगा। इससे एक्वा लाइन पर मेट्रो संचालन में कोई रुकावट नहीं होगी। यह कार्य रात में मेट्रो का परिचालन बंद होने के बाद होगा।

आपको बता दें कि वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर बनने के बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा स्थित औद्योगिक क्षेत्रों में बनने वाली वस्तुएं और कृषि उत्पाद बेहद कम समय में सीधे मुंबई पहुंच सकेंगे। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि ढुलाई का खर्च भी कम होगा।

# यूपीसीडा महानिदेशक को 3 साल कारावास की सजा

**नोएडा।** जमीन संबंधी एक मामले की सुनवाई के बाद जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) के महानिदेशक को तीन साल के कारावास की सजा सुनाई है और उन पर 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

हालांकि, उपभोक्ता आयोग ने यूपीसीडा के महानिदेशक को 15 दिन का समय दिया है। इस अवधि में आदेश का पालन नहीं करने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल राजेश कुमार यूपीसीडा के महानिदेशक हैं। उपभोक्ता आयोग के मुताबिक आदेश 23 मार्च से 15 दिन बाद लागू होगा।

इस बीच, यूपीसीडा आवंटी को भूखंड आवंटित किए जाने पर सजा का आदेश लागू नहीं होगा। यूपीसीडा को आदेश का पालन कर इसकी सूचना उपभोक्ता आयोग और संबंधित पुलिस थाना को देनी होगी। ऐसा नहीं करने पर आयोग की तरफ से संबंधित पुलिस थाना को गिरफ्तारी का वारंट जारी किया जाएगा।


# बहन की मौत के बाद साला बना जीजा के खून का प्यासा

## बेटे को लेने पहुंचा तो मार दी तीन गोलियां

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

ग्रेटर नोएडा में साले ने अपने जीजा पर जानलेवा हमला किया है। साले ने अपने जीजा पर 12 राउंड फायरिंग की, जिसमें 3 गोली जीजा को लग गई और वह घायल हो गया। इस मामले में पीड़ित की शिकायत के आधार पर 4 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। यह मुकदमा कासना थाने में दर्ज हुआ है। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित की हैं। जिनकी तलाश की जा रही है।

ग्रेटर नोएडा के डीसीपी अमित कुमार ने बताया कि सादुल्लापुर गांव में रहने वाले दीपक की बहन की शादी अतरौली गांव में रहने वाले नवीन से हुई थी। दीपक की बहन ने साल 2020 में आत्महत्या कर ली थी, जिसके बाद ही दीपक और उसके जीजा के बीच मनमुटाव हो गया था।



आरोपी युवक दीपक

बहन द्वारा आत्महत्या करने के बाद दीपक ने अपने जीजा नवीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था, जिसमें नवीन जेल चला गया था और अब जमानत पर बाहर आया हुआ है। जब से नवीन बाहर आया है तबसे दीपक और नवीन के बीच विवाद और भी ज्यादा बढ़ गया। पुलिस की जांच में पता चला है कि नवीन के तीन बच्चे हैं। जिसमें से 2 की कस्टडी नवीन के पास है। दीपक अपनी बहन के एक बेटे को अपने पास रख रहा है। जिसको लेकर नवीन और दीपक के बीच विवाद हुआ।

# हाउसिंग सोसाइटी में चला प्राधिकरण का हथौड़ा

## बिल्डर ने स्विमिंग पूल, कम्युनिटी हॉल और ग्रीन एरिया की जगह बना दी थी दुकानें और स्टूडियो अपार्टमेंट

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

नोएडा प्राधिकरण की टीम ने गार्डेनिया गेटवे हाउसिंग सोसाइटी पर कार्रवाई करते हुए 47 दुकानों और 20 स्टूडियो अपार्टमेंट को तोड़ दिया। यह कार्रवाई कोर्ट के आदेश के की गई है। दरअसल, गार्डेनिया गेटवे सोसायटी के बिल्डर ने स्विमिंग पूल, कम्युनिटी हॉल और ग्रीन एरिया के स्थान पर दुकानें और स्टूडियो अपार्टमेंट बना दिया था।

गार्डेनिया गेटवे हाउसिंग सोसायटी के सेक्रेटरी राकेश कुमारिया ने बताया कि जो स्थान स्विमिंग पूल, कम्युनिटी हॉल और ग्रीन एरिया के लिए बनाए गए थे। उस स्थान को बिल्डर ने दुकानें और अपार्टमेंट में बदल दिया। बिल्डर ने स्विमिंग पूल, कम्युनिटी हॉल और ग्रीन एरिया के स्थान पर 43 दुकानें व 20 स्टूडियो अपार्टमेंट बना दिए थे। जिसको लेकर उन्होंने प्राधिकरण से लेकर कोर्ट तक शिकायत देते हुए कार्रवाई की मांग की थी।

सेक्रेटरी ने बताया कि इस मामले में कोर्ट के आदेश पर नोएडा प्राधिकरण ने एक्शन लिया है। प्राधिकरण की टीम सोमवार को सोसाइटी में पहुंची और अवैध रूप से बने हुए 20 स्टूडियो अपार्टमेंट और 47 दुकानों को ध्वस्त कर दिया। जब नोएडा अथॉरिटी की टीम कार्रवाई करने पहुंची तो कुछ लोग मौके पर पहुंच गए और प्राधिकरण की कार्रवाई को गलत बताने लगे, लेकिन प्राधिकरण की टीम ने कोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया। मौके पर विरोध करने वाले लोगों को पुलिस बल के पीछे हटाया और कार्रवाई जारी रखी।



अवैध निर्माण को तोड़ते प्राधिकरण टीम के कर्मचारी

# मुठभेड़ में पुलिस ने बदमाश को मारी गोली

**गाजियाबाद।** बीती रात को नोएडा के थाना सेक्टर-58 पुलिस और अंतरराज्यीय बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हुआ है, जिसको उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पकड़े गए बदमाश के ऊपर दर्जनों मुकदमे हैं।

पुलिस ने बताया कि थाना सेक्टर-58 पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक वाइट बलेनो कार को चेकिंग के लिए रोका गया, लेकिन चालक ने कार को नहीं रोक और कार को भगा कर ले गया। जिसके बाद तेज रफ्तार से जा रही गाड़ी डिवाइडर में टकरा गई और नाले में गिर गई। जिसके बाद आरोपी ने खुद को फंसा देख भागने की कोशिश की और इसी बीच बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी।

# साइलेंस जोन में बजाया हॉर्न तो होगी कार्रवाई, लगेगा जुर्माना

**नोएडा।** नोएडा ट्रेफिक विभाग ने शहर में ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए नया अभियान शुरू किया है। ट्रैफिक पुलिस ने ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए 400 से ज्यादा साइलेंस जोन प्राथमिक सर्वे में चिन्हित किए हैं। विभाग की तरफ से इन सभी जोन के नजदीकी मार्गो पर प्राधिकरण को चेतावनी बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए हैं। साइलेंस जोन पर अगर कोई वाहन हॉर्न बजाते हुए पकड़ा गया तो उसे 10 हजार तक का जुर्माना देना होगा। डीसीपी ट्रैफिक गणेश प्रसाद साह ने बताया कि ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए अभियान की शुरुआत की गई है। इसमें नोएडा, ग्रेटर नोएडा समेत पूरे जिले को शामिल किया गया है। तीनों प्राधिकरण से जानकारी मांगी गई तो यह पता चला है कि अस्पताल, शैक्षणिक संस्था, कोर्ट, धार्मिक परिसर के आसपास 100 मीटर का दायरा साइलेंस जोन में आएगा।



डीएनडी बॉर्डर पर प्रदर्शन करते किसान।

# मुजफ्फरनगर के किसानों ने डीएनडी के पास डाला डेरा

## कहा-इंसाफ नहीं मिलने तक प्रदर्शन रहेगा जारी

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

भारतीय किसान यूनियन संगठन के किसान डीएनडी बॉर्डर पर धरना दे रहे हैं। दरअसल, मामला यह है कि मुजफ्फरनगर में दो पक्षों के बीच झगड़ा हो गया था। इस मामले में किसानों का कहना है कि पुलिस ने किसान को बेवजह फंसा दिया है और उसके खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। किसानों की मांग है कि बेवजह किसान को परेशान ना किया जाए और उसको छोड़ दिया जाए। मुजफ्फरनगर में होने वाले विवाद के बाद किसानों ने डीएनडी बॉर्डर पर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है।

दरअसल, सोमवार को मुजफ्फरनगर में एक रेस्टोरेंट्स में किसानों और रेस्टोरेंट कर्मचारियों के बीच विवाद हो गया था। यह विवाद खाने को लेकर हुआ था। विवाद के दौरान मारपीट हुई तो घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कुछ लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस ने जिन लोगों को हिरासत में लिया है, वह भारतीय किसान यूनियन संगठन से जुड़े हुए हैं। विवाद के दौरान मारपीट इतनी बढ़ गई कि काफी लोगों को गंभीर चोट भी आई है।

नोएडा डीएनडी बॉर्डर पर प्रदर्शन करने वाले किसानों को कहना है कि पुलिस गलत तरीके से किसानों को फंसा रही है। इसको कतई भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना के नेतृत्व में नोएडा डीएनडी बॉर्डर पर प्रदर्शन किया जा रहा है। किसानों का कहना है कि जब तक मुजफ्फरनगर पुलिस किसानों को नहीं छोड़ेगी, तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा।

# दंपति ने दिव्यांग को पीटा, गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

ग्रेटर नोएडा में दिव्यांग युवक के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है। पूरा मामला थाना देवरी क्षेत्र का है जहां एक दंपति ने अपने दिव्यांग रिश्तेदार को लाठी-डंडों के साथ पीट दिया। वीडियो में युवक और महिला दिव्यांग को लाठी से मारते हुए नजर आ रहे हैं और और उसकी स्कूटी तोड़ दी।

पीड़ित गजेंद्र की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एडिशनल डीसीपी विशाल पांडेय ने बताया कि पीड़ित और दोनों आरोपी आपस में रिश्तेदार हैं। दरअसल आरोपी जोगिंदर ने अपना स्कूल चलाने के लिए दिव्यांग गजेंद्र को दिया था लेकिन बीते 2 सालों से कोरोना के कारण स्कूल बंद रहा जिसको देखते हुए जोगिंदर ने स्कूल को किरदारों को दे दिया। जिसको लेकर इन दोनों के बीच झगड़ा हुआ और जोगिंदर और उसकी पत्नी ने दिव्यांग गजेंद्र के साथ मारपीट की। पीड़ित की शिकायत पर दंपति को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया है।


### भौतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, कार्यालय संख्या 201-बी, दूसरी मंजिल, रोड नंबर 1 प्लॉट नंबर- बी3, वाईफाई आईटी पार्क, वागले इंडस्ट्रियल एस्टेट, ठाणे, महाराष्ट्र- 400604

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ भौतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रुचिता पंकज केशन/ पंकज कुमार केशन LBBHP00004069377 | मकान नं.134, ग्राम बगली पटवारी हलका नं.25, खसरा नं.61, ग्राम बगली, तहसील हुजूर, जिला भोपाल 462041/ 25 मार्च 2022 | दिसंबर 31, 2019 ₹.37,20,823.00/- | भोपाल |
| 2. | रुचिता पंकज केशन/ पंकज कुमार केशन LBBHP00004069378 | मकान नंबर 133, ग्राम बगली पटवारी हलका नंबर 25, खसरा नंबर 61, ग्राम बागली, तहसील हुजूर, जिला। भोपाल 462041/ 25 मार्च 2022 | दिसंबर 31, 2019 ₹.44,00,999/- | भोपाल |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: मार्च 30, 2022
स्थान: गाज़ियाबाद

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

### सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बेबी झा/ संतोष झा/ LBDEL00002455966/ LBDEL00002548882 | फ्लैट नंबर 601, टी-8, छठा तल, अरावली होम्स, टावर 8, ग्राम कैका, सेक्टर-4, सोहना, जिला गुरूग्राम/24-03-2022 | 06-07-2021 रू. 15,59,483/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | ज्ञान चंद/ नितिन कपूर/ LBDEL00005058002 | दुकान नंबर एफए-03, प्रथम तल, 68 एवेन्यू-टावर-ए, ग्राम बादशाहपुर, सेक्टर-68, गुरूग्राम/ 24-03-2022 | 06-07-2021 रू. 10,72,159/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | मनीष ग्रोवर/ दीपमाला ग्रोवर/ LBDEL00004748897 | फ्लैट नंबर ई-108, आलयाज, प्रथम तल, टावर-ई, ग्राम धनकोट, सेक्टर-102, गुरूग्राम/ 24-03-2022 | 06-07-2021 रू. 9,77,155/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | आजाद शर्मा/ राम कंवर शर्मा/ रेणु बाला शर्मा/ LBDEL00001951946/ LBDEL00001952382 | फ्लैट नंबर सी-007, रेल विहार, सेक्टर-15 II, फेज-1, गुरूग्राम/ 24-03-2022 | 19-06-2021 रू. 17,04,082/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | विजय कुमार खत्री/सुमन राणा/ मैसर्स ए पी हॉस्पिटैलिटीज/ मैसर्स आर्यन कार रेंटल प्रा. लि./ मैसर्स आर्यन टूअर ऐंड ट्रैवल्स/ गीता गीता/ अनिल कुमार राणा/ LBDEL00001972787 | दुकान नंबर यूजी 003, अपर ग्राउंड फ्लोर, मालिबु शॉपिंग आर्केड, मालिबु टाउन, सोहना रोड, गुरूग्राम, ग्राम टीकरी, फतेहपुर एवं झारसा, तहसील एवं जिला गुरूग्राम, हरियाणा/ 24-03-2022 | 19-06-2021 रू. 34,46,399/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 6. | लाल मोहन यादव/ दुलारी देवी/ LBDEL00004331432 | प्लॉट नंबर 370, आवासीय कालोनी, सेक्टर-42, अर्बन एस्टेट, गुरूग्राम, हरियाणा/ 24-03-2022 | 30-08-2021 रू. 30,25,909/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 7. | अलखनंदा कुमारी/ कमलेश कुमार / LBDEL00001436150 | मकान नंबर 489, आवासीय कालोनी, सेक्टर-9, अर्बन एस्टेट, गुरूग्राम, हरियाणा/ 24-03-2022 | 05-10-2021 रू. 29,71,313.2/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 8. | साकिब खान/ श्वेता वर्मा/ LBFDB00002888181 | फ्लैट नंबर 1103, 11वां तल, टावर ए, गोदरेज समिट, सेक्टर-104, गुरूग्राम, हरियाणा/ 24-03-2022 | 16-8-2021 रू. 1,66,52,186/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 9. | श्री सालासर ओवरसीज/ संजय कुमार गुप्ता/ ज्ञान चंद अग्रवाल/ नारायण कालोनाइजर्स प्रा. लि./ नाउवीयू मल्टीमीडिया लि./ LBGUR00001329278 | एन-2/32, डीएलएफ सिटी फेज-II, गुरूग्राम, हरियाणा/ 24-03-2022 | 16-10-2021 रू. 76,15,156/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 10. | सुनील कुमार चौहान/ शशि चौहान/ LBGUR00002537952 | फ्लैट नंबर 93, ब्लॉक जी, भू तल, ओकस मेडले, सेक्टर-99, गुरूग्राम/ 24-03-2022 | 06-07-2021 रू. 23,42,636/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 11. | राकेश सिरोही/ प्रगति सिरोही/ LBDEL00002447085 | अपार्टमेंट नंबर 903, 9वां तल, टावर बी, रोफ एनालिसिस, ग्राम धनकोट, सेक्टर-102, गुरूग्राम/ 24-03-2022 | 06-07-2021 रू. 21,41,437/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 12. | सचिन देव बर्मन/मीता बर्मन/ LBGUR00001935429 | दुकान नंबर बी-66, सुशांत व्यापार केन्द्र, सुशांत लोक 1, गुरूग्राम/ 24-03-2022 | 06-07-2021 रू. 20,66,889/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: मार्च 30, 2022
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

**PUBLIC NOTICE**

I, Sunita Vermani (wife of Late Shri Mohinder Kumar Vermani) and Late Shri Mohinder Kumar Vermani both have jointly booked the below units in Supertech E-Square project Noida. Unfortunately, My Husband (Co-applicant in below mentioned properties) passed away on date 19/12/2020. Now I request Supertech limited to transfer the funds of these properties which are mentioned below into the new property booked by Mrs. Sunita Vermani.

| | | |
|---|---|---|
| Ms. Sunita Vermani & Mr. Mohinder Kumar Vermani | E-SQUARE | C029ES02163 |
| Ms. Sunita Vermani & Mr. Mohinder Kumar Vermani | E-SQUARE | C029ES02164 |
| Ms. Sunita Vermani & Mr. Mohinder Kumar Vermani | E-SQUARE | C029ES02165 |
| Ms. Sunita Vermani & Mr. Mohinder Kumar Vermani | E-SQUARE | C029ES02166 |
| Ms. Sunita Vermani & Mr. Mohinder Kumar Vermani | E-SQUARE | C029ES02168 |
| Ms. Sunita Vermani & Mr. Mohinder Kumar Vermani | E-SQUARE | C029ES02169 |
| Ms. Sunita Vermani & Mr. Mohinder Kumar Vermani | E-SQUARE | C029ES02170 |
| Ms. Sunita Vermani & Mr. Mohinder Kumar Vermani | E-SQUARE | C029ES02171 |
| Ms. Sunita Vermani & Mr. Mohinder Kumar Vermani | E-SQUARE | C029ES02172 |
| Ms. Sunita Vermani & Mr. Mohinder Kumar Vermani | E-SQUARE | C029ES02173 |
| Ms. Sunita Vermani & Mr. Mohinder Kumar Vermani | E-SQUARE | C029ES02174 |
| Ms. Sunita Vermani & Mr. Mohinder Kumar Vermani | E-SQUARE | C029ES02175 |
| Ms. Sunita Vermani & Mr. Mohinder Kumar Vermani | E-SQUARE | C029ES02216 |

If anybody has any objection , he/she can contact Supertech Head office.
Supertech E-square
Plot no. C-2, Sector-96 Noida within 15 days of this Notice.

Regards
**Sunita Vermani**
**Add: E-96, 2nd Floor GK-1, Delhi - 48**
**Mob:9873234842**

**'सार्वजनिक सूचना'**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती बीरवती देवी चौहान पत्नी श्री बी.एस. चौहान निवासी ग्राम छलैरा नोएडा जिला गौतमबुद्ध नगर ने सम्पत्ति दुकान नं. 3 डी-24-ए, सैक्टर-20, नोएडा जिला गौतमबुद्ध नगर उ.प्र. को मुख्तारनामा आम श्री राजीव कुमार गुप्ता पुत्र श्री राम स्वरूप गुप्ता निवासी जी-22, सैक्टर-20 नोएडा जिला गौतमबुद्ध नगर उ.प्र. को विक्रय किया था उक्त मुख्तारनामा आम बही नं. 4, सीडी जिल्द सं. 2/26 पेज सं. 124/397 से 402 पर क्रमांक 291 दिनांक 23.01.1993 को सब रजि. प्रथम नोएडा के यहां पंजीकृत है उक्त के विक्रय के बावत कोई इकरारनामा पंजीकृत नहीं किया गया है।

अत: इस नोटिस के द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति दुकान नं. 3-डी-24-ए सैक्टर-20, नोएडा जिला गौतमबुद्ध नगर उ.प्र. का हस्तांतरण श्रीमती पूनम गुप्ता पत्नी श्री राजीव कुमार गुप्ता निवासी जी22 सैक्टर-20 नोएडा जिला गौतमबुद्ध नगर उ.प्र. के पक्ष में किया जाना है अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो 15 दिन के अन्दर डी.जी.एम. नोएडा के (व्यवसायिक)विभाग में अपनी आपत्ति सबूत सहित पेश करें।

हस्ताक्षर राजीव गुप्ता

### सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मधु अरोड़ा/ जसवीन अरोड़ा/ अंकिता अरोड़ा/ वरुण अरोड़ा/ LBGUR00002062081 | विला नंबर-34, टूलिप आइवोरी, सेक्टर-70 गुड़गांव, हरियाणा/ मार्च 25,2022 | जून 23, 2021 ₹ 59,33,617/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | नवीन चंदोला/ योगिता चंदोला/ LBDEL00005151296 | यूनिट नंबर 214-ए, दूसरी मंजिल, ब्लॉक ए, यूनिटेक अर्काडिया, साउथ सिटी 2, सेक्टर 49 सोहना रोड गुड़गांव, हरियाणा/ 25 मार्च, 2022 | अगस्त 30, 2021 ₹ 33,09,662/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | परविंदर सिंह बतार/ नम्रता बतार/ दे रिगी टूर्स/ LBDEL00002386817 | यूनिट नंबर 203, पहली मंजिल, पारस ट्रेड सेंटर, सेक्टर -2 ग्वाल पहाड़ी, गुड़गांव, हरियाणा/ 25 मार्च, 2022 | जून 19, 2021 ₹ 27,25,118/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | बृजमोहन सिंह राणा/ सुमन राणा/ यशपाल सिंह राणा/ LBGUR00005144081 | फ्लैट नंबर ई- 13/2, 13वीं मंजिल, ब्लॉक-ई, पायलट्स कोर्ट, ग्रुप हाउसिंग स्कीम, इंडियन एयरलाइन सोसाइटी एसल टॉवर एमजी रोड, सेक्टर 28, प्लॉट नंबर एन-82 पहली मंजिल मेफील्ड गार्डन सेक्टर 50, गुड़गांव, हरियाणा/25 मार्च 2022 | जून 23, 2021 ₹ 2,69,86,613/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | सौरव कुमार/ अंजलि सेहरावत/ LBGUR00003334697 | फ्लैट नंबर-के-1706, टावर-के, 16वीं मंजिल, गोदरेज सम्मिट, सेक्टर-104, गुड़गांव हरियाणा/ 25 मार्च 2022 | अगस्त 16, 2021 ₹ 1,06,08,597/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 6. | बिपिन जोशी/ प्रदीप्ति मेहता/ LBGUR00002889353 | फ्लैट नंबर 504, टॉवर-डी, 5वीं मंजिल, सेक्टर-104, गोदरेज सम्मिट, गुड़गांव/ मार्च 25,2022 | अगस्त 16, 2021 ₹ 90,73,564/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 7. | प्रीति राजपूत/ अमित कुमार/ LBGUR00004882083 | फ्लैट नंबर- टी 5- 1207, मंजिल 12, सेक्टर -4, अरावली होम्स, टॉवर- 5, सोहना, हरियाणा, गुड़गांव/ 25 मार्च, 2022 | अगस्त 30, 2021 ₹ 11,02,407/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: मार्च 30, 2022
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# पेपरलेस होगी विधानसभा, विधायकों को दिए जाएंगे टेबलेट

## विधानसभा सत्र — पर्यावरण संरक्षण व सदन की कार्यवाही की दक्षता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विधानसभा ने पेपरलेस होने की दिशा में अपना पहला कदम बढ़ा दिया है। इसके तहत सभी विधायकों को आइपैड मिलने शुरू हो गए। अधिकतर विधायकों ने अपने आइपैड ले लिए हैं। विस के पेपरलेस होने से सालाना लाखों कागज की बचत होगी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण और सदन की कार्यवाही की दक्षता भी बढ़ेगी। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी।


दिल्ली विधानसभा अब पूरी तरह पेपरलेस होगी। सदन में रखे जाने वाले सभी दस्तावेज केवल अब ई-पेपर के रूप में ही पटल पर रखे जाएँगे। हर सत्र में लाखों पन्ने के दस्तावेज सदन में रखे जाते हैं जो अब केवल सॉफ्ट-कॉपी के रूप में ही रखे जाएँगे। मनीष सिसोदिया ने कहा कि विधानसभा को पेपरलेस बनाना विधानसभा को स्मार्ट बनाने के दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। सदन की कार्यवाही में रोजाना हजारों पेपर का इस्तेमाल होता है लेकिन इस प्रयास से सदन में न केवल पेपर की बचत होगी बल्कि सदन की कार्य क्षमता बढ़ने के साथ-साथ समय की भी बचत होगी। विधानसभा को डिजिटल बनाने की इस मुहिम के तहत सभी 70 विधायकों को सरकार की ओर से टेबलेट दिए जाएंगे और विधायक सदन से जुड़े सभी दस्तावेजों को इस टेबलेट पर प्राप्त कर सकेंगे।

**पेपरलैस करने के फायदे**

विधानसभा के पेपरलेस होने से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही हर साल लाखों पेपर की बचत होगी। ऑटोमेशन सॉफ्टवेयर के जरिय सवालों का हो सकेगा डिजिटल सबमिशन। सदन में पूछे गए सवाल की हो सकेगी ऑनलाइन ट्रैकिंग। विधायकों को बिलों से जुडी सभी जानकारियां ऑनलाइन मिलेगी।

सदन के काम की हो सकेगी ऑनलाइन मोनिटरिंग। विधायकों की दक्षता में होगा इजाफा, समय की होगी बचत, विधायकों के मौजूदगी को भी किया जाएगा ट्रैक।

आपात स्थिति में वर्चुअल लेजिस्लेटिव असेम्बली सॉफ्टवेयर का हो सकेगा इस्तेमाल सूत्रों के अनुसार पेपरलेस प्रक्रिया में पूरी दक्षता हासिल करने के लिए टेंडर जारी कर दिए हैं। इस कार्य में चार कंपनियों ने रुचि दिखाई है।



माना जा रहा है टेंडर की प्रक्रिया जल्द ही पूरी कर कंपनी का नाम फाइनल कर लिया जाएगा। योजना के तहत डिजिटल कार्य में दक्षता बढ़ जाने पर वेब-आधारित डिजिटल प्लेटफार्म तैयार किया जाएगा। विधानसभा सदन में प्रश्नों के जवाब आनलाइन तैयार मिलेंगे।

सदन की कार्यवाही आनलाइन होगी और दिल्ली वाले भी सवाल-जवाब भी आनलाइन सुन, देख और पढ़ सकेंगे। माना जा रहा है कि इस कोशिश से हर साल एक हजार किलो से अधिक कागज और प्रिंटिंग और पैकेजिंग पर खर्च होने वाले 50 लाख रुपये बच सकेंगे।

## भाजपा के दो विधायकों को मार्शल ने सदन से निकाला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विधानसभा में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों द्वारा कानून-व्यवस्था सहित अन्य मुद्दे उठाए जाने के दौरान कथित रूप से बाधा डालने पर विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने भाजपा के विधायक विजेंद्र गुप्ता और ओपी शर्मा को मंगलवार को सदन से दिनभर की कार्यवाही के लिए बाहर कर दिया। कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर सत्ता पक्ष के विधायकों द्वारा केन्द्र सरकार पर निशाना साधने को लेकर विपक्षी दल के दोनों विधायकों ने आपत्ति जताई थी। जंगपुरा से आम आदमी पार्टी के विधायक प्रवीण कुमार ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में एक किशोर को चाकू मारने की घटना का जिक्र किया और मांग की कि दिल्ली पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना को सदन में तलब किया जाए और कानून-व्यवस्था की स्थिति के बारे में उनसे जवाब मांगा जाए। इस पर विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने कहा कि उप राज्यपाल के आदेश का हवाला देते हुए विभिन्न विभागों ने सदन के सदस्यों द्वारा उठाए गए सवालों के जवाब देने से इनकार कर दिया है। उपराज्यपाल के आदेश ने विभागों का हौसला बढ़ाया है और जवाब नहीं दिए गए हैं। एलजी के पत्र का हवाला देते हुए आज पांच से छह सवालों के जवाब नहीं दिए गए। उस आदेश ने दिल्ली को बर्बाद कर दिया है।

उन्होंन विधायक विजेंदर गुप्ता और ओम प्रकाश शर्मा के विरोध करने और उनके साथ बहस करने पर, उन्हें सदन से बाहर निकालने का निर्देश दिया। गोयल ने यह भी आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार के आदेश के तहत, उप राज्यपाल के माध्यम से दिल्ली विधानसभा को अक्षम बनाया जा रहा है।

## दो साल में राजीव गांधी अस्पताल में 218 हृदय रोगियों की मौत

**नई दिल्ली।** राजीव गांधी अस्पताल के हृदय रोग विभाग में पिछले दो साल में कुल 218 मरीजों की मौत हुई है जिनमें से 101 ऐसे मरीज हैं जिन्हें स्टेंट लगाया गया था या एंजियोग्राफी की गई थी। स्वास्थ्य विभाग ने लिखित जवाब में बताया मौतों की जांच के लिए हाल ही में एक समिति गठित की गई है। मेडिकल रिकॉर्ड विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 2020 में 70 जबकि 2021 में 148 मरीजों की मौत हुई है। पिछले दो साल में हुई 218 मरीजों की मौत में से 101 ऐसे मरीज हैं जिन्हें स्टेंट लगाया गया था या उनकी एंजियोग्राफी हुई थी। आंकड़ों के अनुसार, सात मार्च 2022 तक अस्पताल के हृदय रोग विभाग में स्टेंट लगवाने वाले और एंजियोग्राफी कराने वाले 17 मरीजों की मौत हुई है। स्टेंट अस्पताल में नहीं खरीदे जा रहे हैं बल्कि जीपी पंत से संबंधित अनुबंध दर पर अदायगी के आधार पर उनका उपयोग किया जा रहा है।

## देश प्रेम व ईमानदारी आप की सफलता का राज : केजरीवाल



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने विधानसभा में रोजगार बजट पर आए प्रस्ताव पर मंगलवार को सदन को संबोधित करते हुए कहा कि उनके लिए देश सबसे ऊपर है। देश को बेहतर बनाने के लिए अपनी आखिरी सांस तक मेहनत करते रहेंगे। आम आदमी पार्टी की विचारधारा के तीन स्तम्भ हैं।

पहला कट्टर देशभक्त, दूसरा कट्टर ईमानदारी और तीसरा इंसानियत। इसीलिए वह रेडलाइट पर भीख मांगने वाले बच्चों के लिए 10 करोड़ रुपए में शानदार बोर्डिंग स्कूल बनाएंगे। सरकारी अस्पतालों में सारा इलाज मुफ्त कर दिया है। अब किसी बहन-बेटी को गरीबी की वजह से किसी का इलाज कराने के लिए अपने आपको बेचने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा में जो बजट प्रस्तुत किया गया है यह कोई मामूली दस्तावेज नहीं है। यह एक ऐतिहासिक बजट है।

## गंगाराम अस्पताल में ईडब्ल्यूएस के मरीजों का नहीं होता इलाज

- विधायक विशेष रवि ने विस में उठाया मुद्दा, स्वास्थ्य मंत्री ने उचित कार्रवाई का दिया भरोसा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सर गंगाराम अस्पताल में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का इलाज नहीं होने का मुद्दा विधानसभा में उठा। करोलबाग के विधायक विशेष रवि ने सदन में स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन से अनुरोध करते हुए कहा कि गंगाराम अस्पताल में ईडब्लूएस वर्ग के मरीजों के साथ किए जा रहे है दुर्व्यवहार पर तुरंत रोक लगाई जाए।

मंत्री ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए विस में आश्वासन दिया कि स्वास्थ्य विभाग इसका संज्ञान लेगा, ताकि इस प्रथा पर रोक लगाई जा सके। साथ ही यह भी कहा कि विधायक के उप समिति वाले प्रस्ताव पर विचार करके उसको अमल में लाने का प्रयास करेंगे।

विशेष रवि इस मुद्दे को निरंतर उठाते रहे हैं, क्योंकि गंगाराम हॉस्पिटल के ईडब्लूएस वर्ग के मरीजों के प्रति इस रवैये के कारण इस श्रेणी के मरीजों को उपयुक्त इलाज व दवाइयाँ नहीं मिल पाती है और आज भी यही स्थिति बरकरार है।

मरीजों का ठीक से इलाज नहीं करने की और उन्हें परेशान करने की अस्पताल की पुरानी आदत रही है। ईडब्लूएस श्रेणी के मरीजों के प्रति ऐसा व्यवहार किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं है। विधायक ने मरीजों का इलाज सुचारु रूप से करने के लिए प्रत्येक विस में उप समिति बनाई जाए, जो ईडब्लूएस वर्ग मॉनिटरिंग समिति का भाग हो।

## तिब्बिया कॉलेज में 100 बेड का अस्पताल शुरू

- कोविड के खिलाफ लड़ाई में मिलेगी मदद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली।



स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने आयुर्वेदिक और यूनानी तिब्बिया कॉलेज में 100 बिस्तरों वाले एक पोर्टेबल एकीकृत देखभाल केंद्र का उद्घाटन किया।

उन्होंने इस कार्यक्रम की तस्वीरें साझा की और कहा कि इस केंद्र की सहायता से संकट के समय में बिस्तरों की संख्या बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह पूर्णतया सभी प्रकार के उपकरणों से युक्त केंद्र है, जिसमें 18 आईसीयू और 82 ऑक्सीजन क्षमता से लैस बिस्तर हैं तथा 250 एलपीएम वाला ऑक्सीजन पीएसए प्लांट है। किसी संकट के समय में इस केंद्र से बिस्तरों की क्षमता बढ़ाने में सहायता मिलेगी।

स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि यह अस्पताल आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह अस्पताल कोविड -19 जैसी महामारी से लड़ने के लिए दिल्ली सरकार के दृढ़ संकल्प और प्रतिबद्धता का एक उदाहरण है। उन्होंने अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन और उन सभी लोगों को धन्यवाद दिया, जिन्होंने इस अस्पताल के निर्माण में अपना सहयोग दिया है।

स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन द्वारा उद्घाटन किए गए 100 बिस्तरों वाले पोर्टेबल इंटीग्रेटेड केयर सेंटर में 82 ऑक्सीजन बेड के साथ-साथ 18 आईसीयू बेड भी शामिल हैं। इसके साथ ही, इस सेंटर के पास 250 लीटर प्रति मिनट (एलपीएम) का अपना ऑक्सीजन पीएसए प्लांट भी है। सत्येंद्र जैन ने कहा, भविष्य में कोविड-19 जैसी महामारी से निपटने की तैयारियों को देखते हुए इस अस्पताल की स्थापना की गई है। यह 100 बिस्तरों वाला केंद्र शुरू में कोविड-19 रोगियों के लिए बिस्तर के रूप में काम करने के लिए बनाया गया था। अभी राजधानी में कोविड मामलों की संख्या कम है और इस समय नियंत्रण में है, लेकिन कोरोना के लहर की तैयारियों के मद्देनजर खुला रखने का फैसला लिया है।

## गाजीपुर लैंडफिल आग : दिल्ली पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने गाजीपुर डंपिंग यार्ड में लगी आग के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। मंगलार को भी आग को बुझाने का काम भी जारी है। घटना के 24 घंटे बाद भी कुछ-कुछ स्थानों पर आग लगी हुई है। इस घटना के बाद उठे धुएं के गुबार का असर आसपास के इलाकों में भी महसूस किया गया।

दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि दमकल की चार गाड़ियां मौके पर मौजदू हैं। दमकल विभाग के प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि अभी कुछ और घंटे लग सकते हैं। अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

पुलिस उपायुक्त (पूर्व) प्रियंका कश्यप ने कहा, भारतीय दंड संहिता की धारा 278 (स्वास्थ्य के लिए हानिकारक वातावरण बनाना), 285 (आग या ज्वलनशील पदार्थ के संबंध में लापरवाह आचरण) और 336 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालना) के तहत अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। दमकल विभाग द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, इस साल रविवार तक विभिन्न लैंडफिल साइट पर आग लगने की कुल चार घटनाएं हुई हैं।



### आग लगने के 24 घंटे बाद भी सांसद नहीं पहुंचे : आप

**नई दिल्ली।** गाजीपुर लैंडफील साईट पर आग लगने 24 घंटे बाद भी स्थानीय भाजपा सांसद गौतम गंभीर साइट का दौरा नहीं किया है, जबकि कूड़े के धुंए से आसपास के लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। यह आरोप पूर्वी निगम के नेता प्रतिपक्ष मनोज कुमार त्यागी ने एक प्रेसवार्ता के दौरान लगाया। नेता विपक्ष ने कहा कि गाजीपुर साईट पर कूड़े के निस्तारण हेतु 26 ट्रामेल मशीनें, 18 लोडर, 04 बुलडोजर, 13 एक्सकवेटर, 22 हाइवा व 22 ट्रक इस्तेमाल हो रहा है। साईट पर प्रति दिन 2000 टन कूड़े का निस्तारण किया जा रहा है, जबकि पूर्वी दिल्ली क्षेत्र से लगभग 2500 टन कूड़ा डाला जाता है।



## पेट्रोलियम मंत्रालय पर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की युवा इकाई के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ मंगलवार को यहां पेट्रोलियम मंत्रालय के निकट प्रदर्शन किया। भारतीय युवा कांग्रेस की कई महिला कार्यकर्ताओं ने सड़क पर चूल्हा रखकर रोटियां सेंकी और अपना विरोध दर्ज कराया। साथ ही सिलेंडर की अर्थी भी निकाली। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने विरोध प्रदर्शन की तस्वीरें साझा करते हुए ट्वीट किया, महिलाएं सड़कों पर हैं,स्मृति ईरानी कहां हैं।

## स्वास्थ्य मंत्री से पुरानी पेंशन लागू करवाने की अपील

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना में वर्ष 2004 के बाद भर्ती हुए कर्मचारियों को पुरानी पेंशन लागू करवाने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडवीया को पत्र लिखकर इस संदर्भ में मांग की गई।

अखिल भारतीय सीजीएचएस कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास जैन ने स्वास्थ्य मंत्री के लिखे पत्र में अनुरोध किया कि वह माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में न्यू पेंशन स्कीम के बदले में पुरानी पेंशन स्कीम लागू करवाएं।

पुरानी पेंशन स्कीम कर्मचारियों एवं परिवार के लिए ज्यादा हितकारी एवं कल्याणकारी है।

कर्मचारियों कि इसी मांग को संज्ञान में लेते हुए राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने अपने यहां लागू नई पेंशन स्कीम को बंद कर पुरानी पेंशन स्कीम लागू की गई। विकास जैन ने बताया कि संघ शीघ्र ही इस विषय पर राजधानी दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन करने जा रहा है जिसमें सीजीएचएस के 24 शहरों से कर्मचारी भाग लेंगे।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अनमोल सेठी, स्नेह लता सेठी, टावर/15 फ्लैट नंबर/703, दि क्लोज साउथ निर्वाणा कंट्री,गुरूग्राम खाता नंबर :- LBGUR00002443068 | दुकान नंबर/308, तृतीय तल, ब्लॉक सी, निर्वाणा कंट्री, साउथ सिटी II, सेक्टर-50, गुरूग्राम, हरियाणा - 122001 | 08-03-2022 रू.75,64,417.7/- | 06-12-2021 |
| 2. | अनमोल सेठी, स्नेह लता सेठी, टावर/15 फ्लैट नंबर/703, दि क्लोज साउथ निर्वाणा कंट्री,गुरूग्राम खाता नंबर :- LBGUR00005354063 | दुकान नंबर/308, तृतीय तल, ब्लॉक सी, निर्वाणा कंट्री, साउथ सिटी II, सेक्टर-50, गुरूग्राम, हरियाणा - 122001 | 08-03-2022 रू. 36,41,593.9/- | 06-12-2021 |
| 3. | अनमोल सेठी, स्नेह लता सेठी, टावर/15 फ्लैट नंबर/703, दि क्लोज साउथ निर्वाणा कंट्री,गुरूग्राम खाता नंबर :- LBGUR00002443069 | दुकान नंबर/308, तृतीय तल, ब्लॉक सी, निर्वाणा कंट्री, साउथ सिटी II, सेक्टर-50, गुरूग्राम, हरियाणा - 122001 | 08-03-2022 रू. 10,88,476.48/- | 06-12-2021 |
| 4. | विकास अग्रवाल, 0 मकान नंबर 192, दीपाली एन्क्लेव, पीतमपुरा, सरस्वती विहार, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00004425126 | यूनिट नंबर 17, भू तल, रिंग रोड मॉल, सेक्टर-3, रोहिणी, दिल्ली | 08-03-2022 रू.34,08,048/- | 06-12-2021 |
| 5. | विकास अग्रवाल, 0 मकान नंबर 192, दीपाली एन्क्लेव, पीतमपुरा, सरस्वती विहार, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00005351729 | यूनिट नंबर 17, भू तल, रिंग रोड मॉल, सेक्टर-3, रोहिणी, दिल्ली | 08-03-2022 रू.9,48,687/- | 06-12-2021 |
| 6. | मोह. इरशाद, 0 ए3/801 टावर 8, पूर्वांचल रॉयल पार्क, सेक्टर-137, नोएडा खाता नंबर :- LBNOD00004749432 | फ्लैट नंबर 2216, तल सं. 21, टावर/2, प्लॉट नंबर टीएस/02ए, पाकेट/पी 7, एटीएस एल्योर, सेक्टर/22डी यमुना एक्सप्रेसवे, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 08-03-2022 रू.29,40,325.45/- | 30-12-2021 |
| 7. | मोह. इरशाद, 0 ए3/801 टावर 8, पूर्वांचल रॉयल पार्क, सेक्टर-137, नोएडा खाता नंबर :- LBNOD00004839227 | फ्लैट नंबर 2216, तल सं. 21, टावर/2, प्लॉट नंबर टीएस/02ए, पाकेट/पी7, एटीएस एल्योर, सेक्टर/22डी यमुना एक्सप्रेसवे, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 08-03-2022 रू. 1,89,711/- | 30-12-2021 |
| 8. | आभा शर्मा, सतीश कुमार, शाइन सर्वर्स एलएलपी, भरत वशिष्ठ, 24/12, सेक्टर-1, पुष्प विहार, मालवीय नगर, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00004702478 | फ्लैट नंबर पी 2212, 21वां तल, टावर पी 2, प्लॉट नंबर एससी/01/ए/1, सेक्टर-150, "एटीएस प्रिस्टाइन", गौतमबुद्ध नगर, नोएडा-201301 | 08-03-2022 रू.70,33,957.45/- | 06-12-2021 |
| 9. | आभा शर्मा, सतीश कुमार, शाइन सर्वर्स एलएलपी, भरत वशिष्ठ, 24/12, सेक्टर-1, पुष्प विहार, मालवीय नगर, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00004712979 | फ्लैट नंबर पी 2212, 21वां तल, टावर पी 2, प्लॉट नंबर एससी/01/ए/1, सेक्टर-150, "एटीएस प्रिस्टाइन", गौतमबुद्ध नगर, नोएडा-201301 | 08-03-2022 रू. 3,55,819/- | 06-12-2021 |
| 10. | अंजना राघू, विकी राघू, सी 681, न्यू फ्रेन्ड्स कालोनी, नई दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00002301616 | अपार्टमेंट नंबर आरजीबी 032, तृतीय तल, टावर बी, ग्राम हयातपुर डीएलएफ "रीगल गार्डन्स", ग्राम हयातपुर, सेक्टर-90, गुरूग्राम-122002, हरियाणा | 08-03-2022 रू. 52,64,951/- | 06-12-2021 |
| 11. | सनी तनेजा, सुगंधा सेठी, 12 कनिष्क रेजीडेंसी, प्रथम तल, बैक साइड, सेक्टर-35, फरीदाबाद खाता नंबर :- LBNOD00002340176 | फ्लैट नंबर एएम/बी/1001, 10वां तल, टावर बी, अजनारा एम्ब्रोसिया टावर, प्लॉट नंबर जीएच/01, सेक्टर-118, नोएडा-201301 | 08-03-2022 रू. 47,46,841/- | 02-12-2021 |
| 12. | आलोक सिंह चौहान, कृष्णा चौहान, ई-251, सेक्टर-27, नोएडा, खाता नंबर :- LBDEL00004738288 | फ्लैट नंबर ए-1801, 18वां तल (छत का अधिकार नहीं) ब्लॉक ए, प्रोव्यू लाबोनी ग्रुप हाउसिंग प्लॉट नंबर 6, क्रॉसिंग्स रिपब्लिक टाउनशिप, डूंडाहेड़ा, गाजियाबाद-201001 | 08-03-2022 रू. 44,09,490/- | 06-12-2021 |
| 13. | अभय प्रताप सिंह, पायल राज, नंबर 702, बीएचए मिलेनियम्स टावर, सेक्टर-62, नोएडा खाता नंबर :- LBNOD00002419006 | फ्लैट नंबर 4031, तृतीय तल, टावर 4, एटीएस एल्योर, प्लॉट नंबर पी 7/टीएस/02 ए, सेक्टर-22डी, यमुना एक्सप्रेस वे इंडस्ट्रियल डवलपमेंट अथॉरिटी, जिला गौतमबुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा-201307 | 08-03-2022 रू. 34,95,565/- | 30-12-2021 |
| 14. | पुष्पा पांडे, विजय कांत पांडे, 30/263, एक्स्ट्रा त्रिलोक पुरी, दिल्ली खाता नंबर :- LBGUR00002072531 | डीडीए एलआईजी फ्लैट नंबर 393 जी, तृतीय तल, पाकेट-2, मयूर विहार फेज-1, दिल्ली | 14-02-2022 रू. 65,09,991/- | 11-05-2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 30 मार्च, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## स्कूल में गंदगी, भड़के शिक्षा मंत्री

- एस्टेट मैनेजर को दिए व्यवस्था सुधारने के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

जहांगीरपुरी स्थित सर्वोदय कन्या विद्यालय में गंदगी देखकर उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया भड़क गए। उन्होंने स्कूल में साफ-सफाई में ढिलाई बरतने पर एस्टेट मैनेजर को फटकार लगाते हुए कहा कि स्कूल का कोना-कोना साफ होना चाहिए और एस्टेट मैनेजर दिमाग से ये सोच निकाल दे की सरकारी स्कूल के बच्चे है तो गंदगी में पढ़ लेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर स्कूल में सफाई नहीं हुई तो संबंधित लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

सिसोदिया लगातार दूसरे दिन मंगलवार को आरएसकेवी डी-ब्लाक जहांगीरपुरी का औचक निरीक्षण करने पहुंचे थे। अपने दौरे के दौरान शिक्षा मंत्री ने स्कूल में चल रही विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों जैसे ईएमसी, हैप्पीनेस करिकुलम, देशभक्ति करिकुलम, रीडिंग कैंपेन आदि के प्रगति की जाँच की और बच्चों से उनकी पढ़ाई लिखाई को लेकर चर्चा भी की।

उपमुख्यमंत्री ने 11वीं कक्षा में छात्राओं से ईएमसी क्लासेज के फायदे के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि ईएमसी व बिजनेस ब्लास्टर्स ने उन्हें ये सोच दी है कि नौकरी के पीछे नहीं भागना है बल्कि नौकरी देने वाला बनना है। साथ ही ईएमसी ने जोखिम उठाते हुए कुछ नया करने-सीखने की प्रेरणा दी है।

## ई-विद्यालय वेब एप्लीकेशन से सभी जानकारियां एक जगह होगी उपलब्ध

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली नगर निगम के आयुक्त संजय गोयल ने निगम मुख्यालय में शिक्षा विभाग की ई-विद्यालय प्रबंधन वेब एप्लीकेशन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त (शिक्षा), सुनील भादू, निदेशक शिक्षा, जे.के. जैन व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। आयुक्त संजय गोयल ने बताया कि इस ई-विद्यालय प्रबंधन वेब एप्लीकेशन के माध्यम से विद्यालयों व छात्रों के संबंध में बनने वाली नीतियों के क्रियान्वयन में काफी आसानी होगी। पहले अलग-अलग परियोजनाओं के क्रियान्वयन समय-समय पर विभिन्न जानकारियों की आवश्यकता होती थी जैसे की छात्रों, कर्माचारियों, शिक्षकों का विवरण, स्वच्छता व विद्यालयों संबंधित विवरण आदि। पहले इन सभी जानकारियों को मुख्यालय स्तर पर प्राप्त करने में काफी समय लगता था। अब इस ई-विद्यालय प्रबंधन वेब एप्लीकेशन के माध्यम से सभी जानकारियां एक जगह उपलब्ध होंगी।

## पंजाबी बाग में बना हाल्ट इंटरचेंज स्टेशन, सफर हुआ आसान



ट्रेन को हरी झंड़ी दिखाते एमडी मंगू सिंह

- ग्रीन और पिंक लाइन जुड़ जाने से बेहतर होगी आवाजाही



पंजाबी बाग मेट्रो स्टेशन स्थित हाल्ट इंटरचेंज स्टेशन। फोटो: रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

ग्रीन लाइन और पिंक लाइन के बीच बेहतर कनेक्टिविटी के लिए दिल्ली मेट्रो ने पंजाबी बाग में हाल्ट इंटरचेंज स्टेशन को आम लोगों के लिए खोल दिया है। इस स्टेशन का उद्घाटन डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ मंगू सिंह ने किया है। इस हाल्ट स्टेशन के खुलने से ग्रीन लाइन ब्रिगेडियर होशियार सिंह से इंद्रलोक/कीर्ति नगर और पिंक लाइन मजलिस पार्क से शिव विहार तक की इंटरकनेक्टिविटी बेहतर हो जाएगी।

पंजाबी बाग में बने इस स्टेशन पर ऊपर और नीचे दोनों तरह की आवाजाही के लिए प्लेटफॉर्म स्टील में बनाए गए हैं जो पंजाबी बाग गोल चक्कर के ठीक ऊपर बनया गया है। ग्रीन लाइन के शिवाजी पार्क और पंजाबी बाग स्टेशनों के बीच प्लेटफार्म बन गए हैं।

यह पहली बार है जब डीएमआरसी ने ऐसा स्टेशन बनाया है जो दो लाइनों को जोड़ रहा है। इस स्टेशन पर चढ़ने एवं उतरने की सुविधा उपलब्ध होगी जिससे ग्रीन लाइन तथा पिंक लाइन के बीच यात्री ट्रेन इंटरचेंज सुविधा का उपयोग कर सकेंगे। प्लेटफॉर्म, फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) से जुड़े हैं जो प्लेटफॉर्म को पिंक लाइन के पंजाबी बाग वेस्ट मेट्रो स्टेशन से जोड़ता है। यह फुट ओवर ब्रिज 212 मीटर लंबा है। पिंक और ग्रीन लाइनों के बीच इंटर-कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए ऐसा किया गया है। अभी तक दोनों कॉरिडोरों के बीच कोई इंटर-कनेक्टिविटी नहीं थी।

यह सुविधा बहादुरगढ़ शहर और अन्य बाहरी दिल्ली के क्षेत्रों जैसे मुंडका, नांगलोई आदि से आने-जाने वाले यात्रियों के लिए बहुत फायदेमंद होगी। वे पिंक लाइन के 59 किलोमीटर लंबे मजलिस पार्क से शिव विहार कॉरिडोर के बीच विभिन्न स्थानों की यात्रा कर सकेंगे। नए प्लेटफॉर्म 155 मीटर लंबे हैं और दो अतिरिक्त बड़ी लिफ्टों (प्रत्येक प्लेटफॉर्म पर) द्वारा एफओबी से जुड़े हुए हैं। प्रत्येक लिफ्ट की क्षमता 26 यात्रियों को वहन करने की है और साथ ही सीढ़ियां भी उपलब्ध है।

# रेलवे सलाहकार समिति सदस्य डा. गोयल के प्रयास से एक और ट्रेन हुई संचालित

## दिल्ली बाड़मेर शुरू हुई ट्रेन का स्वागत कर हरी झंडी दिखा गुरुग्राम रेलवे स्टेशन से किया रवाना

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



दिल्ली-बाड़मेर एक्सप्रेस को झंडी दिखाते सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल।

**रेल** यात्रियों की सुविधा के लिए सदैव प्रयासरत रहने वाले रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल के प्रयासों से अब दिल्ली-बाड़मेर वाया गुरुग्राम ट्रेन का संचालन शुरू हो गया है। मंगलवार को डा. डीपी गोयल ने गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर पहुंची दिल्ली-बाड़मेर एक्सप्रेस ट्रेन का स्वागत किया।

इसके बाद ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मंगलवार को जैसे ही यह ट्रेन गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो वहां पहले से मौजूद आम और खास लोगों ने ट्रेन पर पुष्प वर्षा की। ट्रेन के ड्राइवर का फूल मालाओं से स्वागत किया। इसके बाद गुरुग्राम से यात्रियों को लेकर यह ट्रेन रेवाड़ी-बाड़मेर की तरफ रवाना हुई। यह ट्रेन दिल्ली से शाम 03:40 बजे चलेगी व शाम 04:28 बजे गुरुग्राम पहुंचेगी, जो अगले दिन सुबह 06:30 बजे बाड़मेर पहुंचेगी। बाड़मेर से रात को 09:40 बजे दिल्ली के लिए रवाना होगा, जो कि अगले दिन सुबह 11:28 बजे गुरुग्राम व 12:35 बजे दिल्ली पहुंचेगी। इस ट्रेन के संचालन के लिए डा. डीपी गोयल ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, रेल राज्य मंत्री दर्शना जरदोष व राज्य मंत्री दानवे राव साहेब दादा राव, केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का आभार व्यक्त किया है।

गुरुग्राम से ट्रेन की रवानगी के समय भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बाली पंडित, रजनीश राठी, ललित क्रांतिकारी, संजीव डबास, नित्यानंद, श्याम सुंदर शर्मा, किताब, उमाकांत, अमन हुड्डा, आकाश यादव, जय बक्शी, सतबीर यादव, रतिराम शर्मा, प्रमोद पाठक, सतपाल, बाबू लाल शर्मा, भरत, कमल वर्मा, केशव नारंग, अशोक शर्मा, ईशु वाल्मीकि, सुधीर कमल, विकास डबास समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। सभी ने डा. डीपी गोयल के प्रयासों की सराहना की। डा. गोयल ने कहा कि इस सुपर फास्ट एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन होने से हरियाणा और राजस्थान के बीच रेल मार्ग कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

# खुदाई के दौरान मिट्टी ढही एक मजदूर की मौत

## घायल मजदूर को निजी अस्पताल में कराया गया भर्ती

## बाद में मृत होने पर शव पोस्टमार्टम हाउस को भिजवाया



गुरुग्राम के सेक्टर-85 में एक बेसमेंट की ढही मिट्टी।

**गुरुग्राम।** खुदाई के दौरान मिट्टी ढहने से एक मजदूर दब गया। इस हादसे में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बार-बार हो रहे ऐसे हादसों के बाद भी प्रशासन, सरकार बिल्डर्स पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे। इससे श्रमिकों में रोष है।

मंगलवार सुबह करीब पौने 10 बजे की यह घटना है। सेक्टर-85 क्षेत्रमें एसएस समूह की खाली जमीन पर बेसमेंट खुदाई का कार्य चल रहा था। यहां छह मजदूर कार्य कर रहे थे। इस कार्य के दौरान साथ में निर्माणाधीन इमारत के पास से अचानक मिट्टी ढह गई। जिसमें एक मजदूर दब गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे दमकल कर्मी राजबीर, रशपाल, रमजान व नरेंद्र ने मिट्टी में दबे मजदूर को बाहर निकाला। उसे तुरंत सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक मजदूर की पहचान यूपी के बरेली निवासी गजेंद्र पाल (22) के रूप में हुई। खेड़कीदौला थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### राजकीय स्कूलों में जल्द होगी छापामारी, दोषियों पर होगी कार्रवाई

**सोहना।** खंड के राजकीय स्कूलों में जन्द ही सीएम बिजीलेंस टीम द्वारा छापामारी की जाएगी। ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी से लेकर शिक्षक और स्कूल प्रभारियों के खिलाफ तुरन्त कार्रवाई की जाएगी। खंड के राजकीय स्कूलों में तैनात कर्मचारी से लेकर शिक्षक और स्कूल प्रभारियों अपने कार्य में कोताही बरतने का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। राजकीय स्कूलों में ड्यूटी में लापरवाही बरतने से लेकर अपने कार्य में लापरवाही बरनते वाले कर्मचारी या शिक्षक पर कब कभी भी सीएम बिजीलेंस टीम की गाज गिर सकती है। जिसको लेकर सोहना एसडीएम ने सोमवार को शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ की गई समीक्षा बैठक में संकेत दे दिए है। खंड स्तर पर गठित सीएम बिजीलैंस टीम के मुखिया जितेन्द्र गर्ग ने साफ कह दिया है कि जल्द ही स्कूलों में छापामारी की जाएगी। छापामारी के दौरान कार्य में लापरवाही बरतने का दोषी पाए जाने वाले कर्मचारी से लेकर शिक्षक व स्कूल प्रभारी को माफ नहीं जाएगा। जिसकी शिकायत सीएम को सीधी की जाएगी।

### उज्बेकिस्तान में मेडिकल की पढ़ाई करेंगे गुरुग्राम विवि के छात्र



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय और फरगना मेडिकल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ फरगना उज्बेकिस्तान के बीच छात्रों/संकाय सदस्यों के आदान-प्रदान, शोधकर्ताओं का आदान-प्रदान, शिक्षा, संयुक्त अनुसंधान और संसाधन साझा करना, फरगना मेडिकल इंस्टीट्यूट में फार्मास्यूटिकल विज्ञान संकाय की शाखा स्थापना और गुरुग्राम विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य और मस्तिष्क अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता हुआ। एमओयू पर गुरुग्राम विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. दिनेश कुमार और फरगना मेडिकल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ, उज्बेकिस्तान की ओर से चांसलर प्रो. सिदिकोव अकमल अब्दिकाखारोविच ने हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत गुरुग्राम विवि के छात्र उज्बेकिस्तान के फरगना मेडिकल इंस्टीट्यूट में पढ़ सकेंगे और वहां के छात्र गुरुग्राम विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर सकेंगे। छात्रों का चयन और नामांकन गृह विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा शैक्षणिक योग्यता के आधार पर किया जाएगा। दोनों पक्ष यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि समान संख्या में छात्रों का आदान-प्रदान हो। यह समझौता स्नातक छात्रों के लिए खुला है। इस समझौते के तहत दोनों विश्वविद्यालयों की संयुक्त परियोजनाओं और गतिविधियों के माध्यम से संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से, स्टाफ विनिमय और शोधकर्ता विनिमय भी शामिल रहेगा। इस अवसर पर गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि यह हमारे लिए बड़े हर्ष का विषय है कि फरगना मेडिकल इंस्टीटूट ऑफ पब्लिक हेल्थ उज्बेकिस्तान का भारत में यह पहला एमओयू है, जो गुरुग्राम विवि के साथ हुआ है। इस अवसर पर डॉ. संजय सहरावत, प्रो. एमएस तुरान, डॉ. राकेश कुमार योगी, डॉ. धीरेंद्र कौशिक, डॉ. सुमन वशिष्ठ, डॉ. अन्नपूर्णा, डॉ. अमरजीत और डॉ. अशोक खन्ना, डॉ. शिवकांत उपस्थित रहे।

### आईटीआई में एसीस्टेंड इलेक्ट्रिशियन का कोर्स जल्द शुरू

**सोहना।** सोहना की राजकीय औद्योगिक संस्थान में एसीस्टेंड इलेक्ट्रिशियन का 6 माह के लिए अवधि प्रशिक्षण शुरू किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण को करने के लिए स्थानीय आईटीआई में 80 सीट उपलब्ध कराई गई हैं। सोहना आईटीआई के प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री कौशल विकास 3.0 योजना के तहत पंचकुला में स्थित निदेशालय कौशल विकास एवं औद्यौगिक प्रशिक्षण विभाग की तरफ से राज्य की 52 आईटीआई में कम समय वाले प्रशिक्षण शुरु किए जा रहे रहे। जिनकी समय सीमा 6 माह रखी गई है। सोहना आईटीआई में एसीस्टेंड इलेक्ट्रिशियन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसके लिए विभाग द्वारा 80 सीट निर्धारित की गई हैं। प्रशिक्षण प्राप्ति के लिए आवेदन आईटीआई में उपलब्ध कराए गए हैं।

# तीन माह से वेतन नहीं, हास्पीटल में सफाईकर्मियों ने प्रदर्शन किया



गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल में प्रदर्शन करते अस्थायी कर्मचारी।

**गुरुग्राम।** मंगलवार सुबह सेक्टर-10 सरकारी अस्पताल में मरीजों को उस समय परेशानी का सामना करना पड़ा, जब अस्पताल के अस्थायी सफाईकर्मी और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी काम छोड़कर हड़ताल पर चले गए। अपनी मांगों को लेकर उन्होंने काफी देर तक नारेबाजी भी। कर्मचारियों ने अस्पताल प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर जल्द ही वेतन दिलाने की मांग की है।

अस्पताल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को अस्पताल की व्यवस्था बनाने, साफ सफाई करने समेत अन्य कार्यों के लिए ठेकेदार के माध्यम से लगाया हुआ है। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें पिछले तीन महीने से वेतन नहीं दिया जा रहा है। वह जब भी ठेकेदार से वेतन मांगते हैं तो वह उन्हें फंड न होने की बात कहकर टाल देता है। मंगलवार को कर्मचारियों के सब्र का बांध टूट गया और वे काम छोड़कर हड़ताल पर चले गए। इस दौरान सभी कार्य ठप हो गए। इससे न केवल अस्पताल में सफाई व्यवस्था चरमरा गई, बल्कि चिकित्सकों के कमरों में ही मरीजों की भीड़ लगने लगी। इससे डॉक्टरों को मरीजों का इलाज करने में भी दिक्कत आई।

# यूपी के विधायक सर्वेश यादव का सोहना में हुआ स्वागत

## विधायक सर्वेश यादव ने कहा, ऐसा स्वागत ताउम्र स्मरण रहेगा

## विधायक सर्वेश को सोहना से भव्य जुलूस निकालकर ले जाया गया

पायनियर समाचार सेवा। सोहना/गुरुग्राम



सोहना के गांव बालूदा में विधायक सर्वेश यादव का स्वागत करते ग्रामीण।

**उत्तर** प्रदेश की सिरसागंज विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी की टिकट पर विधायक चुने गए सर्वेश यादव का यहां सोहना खंड में भव्य स्वागत किया गया। सोहना से गांव बालूदा तक भव्य जुलूस निकालकर उन्हें ले जाया गया। वहां पर आयोजित समारोह में ग्रामीणों ने उन्हें फूलों और नोटों की मालाओं से लाद दिया।

विधायक सर्वेश यादव बालूदा गांव निवासी रिटायर्ड तहसीलदार कमल यादव के समधि हैं। कमल यादव की बेटी का विधायक सर्वेश यादव के बेटे के साथ विवाह हुआ है। अपने समधि के विधायक चुने जाने के बाद से ही यहां परिवार और गांव में खुशी का माहौल था। कई दिनों से उनके स्वागत की तैयारी चल रही थी। अपने अनेक समर्थकों के साथ सिरसागंज से विधायक सर्वेश यादव जब सोहना क्षेत्र में पहुंचे तो उनके स्वागत में सेंकड़ों लोगों का हुजूम जमा था। बाइक, ट्रैक्टर, गाड़ियों के काफिले से उनकी अगुवाई की गई। एक खुले वाहनों में उन्हें बिठाया गया। पहले तो फूलों की मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद उन्हें सोहना से गांव बालूदा तक ले जाया गया। इस दौरान पूरे रास्ते लोगों ने मालाएं पहनाकर, पुष्पवर्षा करके उनका स्वागत किया। अपने स्वागत से विधायक सर्वेश यादव गदगद नजर आए। वे भी हाथ जोड़कर, हाथ उठाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। गांव बालूदा में उनके सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया था। वहां मंच पर ग्रामीणों ने उन्हें नोटों की मालाओं से लाद दिया। उनका ऐसा स्वागत हुआ, जो उन्हें ताउम्र स्मरण रहेगा। इस अवसर पर विधायक सर्वेश यादव ने कहा कि वे इस स्वागत से पूरे क्षेत्रवासियों के आभारी हैं। बहुत बड़ा सम्मान उन्हें दिया गया है।

### गुरुग्राम से ये भी पहुंचे

**रिटायर्ड** अतिरिक्त डीजीपी सुभाष यादव, जेडी यादव चेयरमैन, भावी चेयरमैन उम्मीदवार नगर परिषद सोहना ऊषा शरण बागड़ी, अंतरराष्ट्रीय पहलवान सतबीर खटाना किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष, पप्पू पठान इनेलो नेता, चंद्रसेठ डेयरी वाले, गुलशन सेठ सोहना, बालूराम सैनी पार्षद सोहना, रघुबीर फोगाट अध्यक्ष फोगाट खाप चरखी दादरी, पंडित रघुबीर खरोदा, महेंद्र नंबरदार लाखूवास, रामचंद्र मानूवास, मुबीन खान नुनेरा, जफर एडवोकेट नूंह, रोहतास चेयरमैन मोहम्मद अहीर, दीपचंद सेठ तावड़ू, आशीष चंदेनी, रघुबीर हरिनगर समेत बालूदा के समस्त ग्रामवासियों ने भव्य स्वागत किया।

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दूसरे दिन सफाई व्यवस्था हुई चौपट

## तीन दिन से सफाई न होने से रास्ते, सड़क व चौक-चौराहों पर कूड़े के ढ़ेर लगे

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



**दूसरे** दिन भी दर्जनभर यूनियनों के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होकर कामकाज को ठप रखा। शहर में पिछले तीन दिन से सफाई न होने से आम रास्ते, सड़क व चौक-चौराहों पर कूड़े के ढ़ेर लगे रहे।

दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल का दूसरे दिन भी असर रहा। सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर दर्जनभर यूनियनों में शामिल कार्यकर्ताओं से लेकर पदाधिकारी हड़ताल पर रहे। हड़ताल का सबसे ज्यादा असर शहर में सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई। शहर में पिछले तीन दिन से सफाई नहीं हो पा रही है। रविवार को अवकाश होने के बाद सोमवार और मंगलवार को परिषद के स्थाई व अस्थाई सफाई कर्मियों ने हड़ताल में शामिल होते हुए सफाई नहीं की। ऐसे में नगर परिषद ने अपने स्तर पर अतिरिक्त मैन पावर की मदद से कुछ ऐसे स्थानों से कूड़ा उठाने का कार्य किया। जहां से आम लोगों को अधिक आना जाना लगता रहता है।

### बिजली कर्मी भी रहे हड़ताल

**दूसरे** दिन भी बिजली कर्मी सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर हड़ताल रहे। ऐसे में कार्य को बंद करते हुए अपनी मांगों के लिए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। नगर परिषद के सफाई कर्मियों ने शहर में रैली निकालते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

### सरकारी भवनों में दिखा हड़ताल का असर

**अलग-अलग** यूनियनों ने अपने ब्लॉक स्तर पर बनाए हुए कार्यालयों के बाहर दरियां बिछाकर हड़ताल पर रहे। बिजली कर्मियों ने प्लास-पेचकस को टांग दिया। जनस्वास्थ्य विभाग कर्मचारियों ने गर्मी का मौसम को देखते हुए आम नागरिकों को पीने के पानी की सप्लाई समय पर दी, लेकिन अन्य रोजाना होने वाले कार्यों को हाथ नहीं लगाया।

# सोहना में बंदर आम नागरिकों पर कर रहे हैं जानलेवा हमले

**सोहना।** सोहना में उत्पादी बंदरों का आतंक दिन प्रति दिन बढ़ता जा रहा है। बंदर सार्वजनिक स्थानों पर भी आम नागरिकों पर हमला करके काट रहे है। शहर में बंदरों का आतंक ने आम नागरिकों को अपने घरों में कैद रहने लिए मजबूर कर दिया है। शहरवासी अब सार्वजनिक स्थानों पर भी नागरिकों पर हमलें कर रहे है। गर्मी बढ़ने के साथ ही बंदर शहर में बनें पार्कों के पेड़ों पर छूपकर बैठे रहते है। इसके अलावा नागरिक अस्पताल, अनाज मंडी-सब्जी मंडी तथा खेत खलियानों में उत्पाती बंदरों का पूरा आंतक छाया हुआ है। शहरवासी अब पार्कों में भी घूमने से डर रहे है। सोमवार को 6/7 नागरिकों पर उत्पाती बंदरों ने हमला बोलते हुए काट खाया।

### सब्जियों को भारी नुकसान

**शहर** के आबादी क्षेत्र के साथ लगते खेतों में बंदर सब्जियों को बरबाद कर रहे है। बंदर सब्जियों की पौध व पौधों के साथ-साथ फलों को भी नुकसान पहुंचा रहे है। यदि किसान बंदरों को खेतों से भगाने की कोशिश करता है। उसके पीछा करके काट खाते है। किसान सतप्रकाश ने बताया कि उत्पाती बंदरों के आतंक से सब्जी वाली फसलों को भारी नुकसान हो रहा है।



### बंदरों को पकड़वाने की मांग

**शहरवासी** अब नगर परिषद प्रशासन से शहर में उत्पाती बंदरों को पकड़वाने के लिए अभियान चलाने की मांग कर रहे है। रोहताश सैनी का कहना है कि बंदर घरों के अंदर रसोई तक पहुंच रहे है। जिससे महिलाओं को रसोई में कार्य करने से डर रही है। उन्होने बताया कि बंदरों को नगर परिषद प्रशासन पकड़वाकर अज्ञात स्थान पर छोड़ने का कार्य करे।

# क्या आपने साथी के खर्राटों से रात भर परेशान रहते हैं ?

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**आपका** साथी हर समय थका हुआ जाग सकता है क्योंकि वह पूर्ण विश्राम प्राप्त नहीं कर पा रहा है (शायद इसका का कारण उसे चुप कराने के लिए बार बार कोहनी का आघात करना भी हो कता है)। डॉ. ब्रिजेश प्रजापति, एमबीबीएस, एमडी, डीएनबी, डीएम (पल्मोनरी और क्रिटिकल केयर मेडिसिन), वरिष्ठ सलाहकार यशोदा अस्पताल, गाजियाबाद, नोएडा सेंटर ऑफ पल्मोनोलॉजी एंड एलर्जी के निर्देशक ने बताया यदि आपका साथी इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लेता है या समाधान खोजने का प्रयास नहीं करता है तो ऐसे में दोनों पक्षों में आक्रोश उत्पन्न हो सकता है।

आपको अपने साथी के प्रकरण में दीर्घावधि से जारी निद्रा प्रवृत्ति, स्थिति या क्रम के संदर्भ में गम्भीरता से विचार करना होगा। इस स्थिति में उसका एक विशेषज्ञ से परीक्षण कराएं। जिससे अपूर्ण निद्रा का समुचित अध्ययन हो तथा खर्राटों की गम्भीरता ज्ञात हो सके। इसके समस्या की वृद्धि का एक अन्य कारण ये भी है कि अधिकांश लोग निद्रा सबंधी विशेषज्ञों की तुलना में पहले समस्या में वैवाहिक परामर्शदाता अथवा फिजियन से संपर्क करना बेहतर समझते हैं जबकि इसका निदान सर्वप्रथम घर से प्रारम्भ करना सर्वोत्तम है।

खर्राटों के पीछे का विज्ञान स्लीप एपनिया के तहत प्रमुख रूप से कैस्केड की समस्या है। स्लीप एपनिया तब होता है जब आपका गला बंद हो जाता है और सांस रुक जाती है और रात भर बार-बार शुरू होती है। यह संभावित रूप से गंभीर नींद और स्वास्थ्य की स्थिति है, हालांकि हल्के से लेकर यह खतरनाक सीमा तक होती है। प्राथमिक खर्राटे बिना किसी एपनिया, या सांस की समाप्ति के क्लासिक लाउड अपर एयरवे ब्रीदिंग साउंड हैं। पहले स्लीप एपनिया के लक्षण देखें। इसका उन्मूलन करने या निदान प्राप्त करने का प्रयास करें, क्योंकि जब आप जानते हैं कि आप किसके साथ काम कर रहे हैं, तो आगे बढ़ना आसान होगा। **निम्नलिखित प्रश्न आपकी मदद कर सकते हैं :** क्या आपके साथी को आमतौर पर पूर्ण निद्रा आती है? क्या सुबह सबसे ज्यादा थकान महसूस होती है? दिन में अत्यधिक तंद्रा और चिड़चिड़ापन का अनुभव होता है? अज्ञात कारणों से रात में बार-बार जागना (शोर के कारण या बाथरूम जाने की आवश्यकता के कारण नहीं)? एक बार में 5-10 सेकंड या उससे अधिक समय तक सांस लेना बंद करें? कितनी आवृत्ति ? निद्रा अवधि में श्वसन हेतु हांफना? श्वसन के लिए हांफते हुए खुद को जगाना?

# फ्लोबिज ने माय बिलबुक पर स्मार्ट कलेक्ट के लॉन्च के साथ एसएमबी के लिए बैंकिंग सेवाओं में प्रवेश किया

## स्मार्ट कलेक्ट के लॉन्च के साथ, मायबिलबुक अब भुगतान यूपीआई और बैंक ट्रांसफर ट्रांसक्शन्स से लेगा

## ये भुगतान को सपोर्ट करेगा और पेंडिंग इन्वॉइसेस को खुद ही रिकंसाइल कर देगा

पायनियर समाचार सेवा। बेंगलुरू



flobiz

**निओबैंक** फ्लोबिज ने मंगलवार को अपने फ्लैगशिप जीएसटी इन्वॉइसिंग और एकाउंटिंग प्रोडक्ट, मायबिलबुक पर स्मार्ट बैंकिंग मॉड्यूल का पार्ट स्मार्ट कलेक्ट लॉन्च करते हुए एसएमबी के लिए बैंकिंग सेवाओं में अपनी शुरुआत की घोषणा की। स्मार्ट कलेक्ट के साथ, बिजनेस अब अपने ग्राहकों से यूपीआई और बैंक ट्रांसफर्स के माध्यम से तुरंत भुगतान प्राप्त कर सकते हैं और पेंडिंग इन्वॉइसेस के अगेंस्ट में ऑटोमेटिकली रिकंसाइल कर सकते हैं। यह नियोबैंक के लिए फाइनेंसियल सर्विसेज के रोडमैप की शुरुआत का प्रतीक है। जो देश भर में लाखों एसएमबी को सेवाएं प्रदान करता है।

स्मार्ट कलेक्ट सुविधा को मोबाइल और डेस्कटॉप दोनों पर मौजूदा मायबिलबुक यूजर्स के एक विशेष सेट के लिए पहले ही शुरू कर दिया गया है। फ्लोबिज आने वाले कुछ हफ्तों में एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया को पूरा करने वाले यूजर्स तक रोलआउट को ले जाएगी। स्मार्ट कलेक्ट में आधुनिक डिजाइन है, जिसे शुरू करना और उपयोग करना आसान है। मौजूदा कैपेबिलिटीज के अलावा, मायबिलबुक ने ऑर्गेनाइज़्ड रिटेल और फ्रैंचाइजी बिज़नेस के लिए पिछले साल दिसंबर में अपना पॉइंट-ऑफ-सेल (पीओएस) इन्वॉइसिंग इंटरफ़ेस भी लॉन्च किया था, जिससे स्मार्ट कलेक्ट को मायबिलबुक पर नॉन-रिटेल और रिटेल एसएमबी दोनों के लिए एक पॉवरफुल पेमेंट सलूशन बना दिया। फ्लोबिज के को-फाउंडर और सीईओ राहुल राज ने कहा, जनवरी 2022 में, मायबिलबुक पर 1 मिलियन से अधिक एक्टिव एसएमबी द्वारा रिकॉर्ड किया गया टोटल मंथली ट्रेड 1.5 बिलियन था और यह लगातार बढ़ रहा है। हम स्मार्ट कलेक्ट के लॉन्च को लेकर बेहद उत्साहित हैं, जो कि नियोबैंकिंग रोडमैप की दिशा में हमारा पहला कदम है। व्यापक स्मार्ट बैंकिंग मॉड्यूल, एसएमबी को ग्राहकों से भुगतान लेने व वेंडर्स, सप्लायर्स और दिन-प्रतिदिन के बिज़नेस एक्सपेंसेस करने में मदद करेगा। यह सीधे माईबिलबुक पर करंट अकाउंट मैनेजमेंट को भी लाएगा।

# टैक्स बार एसो. के प्रधान बने राजकुमार, हुआ स्वागत



गुरुग्राम जिला टैक्स बार एसोसिएशन के प्रधान बने राजकुमार कथूरिया का स्वागत करते पंजाबी बिरादरी महासंगठन के पदाधिकारी।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम जिला टैक्स बार एसोसिएशन के प्रधान बने राजकुमार कथूरिया का मंगलवार को पंजाबी बिरादरी महा संगठन की ओर से भव्य स्वागत किया गया। संस्था के प्रधान बोधराज सीकरी समेत कई पदाधिकारियों ने उनका स्वागत करते हुए उनके काम की सराहना की।

राजकुमार कथूरिया के सम्मान में डेरावाल भवन में अंगवस्त्र, पगड़ी पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। राजकुमार कथूरिया ने कहा कि वे अपने कार्यक्षेत्र के साथ-साथ समाज को भी अपने बेहतर सेवाएं देंगे। जो मान-सम्मान दिया है, उसके वे सदैव आभारी रहेंगे। उनकी इस जीत में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पंजाबी बिरादरी महा संगठन के मुख्य संरक्षक राजेश सूटा का विशेष योगदान रहा है। कार्यक्रम में प्रधान बोधराज सीकरी, रामलाल ग्रोवर, गजेंद्र गोसाई, किशोरी लाल डुडेजा, धर्मेंद्र बजाज, रमेश कामरा, बिपिन कुकरेजा, रमेश चुटानी, सुभाष डूडेजा, भीमसेन कामरा, नरेंद्र कथूरिया, दीपक, बलदेव गुगलानी, अर्जुन देव नासा, हरीश कुमार, ओमप्रकाश कालरा, विकास उपस्थित रहे।

# फोनपे ने की गिगइंडिया के अधिग्रहण की घोषणा

## इस अधिग्रहण से पूरे भारत में फ्रीलांस सूक्ष्म उद्यमियों के लिए लाखों अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी

## इसके साथ, क्कद्दश्चठ्ठद्यक्क कॉर्पोरेट और उद्यम भागीदारों को अधिक सेवाएं प्रदान करके उपयोगी योजनाओं की पेशकश करेगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** के जानेमाने डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म फोनपे ने आज घोषणा की कि इसने फ्रीलांस सूक्ष्म उद्यमियों के लिए देश के अग्रणी नेटवर्क गिगइंडिया का अधिग्रहण कर लिया है। अधिग्रहण के एक हिस्से के रूप में, गिगइंडिया जिसमें 1.5 मिलियन उद्यमी हैं, और ग्राहकों के रूप में 100 से अधिक उद्यम, PhonePe के साथ जुड़ जाएंगे।

PhonePe कॉरपोरेट्स और उद्यमों को अधिक ग्राहक प्राप्त करने और उनके वितरण चैनलों को बढ़ाने में मदद करने के लिए PhonePe के फ्रीलांस सूक्ष्म-उद्यमियों के नेटवर्क का लाभ उठाएगा। यह अधिग्रहण PhonePe की पेशकशों और अपने उद्यम भागीदारों के लिए मूल्य प्रस्ताव को भी मजबूत करेगा और इसके परिणामस्वरूप भारत में व्यक्तिगत फ्रीलांस सूक्ष्म-उद्यमियों के लिए लाखों अवसरों का निर्माण होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत का फ्रीलांस कम्युनिटी 2025 तक 20 से 30 बिलियन डॉलर तक बढ़ने का अनुमान है। फोनपे ऑफलाइन बिजनेस के प्रमुख विवेक लोहचेब ने अधिग्रहण पर बात करते हुए कहा, हम फोनपे में गिगइंडिया की टीम का स्वागत करते हैं और अपने उद्यम भागीदारों को मूल्य वर्धित सेवाओं की पेशकश करने जिससे उन्हें अपने व्यवसायों को बढ़ाने, विस्तार करने और विकसित करने में मदद मिलती है और इसके लिए उनकी डोमेन विशेषज्ञता का लाभ उठाने को लेकर हम उत्साहित हैं। गिगइंडिया ने पहले ही उच्च गुणवत्ता वाले कुशल फ्रीलांस सूक्ष्म उद्यमियों के अपने पूल के साथ कई व्यवसायों की सेवा की है। हम उनके साथ मिलकर काम करने की उम्मीद कर रहे हैं। गिगइंडिया के सीईओ साहिल शर्मा ने कहा, फोनपे डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में अग्रणी है, और हमें उनके साथ जुड़कर काफी खुशी हो रही है।

गिगइंडिया पूरे भारत में तेजी से बढ़ते उद्यमों के लिए एक विश्वसनीय भागीदार रहा है और फोनपे में हमें एक समान विचारधारा वाला भागीदार मिला है, जो हमारे दृष्टिकोण का समर्थन करता है। गिगइंडिया के सीओओ आदित्य शिरोले ने कहा, गिगइंडिया आसानी से उपलब्ध अवसरों के साथ फ्रीलांस सूक्ष्म उद्यमियों को सशक्त बनाने के इरादे से व्यवसायों के सहयोग करने के तरीके को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 30 मार्च, 2022



# दोस्त के साथ झपटमारी करने वाले दो गिरफ्तार




**फरीदाबाद।** डीसीपी बल्लभगढ़ जयवीर राठी के द्वारा अपराधियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए थाना छायसां पुलिस टीम ने दो आरोपियों स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने के मामले में गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया की कहानी जवां गांव के रहने वाले तीन दोस्तों की है। वाकया 5 मार्च शाम करीब 7/8 बजे का है। शिकायतकर्ता वेद व आरोपी पवन और राजू मूल रूप से बल्लभगढ़ के गांव जवा के रहने वाले हैं। दोनों आरोपियों पवन व राजू ने 5 मार्च शाम को करीब 7-8 बजे शराब पीकर शिकायतकर्ता वेद की सोने की चैन और एक लाख रुपये छीनने की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों के खिलाफ थाना छायसां में 9 मार्च को सूचना प्राप्त हुई। थाना पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर गांव जवा से गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों को अदालत में पेश कर मामले की पूर्ण जानकारी के लिए तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया।

# बीके अस्पताल : 41 डिग्री तापमान में बेहाल हो रहे मरीज

कविता। फरीदाबाद

**जहां** एक तरफ देशभर में सभी विभागों के कर्मचारी दो दिवसीय हड़ताल में शामिल हैं। वहीं दूसरी तरफ इस हड़ताल के कारण सिविल अस्पताल में आने वाले मरीजों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। पिछले दो दिनों से कर्मचारियों के न होने से अस्पताल प्रबंधन तो अपनी तरफ से व्यवस्था कायम करने के लिए भरपूर प्रयास कर रहा था। लेकिन इन सब प्रयासों के बीच गर्मी के प्रकोप ने मरीजों को बेहाल करके रख दिया है।

अस्पताल में जहां पंजीकरण और दवा काउंटरों पर स्टाफ तक की ड्यूटी लगी हुई थी। वहीं दूसरी तरफ कर्मचारियों की हड़ताल से यहां मरीजों को एक दूसरे से झगड़ते देखा गया। साथ ही अस्पताल की ओपीडी और अन्य स्थानों में लगे पंखे और एसी बंद होने से 41 डिग्री तापमान में मरीज बेहाल होते नजर आए।



कड़ाके की धूप में बंद पंखों के नीचे दवा काउंटर पर लम्बी लाइनों में खड़े मरीज

**बंद मिले पंखे :** शहर के बादशाह खान सिविल अस्पताल में सोमवार और मंगलवार को हजारों की संख्या में मरीज इलाज करवाने को पहुंचे। देशभर में कर्मचारियों के द्वारा की जा रही हड़ताल के कारण जहां नगर निगम मुख्यालय पर ताला जड़ा है, वहीं बैंक और डाकघर समेत बसों का चक्का जाम कर दिया गया है। इस हड़ताल का असर सिविल अस्पताल में साफ देखने को मिला। हड़ताल के कारण अस्ताल में शौचालय गंदे थे, वहीं दूसरी तरफ गर्मी में 40 से 41 डिग्री के बीच ओपीड़ी समेत वार्डों में बंद पंखों के कारण मरीज परेशान हो गए।

**खराब है स्विच :** बताया जा रहा है कि अस्पताल की ओपीड़ी में लगे पंखों के स्विच खराब हैं। यहां लगे पंखों को केवल कर्मचारी ही चालू करते हैं, आम पब्लिक से यहां लगे खराब स्विच से पंखे चालू नहीं होते है। ऐसे में पिछले दो दिनों से सिविल अस्पताल की ओपीड़ी, दवा काउंटर, पंजीकरण काउंटर, लिफ्ट के सामने और ओपीड़ी के एंट्री गेट से लेकर वार्डों के कक्षों में लगे दर्जनों पंखे बंद थे। वहीं यहां लगे एसी भी शोपीस बने हुए थे। जिससे लोगों को गर्मी में परेशान होना पड़ा। गर्मी के कारण यहां घुटन और उमस भरा महौल मरीजों को परेशान कर रहा था।

# दूसरे दिन भी असरदार रही कर्मचारियों की देशव्यापी हड़ताल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**केन्द्र** एवं राज्य सरकार की कर्मचारी एवं मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ और कर्मचारियों की मांगों के प्रति घोर उपेक्षापूर्ण रवैए के खिलाफ सोमवार से शुरू हुई हड़ताल का जिले में दूसरे दिन भी व्यापक असर रहा। रोडवेज की बसों का दूसरे दिन भी चक्का जाम रहा। हड़ताली कर्मचारियों नगर निगम के तीनों जोनों का मिनिस्टीरियल स्टाफ व फील्ड के हड़ताल में शामिल होने से काम काज बुरी तरह प्रभावित रहा।

स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत स्वास्थ्य ठेका कर्मचारी यूनियन के प्रधान सोनू सोया व सचिव किरण सिंह, एमपीएचई एसोसिएशन की पूर्व प्रधान आशा शर्मा व जिला प्रधान जितेंद्र मोर व हेल्थ मिनिस्टीरियल स्टाफ के नेताओं की अगुवाई में अधिकांश कर्मचारियों के हड़ताल में शामिल होने के कारण आवश्यक सेवाओं को छोड़कर बाकी सभी सेवाएं बाधित रही। एचएसवीपी के कर्मचारियों ने हड़ताल कर प्रदर्शन किया। बिजली निगम के अधिकांश क्लरीकल व तकनीकि कर्मचारियों के हड़ताल में शामिल होने के कारण कई फीडर ब्रेक डाउन रहें और बिजली और बिलों संबंधी शिकायतों का निवारण नहीं हो सका। हड़ताली कर्मचारियों ने अपने अपने कार्यालयों पर धरना लगाया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। स्वास्थ्य विभाग के हड़ताली कर्मचारियों ने अपनी नेता आशा शर्मा, जितेंद्र मोर, किरण सिंह व सोनू सोया के नेतृत्व में नगर निगम मुख्यालय व बीके अस्पताल में धरना दिया। धरने के बाद करीब दो बजे नगर निगम व हेल्थ कर्मचारियों ने अपने नेता गुरुचरण खाडिया, नानक चंद खरालिया, कृष्ण चिंडालिया, दर्शन सोया, राकेश चिंडालिया, रघबीर चौटाला, अनूप चिंडालिया, देवी चरण, महेश शर्मा और स्वास्थ्य विभाग की पूर्व प्रधान आशा शर्मा, सोनू सोया, किरण सिंह, जितेंद्र मोर आदि के नेतृत्व में नीलम चौक तक जुलूस निकाला।



बीके अस्पताल में एमपीएचई एसोएिशन की पूर्व प्रधान आशा शर्मा, जिला प्रधान जितेन्द्र मोर और यूनियन प्रधान सोनू की अध्यक्षता में प्रदर्शन करते स्वास्थ्यकर्मी

**आंदोलन किया जाएगा तेजः** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा व वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने पलवल, धारुहेड़ा, रेवाड़ी, मानेसर व गुरुग्राम का दौरा करने के उपरांत यहां जारी बयान में बताया कि हड़ताल ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व रही है। उन्होंने कहा कि शीघ्र अतिशीघ्र राज्य कार्यकारिणी की बैठक आयोजित कर आंदोलन तेज करने का ऐलान किया जाएगा।

## यूनिवर्सिटी में भी हुआ धरना




हड़ताल में शामिल जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कर्मचारी

**केन्द्रीय** ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी संघों के आह्वान पर ज्वॉइंट एक्शन कमेटी जेसी बोस वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में कर्मचारियों ने धरना दिया। सेक्टर-6 स्थित जेसीबोस वाईएमसीए यूनिवर्सिटी परिसर में कर्मचारियों ने कलाम चौक पर धरना

## उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन



जिला उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन करते विभिन्न विभागों के कर्मचारी।

**ज्वाइंट** ट्रेड यूनियन काउंसिल फरीदाबाद के बैनर तले विभिन्न कारखानों की मजदूर यूनियनों, स्कीम वर्कर्स, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन और बैंकों के कर्मचारियों ने मंगलवार को हड़ताल के दूसरे दिन सेक्टर 12 ओपन एयर थिएटर में एकत्रित होकर उपायुक्त कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया।

# हॉमर्टन ग्रामर स्कूल में ओरिएंटेशन डे सम्पन्न



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर21** सी में स्थित, तीन दशकों से भी अधिक पुराने हॉमर्टन ग्रामर स्कूल में अनेकों अभिभावकों, माता-पिताओं के साथ विद्यालय के प्रबंधन-सदस्यों एवं शिक्षको के समूह ने अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया था।

कार्यक्रम में विद्यालय में नए-नए पधारे माता-पिताओं को हॉमर्टन की शिक्षण शैली, उसके उद्देश्यों से ही नहीं परिचित कराया गया, बल्कि स्कूल की कार्यशैली, डिजिटल प्रणाली से भी परिचित कराया गया। इसी वर्ष में विद्यालय में किए जाने वाले अनेक कार्यक्रमों से भी नव अभिभावक मंडल परिचित हुआ और केवल छात्र ही नही अपितु शिक्षण के केंद्र 'बालक' के सर्वांगीण विकास के लिए हॉमर्टन ने अपने अध्यापक मंडल को भी अधिक विकसित और ज्ञान प्राप्ति में सहायक नव तकनीक के सफल प्रयोग से परिचित कराया। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में सुजैन कौर (निर्देशक, शिक्षण विभाग) ने सभी अतिथियों से वार्ता की। तदुपरान्त अर्चना डोगरा (प्रधानाचार्या -हॉमर्टन ग्रामर स्कूल) ने शिक्षकों और अभिभावकों के बीच निरंतर संबंधो कों विकसित करने हेतु सूचना आदान-प्रदान पर जोर दिया, साथ ही स्कूल के सामान्य निर्देशों से परिचित कराया। अंत में विद्यालय के प्रबंध निदेशक राजदीप सिंह ने अपने स्कूल को वैश्विक स्तर तक लाने और स्कूल के विजन और उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए, सामाजिक बुराइओं पर कुठाराघाट करते हुए, शिक्षा द्वारा समाज में एक नए बदलाव की ओर ले जाने का अपना संकल्प दुहराया।

# प्रदूषण नियंत्रण को लेकर नगर निगम ने किया जागरूक

## राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत हुआ नाट्य मंचन

## नगर निगम ने वायु प्रदूषण के खिलाफ किया नुक्कड़

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**राष्ट्रीय** स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) प्रदूषण नियंत्रण करने के लिये एक पहल है, जिसका मुख्य लक्ष्य वर्ष 2024 तक वातावरण में मोटे और सूक्ष्म कणों के मिश्रण को कम से कम 20 प्रतिशत तक कम करना है। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत फरीदाबाद नगर निगम द्वारा वायु प्रदूषण के खिलाफ नुक्कड़ नाटक का अलग-अलग इलाकों मे आयोजन किया गया। वायु प्रदूषण के खिलाफ जागरुकता पैदा करने के लिए इस नुक्कड़ नाटक को देखने के लिए कई दर्शक रुके और उन्होंने इसे देखा और सराहा।

''यह समय की आवश्यकता है कि हम वायु प्रदूषण के बारे में मीडिया, बैनर, पोस्टर, वार्ता या नुक्कड़ नाटक के माध्यम से हर तरह से जागरूकता पैदा करें। ''नुक्कड़ नाटक टीम ने जोरदार संदेश दिया कि ''वायु प्रदूषण को बढ़ाना यानी बीमारी को गले लगाना। इसके साथ-साथ वायु प्रदूषण कम करने के उपाये भी बताये गये।



प्रदूषण नियंत्रण करने के लिए नाटक प्रस्तुत कर लोगो को जगरूक करते कलाकार।

यह जागरुकता अभियान ग्रामीण, शहरी और औद्योगिक क्षेत्रों में किया गया। विशेष रूप से अधिक यातायात और प्रदूषण वाले क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया गया, आइए स्वच्छ हवा का ध्यान रखें। प्रदूषण की समस्या से हमारे पर्यावरण के साथ-साथ हमारे स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर पड़ रहा है और दूषित हवा में सांस लेने के कारण लोगों को गंभीर बीमारियाँ भी हो रही हैं। इस स्थिति में हमें इसे अपने जीवन पर विनाशकारी प्रभाव डालने से पहले रोकना होगा।

इस नुक्कड़ नाटक के द्वारा हम चाहते हैं कि लोग वायु प्रदूषण और इसके हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक हों। निजी वाहनों की जगह सार्वजनिक वाहनों का इस्तेमाल करें, प्रदूषण से बचने के लिए सौर ऊर्जा का इस्तेमाल करें, अपने बगीचे की सूखी पत्तियों को जलाने की जगह उनका खाद बनाकर बगीचे में ही इस्तेमाल करें। हम सब मिलकर यह सारे कार्य कर सकते हैं। आइए स्वच्छ हवा का ध्यान रखें।

# शातिर जुआरियों ने हड़पे लाखों रुपये केस दर्ज

**फरीदाबाद।** डीसीपी बल्लभगढ़ जयवीर राठी के द्वारा अपराधियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए थाना तिगांव पुलिस टीम ने योजना के तहत जुआ खिलाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी तरुण फरीदाबाद के तिगांव गांव का रहने वाला है। आरोपी शिकायतकर्ता के बेटे को योजना के तहत जुआ खिलाने के लिए ले जाता थे और उसे पैसे देकर जुआ खिलाता थे, लेकिन वह दांव हार गया जिसके कारण शिकायतकर्ता के बेटे पर करीब 60 लाख रुपये कर्जा हो गया, जान से मारने की धमकी देकर वापस मांगने का दबाव बना रहे थे।

आरोपी की मां से पता चला है कि उसके बेटे ने उन्हें बताया था कि आरोपी अपने साथ उसे तिगांव के वृंदावन गार्डन में जुआ खिलाने के लिए ले जाते थे। उन्होंने जुआ में जीतने का लालच को दिखाकर जुआ खिलाते थे। शिकायतकर्ता का बेटा जुआ में पैसे हार गया था। जिसके कारण उस पर 60-70 लाख का कर्जा हो गया है। शिकायतकर्ता की गांव में टीवी फ्रिज की एक दुकान है। आरोपियों ने शिकायतकर्ता के बेटे की मां और बहन के गहने भी ले लिए हैं।

# कालीबाड़ी मंदिर में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**लोगों** को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए फरीदाबाद कालीबाड़ी के सेक्टर 16, फरीदाबाद स्थित कालीबाड़ी मंदिर की ओर से मंगलवार को अपने मंदिर परिसर में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में लगभग सैंकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर डॉक्टरों से परामर्श लिया। शिविर के अंतिम चरण में मंदिर में आये हुए भारत सेवाश्रम के साधुओं ने भी अपनी स्वस्थ्य की परीक्षण करवाई। शिविर में फरीदाबाद कालीबाड़ी के सचिव स्वपन बोस, उपाध्यक्ष बसाक, एवं अन्य सदस्य सुमन सौरभ, गौतम जाना इत्यादि ने विशेष सहयोग दिया। सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक चले शिविर में 112 लोगों ने अपनी निशुल्क जांचें कराईं और उन्हें जरुरत अनुसार दवाइयां भी दी गयी। शिविर में उपस्थित एक वरिष्ठ चिकित्सक ने बताया कि शिविर में मरीजों की शुगर, बीपी और वजन आदि की जांच की गई इसके अलावा दन्त चिकत्सा एवं महिलाओं के लिए स्त्री रोग विशेषज्ञ की व्यबस्था थी जिसकी यहां उपस्थित लोगो ने लाभ उठाया। उनका कहना था कि लोग असंतुलित खानपान के साथ ही दिनचर्या के कामों में तनाव लेने से इस तरह के रोगों की चपेट में आते हैं। इनसे बचाव के लिए लोगों को समय-समय पर अपनी जांचें करानी चाहिए। अधिक उम्र के लोगों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। शिविर के दौरान फरीदाबाद कालीबाड़ी के एक प्रवक्ता ने कहा कि स्वस्थ शरीर व्यक्ति को भगवान द्वारा दिया गया सबसे बड़ा वरदान हैं, लेकिन शरीर को स्वस्थ रखना व्यक्ति के हाथ में होता है। आज के दौर में लोगों का जीवन भाग-दौड़ भरा हो गया है। इस कारण से वे अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। इस कारण से वे गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं। इसी कारण फरीदाबाद कालीबाड़ी सेक्टर 16 ने इस शिविर का आयोजन किया।




सेक्टर 16 स्थित काली वाडी मंदिर में आयोजित शिविर में रोगी की जांच करते डाक्टर।

# चाकू से हमला कर लूटपाट करने वाले गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान के द्वारा अपराधियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम ने चाकू से हमला कर स्नैचिंग करने वाले किशोर सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया की आरोपी सूरज कुमार स्थाई रूप से बिहार के जिला सीतामढ़ी के गांव मोरल का रहने वाला है तथा अस्थाई रूप से फरीदाबाद के धीरे नगर में रहता है। आरोपियों ने 9 मार्च को रात के समय ड्यूटी से आ रहे एक व्यक्ति से थाना सराय ख्वाजा के एरिया में आने वाली मच्छी मार्केट के पीछे लोहे के पुल के पास एक व्यक्ति को पकड़कर चाकू से हमला कर 9000 रुपये और मोबाइल फोन छीन लिया था। शिकायतकर्ता की शिकायत पर स्नैचिंग की धाराओं में थाना सराय ख्वाजा में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। जिसकी तफ्तीश क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 को मिली जिसमें कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी सूरज कुमार को आरोपी किशोर के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है।

# युगांडा की एलीनडा की स्टाल पर उपयोगी वस्तुएं

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**न्यूजपेपर** से तैयार की गई ट्रे व यूगांडा की संस्कृति को दृशाता मुखोटा सूरजकुंड मेले में आने वालों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। युगांडा देश से आए यूगांडा आर्ट एंड क्राफ्ट एसोसिएशन के सदस्य मेले में अपनी संस्कृति व वन्य जीवों से संबंधित हैंडी क्राफ्ट का सामाना लेकर आए हैं।

सूरजकुंड मेले में नैशनल आर्ट एंड कल्चर क्राफ्टस एसोसिएशन ऑफ युगांडा की संस्कृति और वन्य जीवन को दर्शाते मनमोहक सजावटी व घरेलू उपयोग की वस्तुओं से भरपूर स्टॉल लोगों का मन मोह रही है। मेला ग्राऊंड के जोन 5 में स्टाल नम्बर 945 पर यूगांडा से आई एलीनडा जोसलीन ने बताया कि वे इस मेले में लगातार तीसरी बार आई हैं। उनकी स्टाल पर युगांडा के वन्य जीवन से संबंधित अनेक प्रकार के सजावटी वस्तुएं हैं जो लकड़ी, जूट इत्यादि से हाथों से तैयार की गई हैं। उन्होंने बताया कि उनकी स्टाल पर इस बार पुराने अखबार से तैयार की गई ट्रे है, जो हाथों से ही तैयार की जाती है। उन्होंने बताया कि घर में प्रयोग की जाने वाली यह ट्रै पुराने न्यूज पेपर के पेज की पतली-पतली तिल्लियां बनाकर तैयार की जाती है। एलीनडा ने बताया कि उनके देश में वन्य जीवों के प्रति लोगों में संवेदनशीलता भरने के इस प्रकार के सजावटी सामान तैयार किए जाते हैं। युगांडा के वन्य जीवों में गोरिल्ला सबसे लोकप्रिय है। गोरिल्ला की मूर्तियां लकड़ी से तैयार की जाती हैं। इसके अलावा उनकी संस्कृति से संबंधित पारम्परिक वेशभूषा में पुरूष व महिला की मूर्तियां भी तैयार की गई है, जो घर में सजावट के तौर पर प्रयोग की जाती है।



सूरजकुंड मेला परिसर में यूगांडा का स्टाल पर्यटकों का बना आकर्षण का केन्द्र।

## संक्षिप्त समाचार

### बच्चों के यौनशोषण व बालश्रम के प्रति किया जागरुक



सीजीएम चौबे और पंचकुला से जिला सेशन जज प्रमोद गोयल बच्चों को इनाम देते हुए

**फरीदाबाद।** 35 वे अंतरास्ट्रीय मेले में चाइल्ड हेल्पलाइन फरीदाबाद ने मेले के मुख्य चौपाल व डलसा के स्टॉल पर लोगों को बच्चों के विरुद्ध होने वाले यौनशोषण व बालश्रम के बारे में जागरुक किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सीजीएम मंगलेश कुमार चौबे के सामने बच्चों ने नुक्कड नाटक किया। जिसमें आईडीएल पब्लिक स्कूल लक्कड़पुर के बच्चों ने लोगो को अच्छा स्पर्श व गंदा स्पर्श के बारे में जागरूक किया। बच्चों ने लोगों को बताया कि यदि आप बच्चों के साथ ऐसे अपराध होते हुए देखे तो उसकी सूचना 1098 व 112 पर दे सकते हैं। जिसमे सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। आइडियल पब्लिक स्कूल के जूनियर क्लास के बच्चों ने 35वे सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय क्राफ्ट मेला, 2022 में एक सुंदर नुक्कड़ नाटक शाम को प्रस्तुत किया। जिसका विषय था 'चाइल्ड लेबर और चाइल्ड सेक्सुयल अबिउस'। इस नाटक में कुल 6 छात्राओं ने भाग लिया। श्वेता, हिमनशी तिवारी, सौम्या भड़ाना, आंचल, रिया तिवारी और जैस्मिन। सभी छात्राएं अपनी शिक्षिका किरण कंडारी के साथ मेले मे आयोजित समारोह मे भाग लेने पहुंची थी। स्कूल की अध्यक्ष सुदेश भड़ाना ने सभी छात्राओं को इस सुंदर प्रस्तुति के लिए धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंगलेश कुमार चौबे (चीफ जुड़ीशियल मजिस्ट्रेट) और उनके साथ पंचकुला से आए जिला सेशन जज प्रमोद गोयल मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने इस नाटक की प्रस्तुति के लिए सभी छात्राओं का बहुत आभार प्रकट किया।

### पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बना कलाकार सागर



**फरीदाबाद।** आजादी के 75 वे अमृत महोत्सव के अवसर पर सूरजकुंड मेले में आने वाले पर्यटकों में राजस्थान के गांव भाबरु निवासी सागर आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। अकेले सागर ही नहीं, बलिक उनके 5 भाई भी मेले में किसी ना किसी प्वॉइंट पर लोगों के बीच घिरे हुए दिखाई देते हैं। सागर अपने आप में मेला में बाहर से आने वाले लोगों के मनोरंजन के लिए जिंद, डाकू व शिवजी आदि का रूप रख कर मेले में दिखाई देते हैं। जहां पर भी सागर लोगों को अलग अलग रूपों में दिखते हैं, पर्यटकों में उनके साथ सेल्फी लेने की होड़ लग जाती है। सागर ने बताया कि उनका एक मात्र उद्देश्य लोगों का मनोरंजन करना है। मेले में श्रीमद्भागवत गीता के नाम से बनाए गए एक पॉइंट पर मंगलवार को महिलाओं, बच्चों और युवकों में सागर के साथ फोटो कराने की होड़ लगी रही, वहीं सागर के भाई ने भी हनुमान जी का वेश धारण कर लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बने रहे।

### मेला में जिला शिक्षा विभाग ने दीं मनमोहक प्रस्तुतियां



**फरीदाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में मनाए जा रहे 35वें सूरजकुंड शिल्प मेले में सांस्कृतिक एवं समाजोत्थान के विभिन्न आयामों से संवद्ध अनेक प्रसांगिक एवं मनमोहक प्रस्तुतियां जिला शिक्षा विभाग फरीदाबाद द्वारा मेला परिसर स्थित छोटी चौपाल एवं हरियाणा राज्य सेवा विधिक प्राधिकरण, फरीदाबाद के मंचों पर प्रतिदिन संचालित की जा रही है। इस कार्य के कुशलतापूर्वक संपादन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी रितू चौधरी द्वारा एक मार्गदर्शक समिति का गठन किया गया है, जिसके तत्वाधान में यह समस्त गतिविधियां सुचारू रूप से क्रियांवित की जा रही है। मार्गदर्शक मंडल की संयोजिका एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पाली फरीदाबाद की प्रधानाचार्य मंदीप कौर ने बताया कि आज राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी-2 की छात्राओं द्वारा लोक नृत्य, भरत नाटयम व शिव तांडव प्रस्तुत किया गया। शिव की विभिन्न भाव भंगिमा मय इस प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों में प्रेमभाव भर दिया। इसी विद्यालय के दूसरे समुह द्वारा लघु नागरिक दिव्यांग शिक्षा की उपयोगिता का बड़ा ही मार्मिक मंचन किया गया। इस नाटक के माध्यम से समाज को संदेशित किया गया कि दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं है। हर व्यक्ति समाज में सम्मान का हकदार है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरूरपुर फरीदाबाद के प्रतिभागियों द्वारा सामाजिक जागरूकता हेतू हरियाणावीं लोक नृत्य मां तू मनै मरवाईये ना थारी शान देखणा चाहूं सूं को प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुति इतनी मार्मिक एवं संवेदनशील थी कि कई दर्शकों की आखें नम हो गई। इस प्रस्तुति को भी दर्शकों की खूब सराहना मिली। मार्गदर्शक मंडी की सम्माननीय सदस्या एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पन्हेड़ा खुर्द फरीदाबाद की प्राचार्या रेनू शर्मा विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन एवं मार्गदर्शन करने हेतू तत्पर रही।

### मेले में हर रोज अपनों से मिला रहा खोया पाया केंद्र




**फरीदाबाद।** 35वें अंतर राष्ट्रीय सूरजकुंड मेले में हरियाणा पुलिस का गजब क्विक रेस्पॉन्स दिखाई दे रहा है। यहां पर तैनात पुलिस कर्मी न केवल सुरक्षा व्यवस्था को संभाले हुए हैं, बल्कि मेले में अपनों से बिछुडने़ वालों को भी चंद मिनटों में ढूंढकर मिलने का काम कर रहे हैं। मेले में आए फुटफॉल की बात की जाए तो अब तक लगभग साढ़े पांच लाख पर्यटक मेले का भ्रमण कर चुके हैं। इस दौरान मेले 34 लोगों ने खोया पाया केंद्र में पुलिस सहायता की गुहार लगाई। पुलिस ने भी सेवा, सुरक्षा और सहयोग की टैग लाइन को चरितार्थ करते हुए चंद मिनटों में ही पीड़ित पर्यटक की समस्या का त्वरित गति से समाधान किया। आठ जोन में बंटे मेला परिसर में 5 प्रवेश द्वार: मेले को सुरक्षा की दृष्टि से आठ जोन में बांटा गया है,जबकि कुल 10 गेट बनाए गए हैं,जिनमें 5 प्रवेश द्वार और 5 आपातकालीन द्वार सुरक्षा के मद्देनजर बनाए गए हैं। प्रत्येक गेट पर एक फायर ब्रिगेड और एक एम्बुलेंस सहित तमाम आधुनिक उपकरण मौजूद हैं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से तुरंत निपटा जा सके। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गत वर्ष ही सभी जिलों में डायल 112 की व्यवस्था की है,जोकि विपरीत परिस्थितियों में क्विक रेस्पॉन्स देते हुए आमजन के लिए फायदेमंद साबित हो रही है।

### मेले में 50 ग्राम के पश्मीना शाल की बढ़ रही डिमांड



**फरीदाबाद।** भले ही मौसम गर्मी का हो लेकिन अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेले में जंगल सिल्क एंड पश्मीना उद्योग चला रही नेपाल की पूजा के स्टॉल पर पशमीना से बने उत्पादों के शौकीनों की भीड़ लगी है। आराम, सुंदरता और स्टेटस सिंबल का प्रतीक पश्मीना शॉल की दीवानगी यूरोपियन देशों तक छाई हुई है। सिल्क के पुश्तैनी काम को आगे बढ़ाते हुए पूजा ने इसे पश्मीना उद्योग में बदल दिया।

## निवेश पलायन

### आकर्षण का केंद्र

**'निवेश पलायन'** अमीर भारतीयों को विकसित देशों की नागरिकता के लिए प्रेरित कर रहा है। कोई बहुत अमीर व्यक्ति अब भूगोल का कैदी नहीं है। 2019 के बाद हजारों भारतीय करोड़पतियों ने भारत छोड़ कर विदेशों में नागरिकता प्राप्त की है तथा अनेक अन्य भी प्रवासन कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्रसंघ के आर्थिक व सामाजिक मामला विभाग द्वारा जारी विश्व प्रवासन रिपोर्ट, 2022 के अनुसार हालिया वर्षों में विदेश गए लाखों भारतीयों ने या तो अपनी भारतीय नागरिकता छोड़ दी है या वे घर न लौटने का प्रयास कर रहे हैं। कोविड-19 के दौरान प्रवासन धीमा हुआ था, पर अब उसने फिर गति पकड़ ली है। अभी हाल तक भारतीय प्रवासियों में तीन प्रमुख प्रवृत्तियां दिखी हैं। विदेश पढ़ने गए अधिकांश छात्र वहीं नौकरी प्राप्त कर बस जाने का प्रयास करेंगे। अकुशल व अर्धकुशल कामगार खाड़ी देशों में चले जाएंगे तथा वहीं रह कर अपने घर डालर भेजना पसंद करेंगे। पिछले दशक में सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों के पेशेवरों ने प्रतिभा पलायन का नेतृत्व किया था। अब उनका स्थान अमीर लोगों ने ले लिया है। वे जीवन की गुणवत्ता तथा पैसे कमाने के अलावा अन्य कारणों से भी प्रवास कर रहे हैं। आज अमीर भारतीय अनेक कारणों से प्रवासन करते हैं जिनको एक साथ जोड़ कर निवेश प्रवासन कहा जा सकता है। ये कार्यक्रम उनको उन देशों की संप्रभु साझेदारी बढ़ाने में मदद करते हैं जहां वे प्रवासन करना पसंद करते हैं। अमीर भारतीय अपने साथ निवेश के लिए पैसा ले जाते हैं तथा उस देश पर कर्ज का बोझ डाले बिना वहां सार्वजनिक वित्त मजबूत करते हैं। इसके बदले अमीर भारतीय नागरिकों को



शानदार जीवनशैली व अपने निवेशों के विविधीकरण का अवसर देते हैं। यह दोनों के लिए विन-विन वाली स्थिति है।

अमीर भारतीय एक और आधार पर गौर करते हैं जो 'पासपोर्ट की शक्ति' है। यह सामाजिक असमानता प्रभावित करने वाला नवीनतम तत्व है जो केवल अमीरों का पक्ष लेता है। अनेक देशों द्वारा निर्धारित पासपोर्ट की शक्ति में वीसा-मुक्त पहुंच पर भी निर्भर करती है। सिंगापुर का पासपोर्ट 192 ठिकानों तक मुक्त पहुंच सुनिश्चित करता है, जबकि जर्मनी व दक्षिण कोरिया 190 तथा स्पेन 189 स्थानों तक इसे सुनिश्चित करते हैं। पुर्तगाल का पासपोर्ट केवल शेनजेन स्टेट्स तक मुक्त पहुंच देता है। अमीर भारतीय उन देशों में प्रवासन पसंद करते हैं जहां निवेश प्रवासन के साथ आवागमन के लिए व्यापकतम वीसा विकल्प उपलब्ध हों। यदि आपके पास विदेश में निवेश के लिए पैसा हो तो भले ही आम मध्यस्तरीय या निम्न स्तरीय आय वाले देश से हों, आप प्रवासन के लिए अत्यधिक उपयुक्त लोगों में मान लिए जाते हैं। इससे सुरक्षा, शरण तथा अधिक समय तक ठहरने का कोई जोखिम भी नहीं पैदा होता है। जो प्रार्थी इतने अमीर नहीं होते हैं, वे इन विशेषाधिकारों से वंचित रहते है। भू-राजनीति और भू-अर्थनीति पहली दुनिया को अमीरों के आवागमन के लिए ज्यादा उपयुक्त बनाती है। अमीर लोगों के पास कुछ ऐसे देश हैं जहां तेज आर्थिक प्रगति की संभावनायें हैं। भारत की तरह ये देश अत्यधिक गतिशील नव-धनाड्य लोगों के आकर्षण का केन्द्र हैं। अनेक विकसित देशों ने इस परिघटना का लाभ उठाते हुए ऐसे निवेश कार्यक्रम बनाए हैं जो पैसे के लिए आवास, नागरिकता व विशेषाधिकार का व्यापार करते हैं और इसे आगंतुक निवेशकों को देते हैं। भारत जैसे देश के लिए इसका अर्थ मानव संसाधन तथा पूंजी का पलायन है।

# तीन कृषि कानूनों पर पुनर्विचार का समय

## जब किसानों के पास बिक्री के दर्जनों विकल्प उपलब्ध होंगे तो उनको हर प्रकार से लाभ की संभावना प्रबल होगी तथा अच्छा बिक्री मूल्य मिलेगा।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



तीन विवादास्पद कृषि कानूनों का क्रियान्वयन स्थगित करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने आगे का रास्ता बताने के लिए एक समिति गठित की थी। समिति ने अपनी रिपोर्ट 19 मार्च, 2021 को सौंप दी थी। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रिपोर्ट पर कार्रवाई लंबित थी, पर 19 नवंबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह कहते हुए भी तीनों कानूनों की वापसी की घोषणा कर दी कि ये कानून छोटे व सीमान्त किसानों के लिए लाभदायक थे जिनकी संख्या सबसे अधिक है। अब एक चौंकाने वाले खुलासे में समिति के सदस्य अनिल घनवत ने कहा है कि 33 मिलियन से अधिक किसानों का प्रतिनिधित्व करने वाले 73 किसान संगठनों के लगभग 85.7 प्रतिशत सदस्यों ने कानूनों का समर्थन किया था। इससे सरकार को कानूनों पर पुनर्विचार करना चाहिए। इस बीच हमें समिति के सुझावों पर गौर करना चाहिए। पहला, समिति ने दावा किया कि तीन कानून किसानों के लिए लाभदायक होंगे, उसने दु:ख प्रकट किया कि उनकी वापसी या लंबे समय तक स्थगित रखना 'मौन बहुमत के लिए अनुचित होगा।' इस बहुमत ने सुधारों का समर्थन किया था। समिति की यह टिप्पणी सही समय पर आई है। वर्तमान व्यवस्थाओं के अंतर्गत किसान अपना उत्पाद केवल कृषि उत्पाद बाजार समिति या एपीएमसी मंडी, यानी राज्य एपीएमसी कानून के अंतर्गत परिभाषित बाजार स्थल पर ही बेच सकते हैं जहां लाइसेंसधारी व्यापारियों-विक्रेताओं का वर्चस्व है। ये दोनों सुनिश्चित करते हैं कि किसानों को कम कीमत मिले, उनका उत्पाद अस्वीकार कर दिया जाए, उसका वजन कम तौला जाए, भुगतान विलंब हो, आदि। बाजार फीस, अढ़तियों का कमीशन तथा ग्रामीण विकास उपकर-आरडीसी उनकी गर्दन पर और बोझ डालते हैं।

एपीएमसी की क्षमता दयनीय रूप से बहुत कम है जिससे छोटे किसानों को अपना अधिकांश उत्पाद तथाकथित निजी स्थानीय बाजारों में 'औने-पौने' दामों पर बेचना पड़ता है। हालांकि, विधिक रूप से ऐसी बिक्री पर प्रतिबंध है, पर इसका कारण है कि खरीदार अढ़तियों तथा मंडी में लाइसेंसधारी व्यापारियों के अलावा कोई और नहीं होता है। उनको भ्रष्ट नौकरशाहों व राजनेताओं का संरक्षण प्राप्त होता है तथा अनेक मामलों में वे तथा उनके परिवार वाले व्यापारी की भूमिका निभाते हैं। इसी कारण उनके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं होती है।

तीन केन्द्रीय कृषि कानूनों ने किसानों को अनेक अवसर दिए थे जिसके चलते वे अपने उत्पाद एपीएमसी मंडियों के बाहर अनेक स्थानों पर बेच सकते थे। इससे निजी व्यापारियों, प्रसंस्करणकर्ताओं, एग्रीगेटरों, निर्यातकों, आदि को उनकी बिक्री वैध होती। जब किसानों के पास बिक्री के दर्जनों विकल्प होते तो आम समझदारी के अनुसार उनको हर दृष्टिकोण से अच्छा लाभ मिलता जिसमें उत्पादों की अच्छी कीमत शामिल है। उनको गैर-एपीएमसी मंचों पर बेचने के लिए कोई लेवी भी नहीं देनी पड़ती तथा खरीदार द्वारा उनके दरवाजे से सामान खरीदने पर उनको परिवहन खर्च में भी बचत होती। मांग अधिक होने के समय उनको अधिक कीमत के कारण अनाज के अधिक दाम मिलते। उदाहरण के लिए, यूक्रेन संकट के कारण गेंहू के अंतरराष्ट्रीय बाजार में दाम तेजी से बढ़े हैं। उम्मीद है कि भारत से गेंहू का निर्यात लगभग 5 बिलियन डालर पहुंच जाएगा। यदि तीनों कानून लागू रहते तो किसानों को इस भारी कीमत में काफी हिस्सा मिलता, जबकि पुरानी व्यवस्था में यह लाभ अधिकांशत: व्यापारियों व निर्यातकों को मिलेगा। दूसरा, समिति ने सुझाव दिया था कि राज्यों को तीन कृषि कानूनों के क्रियान्वयन व डिजाइन में लचीलेपन की अनुमति दी जानी चाहिए जो केन्द्र की पुष्टि के बाद होता। इस उद्देश्य से यह उल्लेख महत्वपूर्ण है कि मोदी सरकार ने 2017 में एक माडल एग्रीकल्चरल प्रोड्यूस एंड लाइवस्टाक मार्केटिंग प्रमोशन एंड फैसिलिटेशन कानून पास किया था। इसमें किसानों को अपनी फसल बेचने के ज्यादा विकल्प दिए गए थे। व्यापारियों को 'एक पैन-राज्य लाइसेंस' के रूप में ज्यादा विकल्प दिए गए और वे राज्य में कहीं भी खरीद कर सकते थे। लेकिन यह माडल कानून केवल दिखावा बन कर रह गया क्योंकि बहुसंख्य राज्यों ने इसमें कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई।

2020 के प्रारम्भ में कोविड-19 महामारी के कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों से तीन महीने के लिए एपीएमसी कानूनों के कुछ प्राविधान स्थगित रखने का अनुरोध किया ताकि किसानों के उत्पाद सीधे उनके दरवाजे से बड़े खरीदारों द्वारा खरीदे जा सकें जिनमें प्रोसेसर्स, मिलर्स, निर्यातक, सहकारी संस्थायें, व्यक्तिगत व्यापारी, आदि शामिल थे। केवल चार राज्यों, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात व कर्नाटक ने इस पर प्रतिक्रिया करते हुए अपने एपीएमसी कानूनों में संशोधन किए। स्पष्ट रूप से मामला राज्यों पर छोड़ने से लाभ नहीं होगा। आगे बढ़ने का रास्ता यही है कि केन्द्र इस कानून को पुनर्जीवित करे जो राज्य के भीतर तथा विभिन्न राज्यों के बीच व्यापार की अनुमति देकर कृषि उत्पादों की देश भर में 'सीधे' किसानों से खरीद की अनुमति दे, भले ही वे एपीएमसी के दायरे से बाहर हों। वह यह काम केन्द्रीय सूची के बिंदु 42 व समवर्ती सूची के बिंदु 33 के अंतर्गत कर सकती है। तीसरे, कंपनी ने सुझाव दिया है कि किसान यूनियनों द्वारा एमएसपी को विधिक बनाने की मांग उचित तर्क पर आधारित नहीं है और इसका क्रियान्वयन अव्यावहारिक होगा। लेकिन इसके साथ राज्यों को एमएसपी को विधिक बनाने का सुझाव विचित्र है। जब यह विचार केन्द्र के लिए अतार्किक है तो राज्यों के लिए कारगर कैसे हो सकता है?

सरल भाषा में कहा जाए तो विधिक गारंटी का अर्थ यह है कि यदि कोई निजी व्यापारी एमएसपी से कम भुगतान कर रहा हो तो उसे जेल भेजा जा सके। कोई भी ऐसी जोखिम नहीं लेगा। बात केवल इतनी नहीं है। राज्यों को किसानों द्वारा बिक्री के लिए लाया गया हर दाना खरीदना पड़ेगा। खरीद की यह जिम्मेदारी सभी फसलों के लिए होगी और केवल वर्तमान समय में एमएसपी वाली 23 फसलों तक सीमित नहीं होगी। इससे राज्य दीवालिया हो सकते हैं, उनकी सीमित हैंडलिंग व भंडारण सुविधाओं पर भारी बोझ पड़ेगा, बरबादी कई गुना बढ़ जाएगी तथा किसानों को खाद्य सब्सिडी बहुत बढ़ जाने पर भारत को विश्व व्यापार संगठन-डब्लूटीओ में अपमानित होना पड़ेगा। केन्द्र या राज्य ऐसे किसी विचार को बढ़ावा नहीं दे सकते हैं।

चौथे, समिति ने पुरानी खुली खरीद नीति समाप्त करने की सलाह दी है। उसका मानना है कि गेंहू व धान की खरीद सार्वजनिक वितरण प्रणाली-पीडीएस व राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून-एनएफएसए की आवश्यकतानुसार सीमित की जाए। उसने पीडीएस-एनएफएसए लाभार्थियों को नकद हस्तांतरण का विकल्प चुनने का सुझाव दिया है जो प्रति किलो अनाज पर एमएसपी प्लस 25 प्रतिशत होगा अथवा वह सीधे अनाज ले सकेगा। यह प्रस्ताव उचित है।

व्यवस्था को शुरुआत में पीडीएस की आवश्यकता तथा अतिरिक्त भंडार के लिए अनाज खरीदना होता था। लेकिन वोटबैंक राजनीति के कारण एमएसपी पर लगातार खरीद बढ़ती जा रही है और यह अपने आप में एक लक्ष्य बन गई है। इससे देश एक खतरनाक रास्ते पर जा रहा है। फसल का पैटर्न गेंहू व धान की ओर बढ़ रहा है, पर्यावरण पर हानिकारक प्रभाव हो रहा है, भंडार बढ़ रहा है तथा बरबादी व सब्सिडी बढ़ रही है। समिति की संस्तुति मानने से रास्ता ठीक होगा। सरकार को 'सभी' लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण-डीबीटी के अंतर्गत सब्सिडी दी जाए। वह लाभार्थी के खाते में गेंहू के लिए 125 रुपये प्रति माह दे सकती है। डीबीटी के अंतर्गत मुफ्त राशन दूकानों के माध्यम से पीडीएस जारी रखने का कोई औचित्य नहीं है। राज्य द्वारा गेंहू व धान की गारंटीशुदा खरीद समाप्त होने के बाद किसान मांग के अनुसार फसलें पैदा करेंगे। इससे फसल विविधीकरण तथा उसके परिणामस्वरूप पर्यावरण को लाभ होगा। इससे हैंडलिंग, भंडारण व वितरण खर्च घटने से सब्सिडी में कमी आएगी। जहां तक किसानों को लाभकारी मूल्य दिलाने का सवाल है, तीनों केन्द्रीय कानूनों की बहाली से वे अपने उत्पाद सभी गैर-एपीएमसी मंचों पर बेचने में सक्षम होंगे और उनको अपनी पसंद की कीमत मिलेगी। यह कीमत एमएसपी से अधिक भी हो सकती है।

# यूक्रेन से चीन और ताइवान के लिए सबक

> शी अनिश्चित हैं कि ताइवान पर आक्रमण करने पर चीन को किन प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है।

**गुइन डायर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



लगभग एक महीने में, चीन अभी भी यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के प्रति अपने रवैये के बारे में बेहद चिंतित है। शासन पूरी तरह से जानता है कि रूसी-यूक्रेनी संबंधों और चीनी-ताइवान संबंधों के बीच कई समानताएं हैं, और यह कि यूक्रेन को जीतने का रूसी प्रयास विफल हो रहा है, या कम से कम रुक गया है। हाल ही में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस बात से इनकार करना शुरू किया कि यूक्रेन एक वास्तविक राष्ट्र है, लेकिन ताइवान के संबंध में शुरू से ही बीजिंग की स्थिति यही रही है। 73 वर्षों के लिए, जब से 1949 में राष्ट्रवादी शासन चीनी गृहयुद्ध हार गया और ताइवान से पीछे हट गया, यह संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ युद्ध का जोखिम रहा है जिसने विजयी चीनी कम्युनिस्टों को द्वीप पर आक्रमण करने और काम खत्म करने से रोक दिया है।

लेकिन यह खतरा पेपर टाइगर हो सकता है, क्योंकि ताइवान और संयुक्त राज्य अमेरिका यूक्रेन की तरह, ताइवान को वाशिंगटन से सहानुभूति और समर्थन के कई भाव मिलत रहते हैं, और यहां तक कि काफी उन्नत हथियार भी मिलते हैं (हालांकि ताइवान को उनके लिए काफी भुगतान करना पड़ता है), लेकिन इसका कोई वादा नहीं है कि अमेरिकी नौसेना ताइवान के जलडमरूमध्य में एक चीनी हमले को रोक देगी , या वास्तव में कि संयुक्त राज्य अमेरिका ताइवान की रक्षा के लिए किसी भी तरह से बल का प्रयोग करेगा।

जबकि अफ़ग़ानिस्तान से अराजक अमेरिकी वापसी अभी भी पिछले अगस्त में चल रही थी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने विभिन्न मित्रों और सहयोगियों को आश्वस्त करने की मांग करते हुए कहा, ''हमने एक पवित्र प्रतिबद्धता बनाई है ... कि अगर कोई हमारे नाटो सहयोगियों पर आक्रमण या कार्रवाई करता है, हम जवाब देंगे। जापान के साथ भी, दक्षिण कोरिया के साथ भी ऐसा ही - ताइवान के साथ भी। इसने ताइवान में कई लोगों को खुश किया - लेकिन बाद में उसी दिन एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने 'नॉट फॉर एट्रिब्यूशन' बोलते हुए कहा कि अमेरिकी नीति नहीं बदली है।'' संयुक्त राज्य अमेरिका ने यूक्रेन के मामले में अस्पष्टता की भी परवाह नहीं की, जिससे यह शुरू से ही स्पष्ट हो गया कि वह यूक्रेन की रूसी विजय के लिए कोई सैन्य प्रतिरोध नहीं करेगा। यह पूरी तरह से समझदारी है जब आपके संभावित विरोधी के पास परमाणु हथियार हैं - लेकिन चीन भी करता है, इसलिए बीजिंग के लिए सबक यह है कि अमेरिका वास्तव में ताइवान के लिए भी नहीं लड़ेगा। यह निश्चित रूप से निष्कर्ष है कि ताइपे में राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन की सरकार हाल की घटनाओं से आकर्षित होगी, इसलिए वह ताइवान की रक्षा के लिए अत्याधुनिक हथियारों की तत्काल खरीदारी करेंगी। अमेरिकी कांग्रेस के मौजूदा मिजाज को देखते हुए वह शायद उन्हें हासिल कर पाएंगी।




फिर भी यह संभावना नहीं है कि शी जिनपिंग के सलाहकार उनसे ताइवान पर हमला करने के लिए इस क्षण को जब्त करने का आग्रह करेंगे, क्योंकि रूस में वह एक भाई निरंकुश, व्लादिमीर पुतिन को देखते हैं, जिन्होंने एक समान जुआ खेला और एक अपमानजनक हार का सामना कर रहे हैं। पुतिन का गलत अनुमान इतना बड़ा रहा है कि वह इस पर सत्ता खो भी सकते हैं।

पुतिन की तबाही में दो तत्व हैं जिन पर शी को संदेह होगा कि वह ताइवान को बलपूर्वक जब्त करने के उनके किसी भी प्रयास पर भी लागू हो सकते हैं। पहला यह है कि उनके अनुभवहीन सशस्त्र बलों ने ताइवान पर एक उभयचर आक्रमण करने का आदेश दिया, जो पुस्तक में सबसे जटिल सैन्य अभियानों में से एक है, रूसियों की तरह, बस कार्य के लिए नहीं साबित हो सकता है। दूसरी बात जो शी सुनिश्चित नहीं कर सकते कि ताइवान पर आक्रमण करने पर चीन को किस तरह के प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है। खिलाड़ियों सहित कोई भी नहीं जानता, लेकिन चीन अंतरराष्ट्रीय व्यापार के किसी भी रुकावट के लिए बेहद उजागर है, और घरेलू परिस्थितियां भी अनुकूल नहीं हैं।

अगर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इस साल ताइवान पर आक्रमण करने का आदेश दिया तो निश्चित रूप से देशभक्ति के उत्साह में वृद्धि होगी, लेकिन उन्हें थोड़ा और इंतजार करना चाहिए और देखना चाहिए कि एक और तानाशाह के साथ क्या होता है जिसने एक बेवकूफ, अजेय युद्ध शुरू किया और अपने पूरे देश को रद्द कर दिया।

## आप की बात

### बंगाल विधानसभा में हिंसा

**बंगाल** विधानसभा में हिंसा से सिद्ध हो गया है कि बंगाल का राजनीतिक वातावरण लगातार विषाक्त होता जा रहा है। चुनाव से पूर्व हुए नरसंहार की जांच सीबीआई को सौंपी गई पर आज तक उसके परिणामों का कुछ पता नहीं द्य अब इस नरसंहार की भी जांच सीबीआई को सौंप दी गई है और ममता बनर्जी अपने चरित्र के अनुरूप सीबीआई को ही धमकी दे रही हैं। जब इस हत्याकांड पर चर्चा की मांग विपक्षी भाजपा विधायकों द्वारा की गई तो उनके साथ मारपीट की गई और उन्हें सदन से निलंबित कर दिया गया द्य जब मारपीट में सत्ता पक्ष के विधायक शामिल थे , तो उन्हें क्यों नहीं निलंबित किया गया ? अगर सत्ता पक्ष के विधायक मारपीट में शामिल नहीं थे तो भाजपा के विधायक कैसे चोटिल हुए? वह कौन लोग थे जिन्होंने भाजपा विधायकों पर सदन में हमला किया , यह एक गंभीर और जांच का विषय है। जब सत्ता पक्ष ही सदन में मारपीट गुंडागर्दी पर उतर आए और विधानसभा अध्यक्ष निलंबन के एकतरफा फैसले लेने लगे तो समझिए लोकतंत्र खतरे में है। महाराष्ट्र विधानसभा में भाजपा विधायकों को विधानसभा अध्यक्ष ने साल भर के लिए निलंबित किया था जिसे सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक करार दिया था।

- **अतिवीर जैन**, मेरठ

### खुशहाल भारत

**केंद्र** और राज्य सरकार दो वर्षों से लगातार कोरोना महामारी के दौरान लोगो को खाद्यान्न उपलब्ध करा रही है। जिससे लॉक डाउन के समय में घर मे बैठे लोगों को खाने पीने की कोइ कमी न हो। लोगों के दुखदर्द में सरकार ने साथ निभाया। पुन: सत्ता में आई योगी सरकार ने अगले तीन महीने तक मुफ्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने की घोषणा किया।लेकिन भारत देश हंगर इंडेक्स और खुशहाली वाले देशों की सूची में सबसे नीचे स्थान पाता है।इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार को प्रशासनतन्त्र की कार्यप्रणाली की ओर देखना होगा।जो बिलकुल भी जमीनी नहीं है। उप्र जैसे विशाल जनसंख्या वाले राज्य में तमाम गरीबो के पास राशनकार्ड नही है। अपात्रों को राशन योजना का लाभ मिल रहा है। पात्र कार्ड बनवाने के लिये दलालों और कार्यालयो के चक्कर लगाकर बैठ जाते है। मेरा केंद्र और राज्य सरकारों से अनुरोध है। पात्रों को अभियान चलाकर राशनकार्ड बनाये जाए और अपात्रों के राशनकार्ड निरस्त करने का अभियान चलना चाहिये। सजग और सक्रियप्रशासन से सभी को खाद्य सरकारी योजनाओं से मिल सकता है। सुलभ और जवाबदेह प्रशासन से हर समस्या का समाधान सम्भव है।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** जरगांव, उन्नाव

### स्वागतयोग्य निर्णय

**पंजाब** के मुख्यमंत्री भागवंत मान ने विधायकों के पेंशन फार्मूले में बदलाव करने का फैसला लिया है। यह निश्चित रूप से स्वागतयोग्य है। विधायकों की पेंशन पर यह महत्वपूर्ण बदलाव होगा । कोढ़ में खाज वाली कहावत के अनुरूप बात यह है कि किसी व्यक्ति को जितनी बार विधायक चुना जाता है तथा सांसद हो तो विधायक व सांसद की पृथक-पृथक पेंशन मिलती है । एक तरफ जनता पर महंगाई की मार है, नए-नए प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष करों से मेहनतकशों की कमर तोड़ी जा रही है, वहीं दूसरी तरफ सांसदों विधायकों के लिए कुबेर का खजाना खोलना कहां का न्याय है? इस तरह के गैर योजना गत खर्चों में युक्ति युक्त करण कर कटौती करना तथा जनता को अधिक से अधिक सुविधाएं इन पैसों से देना सरकार का अंतिम लक्ष्य होना चाहिए। वन एमएलए, वन पेंशन का फार्मूला देश, जनहित तथा खजाने के हित में होना चाहिए ऐसे में भागवंत मान ने एक उचित रास्ता दिखा दिया है, अन्य सरकारों को भी इसी प्रकार के नीतिगत फैसले लेने चाहिए।

- **हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**नई** सरकार का पहला निर्णय 15 करोड़ गरीब लोगों के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट करता है।

- **योगी आदित्यनाथ**
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री



**पश्चिमी** देशों को रूसी आक्रमण का सामना कर रहे यूक्रेन की सहायता में ज्यादा साहस दिखाना चाहिए।

- **वोलोदिमिर जेलेन्स्की**
यूक्रेन के राष्ट्रपति



**दिल्ली** के लिए 'रोजगार बजट' पेश करने पर मनीष सिसोदिया को बहुत धन्यवाद।

- **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

# सीवर में उतरे सफाईकर्मी जहरीली गैस की चपेट में, दो की मौत

## बिना सुरक्षा उपकरण के सीवर में उतरने पर कंपनी के ठेकेदार पर हुई एफआईआर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**पुराने** लखनऊ के अंबरगंज गुलाब नगर में बिना सेफ्टी किट के सीवर सफाई के लिए मेनहोल में उतरे चार कर्मियों जहरीली गैस की चपेट में बेहोश हो गये। केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में दो कर्मियों की मौत हो गयी जबकि दो का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है। सफाई कर्मियों की मौत पर खासा हंगामा भी हुआ।

शहर में सीवर सफाई का कार्य करने स्वेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के कर्मी पुराने लखनऊ के ठाकुरगंज के अंबरगंज गुलाब नगर में आधा दर्जन कर्मी सीवर साफ करने गये थे। सीवर सफाई के दौरान बिना सुरक्षा उपकरणों के उतरे पूरन और करन सफाई कर्मियों को 10 फिट गहरा मेनहोल में अंधेरा दिखा। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार तली तक सीवेज निकालने के लिए और गहराई में गए, लेकिन कुछ मिनट बाद उतरे कर्मियों को चक्कर और दम घुटने की समस्या होने लगी। जहरीली गैस से लगातार कर्मियों की हालात खराब होती जा रही थी। चिल्लाने और मुर्छित होने पर उन्हें बचाने दो और सफाई कर्मी मेनहोल में उतरे। लेकिन उतरे कर्मी भी उन्हें निकालने के चक्कर में स्वयं फंस गए। इतने में मौजूद कर्मियों की चीख पुकार शुरू हो गयी। काफी मशक्कत के बाद साथी कर्मियों ने दो कर्मियों को निकाला,लेकिन मुर्छित होने पर अंदर फंसे कर्मियों की जानकारी नहीं हो सकी। ऐसे में दो कर्मियों को निकालने के प्रयास शुरू हुए, लेकिन अब काफी देर हो चुकी थी। बड़े प्रयास के बाद नीचे फंसे कर्मियों को भी निकाल लिया गया।

मौके पर मौजूद कर्मियों और क्षेत्रीय लोगों ने आनन फानन में मुर्छित कर्मियों को अस्पताल लेकर दो पहिया वाहन से भागे। जहां चार में दो को मृत घोषित कर दिया गया, दो की हालत गंभीर बनी हुई है। इधर स्वेज इंडिया कंपनी के कर्मियों के दूसरे कर्मियों सहित सफाई कर्मचारी नेताओं को यह सूचना मिली। सूचना मिलते ही सैकड़ों सफाई कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। यही नहीं मौके पर कंपनी के बड़े अफसरों को न देखकर भड़क गए। सफाई कर्मियों का गुस्सा नगर निगम प्रशासन और स्वेज इंडिया पर फूट पड़ा। कर्मचारियों ने मृत सफाई कर्मियों के परिजनों को नौकरी को मुआवजा देने की मांग की। नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी अस्पताल पहुंचकर घायल कर्मियों का हालचाल जाना। हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। साथ ही दोषियोंपरकार्रवाई के निर्देश भी दिया। गौरलतब है कि कंपनी द्वारा जोन.5 व 8 को छोड़कर शेष समस्त शहर में सीवर सफाई एवं अनुरक्षण का कार्य किया जा रहा है।

**पंप सुपरिटेंडेंट कुलदीप को किया निलंबित:** अंबरगंज गुलाब नगर में सफाई कर्मियों की मौत से नाराज नगरआयुक्त ने सख्त कदम उठाया। व्यापक सुपरविजन न करने और अपने कार्यों में लापरवाही बरतने पर पंप स्टेशन सुपरिटेंडेंट कुलदीप कुमार पर कार्रवाई की। बिना सुरक्षा उपकरण के सीवर सफाई करने पर कुलदीप कुमार को दोषी पाते हुए इनको तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

### दस-दस लाख मुआवजा देने का ऐलान

**सफाई** कर्मचारियों को देखने महापौर संयुक्ता भाटिया अस्पताल पहुंची। महापौर ने घायल सफाई कर्मचारियों से मुलाकात कर हालचाल जाना। सफाई कर्मियों से बातचीत की। महापौर ने मृत परिजनों को दस दस लाख रुपए देने के निर्देश दिए हैं। वहीं ठेकेदार के खिलाफ कंपनी नियमों के विरुद्ध सुरक्षा कीअनदेखी करने पर एफआईआर दर्ज करायी गयी।

**बिना** सुरक्षा उपकरण के सीवर सफाई करने उतरे सफाई कर्मियों की मौत हुई है, इस लापरवाही पर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कंपनी के ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी गयी है। साथ ही मृत सफाई कर्मियों के परिजनों को 10 -10 लाख रुपए मुआवजा के रूप में दिया जाएगा। जलकल महाप्रबंध को ऐसी घटना न हो इसके सख्त निर्देश दिए है।

■ **संयुक्ता भाटिया, महापौर**

### रायबरेली में भी दो मरे

**रायबरेली में** सीवर लाइन के मेन होल में काम करते समय दो श्रमिकों की जहरीली गैस से मौत हो गई। वो सीवर लाइन में उतरकर सफाई कर रहे थे। सीवर लाइन के मेन होल में सफाई के दौरान जहरीली गैस से दो श्रमिक बेहोश हो गए। सूचना मिलते ही प्रशासनिक महकमे में खलबली मच गई। मौके पर जिलाधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट समेत आला अफसर पहुंच गए। करीब डेढ़ घंटे तक चले रेस्क्यू में किसी तरह दोनों को बाहर निकाला गया। उन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

---

## सतीश महाना सर्वसम्मति से विधान सभा अध्यक्ष निर्वाचित

# विधान सभा संचालन में पक्ष एवं प्रतिपक्ष दोनों का योगदान जरूरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



18 वीं विधान सभा के स्पीकर के रूप में सर्व सम्मति से सतीश महाना निर्वाचित हो गए। मंगलवार को विधानसभा में प्रोटेम स्पीकर रमापति शास्त्री ने सतीश महाना के विधान सभा अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने की घोषणा की और उसके बाद सदन की लाबी में बैठे सतीश महाना को नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव समेत सभी दलीय नेताओं ने उनको विधानसभा अध्यक्ष के आसन पर बिठाया।

सतीश महाना ने कहा कि सर्वानुमति से इस पीठ पर निर्वाचन सुखद अनुभूति कराता है। उन्होंने सत्ता एवं विपक्ष के सभी सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कहा कि राजनीतिक मतभेदों के बावजूद सर्वानुमति अपनाने का रास्ता लोकतंत्र की गरिमा और मर्यादा को सुदृढ़ करने के साथ ही भारत की मजबूत लोकतांत्रिक परम्पराओं को और भी पुष्ट करता है। सतीश महाना ने प्रेस प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी गौरवमयी विधान सभा है। प्रदेश की 25 करोड़ जनमानस की अपेक्षा को पूरा करने के लिए सदस्य चुनकर आये है। उन्हें जनता की अपेक्षाओं एवं आकांक्षाओं को पूरा करने का अहम दायित्व है। अध्यक्ष ने विधान सभा के सभी सदस्यों द्वारा सर्वानुमति से अध्यक्ष चुने जाने पर सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई दी। नेता सदन, योगी आदित्यनाथ एवं नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव एवं सभी दलीय सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 25 करोड़ जनता ने इस प्रदेश के विधायकों को जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भेजा है। पक्ष और विपक्ष की अहम जिम्मेदारी है कि दोनों ही मिलकर प्रदेश की जनता की अपेक्षाओं को समर्पित भाव से अपना महत्वपूर्ण योगदान दे। उन्होंने कहा कि जनता के चुने गये प्रतिनिधियों पर मीडिया, सोशल मीडिया के माध्यम से प्रदेश की जनता को पल-पल की जानकारी प्राप्त होती रहती है। विधान सभा में शालीनतापूर्वक व्यवहार के साथ-साथ सौमनस्यपूर्ण ढंग से कार्यवाही के संचालन में विधायकगण अपना अप्रतिम योगदान करें।

## कैंट से 5 तो महाराजपुर से 3 बार चुनाव जीते हैं महाना

**लखनऊ।** नवनिर्वाचित स्पीकर सतीश महाना ने 5 बार कानपुर कैंट और 3 बार महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीते। बीएससी तक की शिक्षा ग्रहण करने वाले सतीश महाना नगर विकास राज्यमंत्री भी रह चुके हैं।

1991 में कैंट विधानसभा क्षेत्र से पहला चुनाव जीते थे। इसके बाद वह 1993, 1996, 2002, 2007 में कैंट विधानसभा सीट से ही चुनाव जीते। 2009 में विधानसभा सीटों का परिसीमन हो गया तो पार्टी ने उन्हें महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए कहा। 2012 के चुनाव में वह महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र से ही मैदान में उतरे। यहां से भी उन्होंने जीत हासिल की और इसके बाद 2017 और 2022 में भी जीत हासिल हुई। यह उनकी लगातार 8वीं जीत है।

महाना मायावती, कल्याण सिंह, राम प्रकाश गुप्ता और राजनाथ सिंह के नेतृत्व की सरकारों में मंत्री रह चुके हैं। पिछली विधानसभा में योगी आदित्यनाथ नीत सरकार में वह औद्योगिक विकास मंत्री थे। कानपुर में 14 अक्टूबर 1960 को राम अवतार महाना के घर जन्मे सतीश महाना मूल रूप से पंजाब के खत्री हैं और हिंदू धर्म के अनुयाई हैं। कृषि, बिल्डर्स एंड डेवलपर्स के कारोबार से जुड़े महाना स्नातक हैं।

## विपक्ष को जितना मौका देंगे लोकतंत्र उतना मजबूत होगा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**नेता** प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने सतीश महाना को बधाई देते हुए महाना से एक अध्यक्ष के रूप में तटस्थता से कार्य करने और विपक्ष के अधिकारों की रक्षा करने का आग्रह किया। अखिलेश ने कहा कि उन्हें एक ऐसे अनुभवी विधानसभा अध्यक्ष को बधाई देने का मौका मिला जो समय और परिस्थितियों को समझते हैं, वे जानते हैं कि आज हम कहां खड़े हैं और कितने कठिन रास्ते आगे तय करने हैं।

सपा प्रमुख ने कहा कि यह बहस का समय नहीं है लेकिन नेता प्रतिपक्ष होने के नाते केवल इतना कहना चाहते हैं कि समय-समय पर विधानसभा अध्यक्ष के संरक्षण की जरूरत पड़ेगी। अखिलेश ने उनके दल (भाजपा) की ओर इशारा करते हुए कहा कि विपक्ष के अधिकारों की रक्षा करना और सरकार को तानाशाह बनने से रोकना आपका कर्तव्य होगा। आप विपक्ष को जितना मौका देंगे, लोकतंत्र उतना मजबूत होगा।

अखिलेश यादव ने सतीश महाना को बधाई देते हुए कहा था कि आप राइट (भाजपा) से आते हैं लेकिन अब आपको अध्यक्ष होने के नाते लेफ्ट (विपक्ष) की ओर भी देखना चाहिए। अखिलेश यादव ने महाना की विदेश यात्राओं का जिक्र करते हुए कहा आप लगभग 35 देश घूमकर आए हैं यह बात तो मुझे पहले पता होनी चाहिए थी। अध्यक्ष महोदय यह बात तो मुझे पहले पता होनी चाहिए थी। इस पर महाना ने हंसेत हुए कहा कि आपने प्रयास नहीं किया ना। इस पर सदन में ठहाके लगे। इसके बाद अखिलेश ने कहा कि मुझे खुशी यह है कि ऐसे सदस्य अध्यक्ष बने हैं जो अब जब कभी विदेश यात्रा होगी तो भूलेंगे नहीं, यह नहीं करना कि केवल राइट वालों को ले जाएं आप। सपा अध्यक्ष ने सीएम योगी पर तंज कसते हुए कहा कि राइट में कुछ ऐसे सदस्य हैं जो विदेश नहीं जाना चाहते। इस पर स्पीकर ने उनसे नाम पूछ लिया तो खुद अखिलेश यादव दूसरे सदस्यों के साथ ठहाका लगाने लगा। उन्होंने कहा कि वह बात को आगे नहीं बढ़ाना चाहते। नेता विपक्ष ने विदेश यात्रा के फायदे बताते हुए कहा कि यह मैं इसलिए कह रहा हूं कि विदेश जाने का कुछ लाभ भी है। मैं उन लाभों की बात नहीं कर रहा हूं जो कभी-कभी लोग उठाते हैं सवाल। यह जो एक्सप्रेस वे की बात नेता सदन कह रहे थे यदि मैं विदेश नहीं गया होता तो शायद देश का सबसे अच्छा एक्सप्रेस नहीं बना पाता। यदि मैं विदेश नहीं गया होता तो आपके शहर को मेट्रो नहीं बना पाता। हम जिस इमारत में बैठे हैं वह ब्रिटिश काल की है। मुझे खुशी है इस बात की नेता सदन जिस इमारत में बैठते हैं उसे समाजवादी पार्टी की सरकार ने बनाया।श

अखिलेश यादव ने कहा कि हमें समय-समय पर आपके संरक्षण की आवश्यकता पड़ेगी। अखिलेश ने कहा कि विपक्ष जितना बोलेगा लोकतंत्र उतना मजबूत होगा। हमने भी कभी उस जगह पर बैठकर काम किया है। मंत्री पूरी तैयारी के साथ आते थे और आपने भी अध्यक्ष महोदय सदस्य के तौर पर बड़े कठिन प्रश्न पूछे हैं। लगातार 8 बार के विधायक सतीश महाना की तारीफ करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि जहां आप लगातार एक क्षेत्र से जीतकर आए। ऐसे बहुत कम लोग होते हैं। स्वभाविक हो वही सदस्य जीतता है जो जनता के बीच लोकप्रिय हो। जनता का उससे प्यार हो। आप जरूर उस जनता के बीच में घुलमिल गए होंगे जिसकी वजह से जनता ने कभी किसी दूसरे दल के प्रत्याशी की ओर नहीं देखा। आपको लगातार जितवाया। 18वीं विधानसभा में आप भारी बहुमत से जीतकर आए हैं। अखिलेश ने कहा कि आपकी जिम्मेदारी बहुत बड़ी है।

---

# मुख्तार पर फिर कसा योगी सरकार ने शिकंजा

● एंबुलेंस प्रकरण में डॉ.अलका राय व उनका भाई मऊ से गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार के दोबारा सत्तारूढ़ होने के बाद बाहुबली मुख्तार अंसारी पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। दो दिन पूर्व ही मुख्तार से जुड़े एंबुलेंस प्रकरण में बाराबंकी में गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज करने के बाद मंगलवार को बाराबंकी पुलिस ने मऊ से अस्पताल संचालिका डॉ.अलका राय और उनके भाई व अस्पताल के निदेशक शेषनाथ राय को गिरफ्तार कर लिया।

श्याम संजीवनी अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर की संचालिका डॉ.अलका राय और उनके भाई शेषनाथ राय के खिलाफ 2 अप्रैल 2021 को एंबुलेंस प्रकरण में जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया गया था। चार जुलाई 2021 को सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। एंबुलेंस प्रकरण में डॉ. अलका राय व शेषनाथ राय को दस माह पूर्व भी गिरफ्तार किया गया था। दोनों को पुलिस ने जेल भेजा था। दोनों अभियुक्त आठ माह तक बाराबंकी जेल में निरुद्ध रहे। लगभग ढाई माह पूर्व ही दोनों जमानत पर बाहर आए हैं। बाराबंकी पुलिस ने दो दिन पूर्व एंबुलेंस प्रकरण में बाहुबली मुख्तार अंसारी, डॉ.अलका राय व शेषनाथ राय सहित 13 लोगों पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था।

बाराबंकी पुलिस मंगलवार की सुबह मऊ के हलधरपुर थाने की पुलिस के साथ डॉ.अलका राय के आवास पर पहुंची और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उनके भाई और अस्पताल के निदेशक शेषनाथ राय को बाराबंकी पुलिस के निर्देश पर हलधरपुर पुलिस ने एक दिन पूर्व सोमवार को ही बलिया मोड़ स्थित उनके आवास से हिरासत में लिया था। उन्हें भी मंगलवार को गिरफ्तार दिखा दिया गया। दोनों अभियुक्तों को कड़ी सुरक्षा के बीच लेकर पुलिस बाराबंकी के लिए रवाना हो गई।

उल्लेखनीय है कि बांदा जेल में निरुद्ध मुख्तार अंसारी जब पंजाब की जेल में बंद थे तो वह जेल से कोर्ट जाने के लिए निजी एम्बुलेंस का इस्तेमाल किया करते थे। इस प्रकरण के तूल पकड़ने के बाद जब जांच हुई तो मुख्तार द्वारा प्रयोग की जाने वाली एबुंलेंस डॉ.अलका राय के नाम पर रजिस्टर्ट पाई गई। एम्बुलेंस का रजिस्ट्रेशन फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कराया गया था। 31 मार्च 2021 को बाराबंकी नगर कोतवाली में मऊ जिले के श्याम संजीवनी अस्पताल की संचालिका डॉ.अलका राय और उनके भाई शेषनाथ राय के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

## विश्व बैंक की एण्ड्रयू गुडलैण्ड की सीएम से मुलाकात

# कृषि आधारित उद्योगों का होगा संचालन:योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर विश्व बैंक के लीड कृषि विशेषज्ञ एण्ड्रयू गुडलैण्ड ने शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान कृषि विकास और ग्रामीण उद्यम पारिस्थितिकी तंत्र सुदृढ़ीकरण परियोजना के सम्बन्ध में विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि प्रारम्भ में 5 वर्ष की अवधि के लिए इस परियोजना के लिए 3500 करोड़ रुपये का परिव्यय प्रस्तावित है। किसानों की आय को दोगुना करने के उद्देश्य से संचालित की जाने वाली इस परियोजना के तहत कृषक उत्पादक संगठनों एफपीओ के माध्यम से कृषि आधारित उद्योगों का संचालन किया जाएगा तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। प्राकृतिक खेती को प्राथमिकता देते हुए प्राकृतिक खेती व अन्य कृषि आधारित लघु एवं मध्यम उद्योगों को कृषक समूहों के माध्यम से लागू कर प्रदेश के किसानों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग तथा कृषि विभाग द्वारा इस परियोजना का प्रस्ताव विश्व बैंक को भेजा गया है। किसानों को प्राकृतिक खेती के साथ-साथ उपयोगी व लाभकारी खेती की तकनीकी जानकारी, खेती के लिए आवश्यक सुविधाओं की जानकारी के साथ-साथ कृषक उत्पादक संगठनों को प्रोत्साहित करते हुए कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाना इस परियोजना का मूल उद्देश्य है।

परियोजना के विभिन्न घटकों के अन्तर्गत कृषि एवं सम्बन्धित उद्योगों तथा बुनियादी ढांचे में निवेश आकर्षित करने के लिए नीतिगत सुधार किये जाएंगे। सभी स्तरों पर क्षमता निर्माण एवं सम्बन्धित संस्थाओं का सुदृढ़ीकरण इस परियोजना में शामिल होगा।

---

## अखिलेश और मुलायम भाजपा से मिले है: मायावती



**लखनऊ।** विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद बसपा सुप्रीमों मायावती ने एक बार फिर भाजपा और समाजवादी पार्टी पर ट्वीट कर गंभीर आरोप लगाए हैं। इससे पहले भी मायावती ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव और सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव पर भाजपा के साथ मिल कर काम करने का आरोप लगाया था। मंगलवार को ट्वीट कर बसपा सुपीमो मायावती ने कहा कि यूपी में सपा व भाजपा की अन्दरूनी मिली भगत जग-जाहिर रही है कि इन्होंने विधानसभा आम चुनाव को भी हिन्दू-मुस्लिम कराकर यहां भय व आतंक का माहौल बनाया। जिससे खासकर मुस्स्मि समाज गुमराह हुआ व सपा को एकतरफा वोट देने की भारी भूल की, जिसको सुधार कर ही भाजपा को हराना संभव।

## प्रियंका गांधी ने रक्षामंत्री को लिखा पत्र

# सेना में भर्ती प्रक्रिया शुरू करने का आग्रह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कांग्रेस** महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को पत्र लिखकर सेना में युवाओं के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू करने का आग्रह किया है। प्रियंका ने मंगलवार को लिखे अपने पत्र में कहा है कि युवा सेना में भर्ती होने के लिए लगातार परिश्रम कर रहे हैं लेकिन भर्ती केंद्रों पर भर्तियों नहीं होने के कारण तैयारी करने वाले युवा निराश हो रहे हैं। उनकी खुशी के लिए तत्काल भर्ती प्रक्रिया आरंभ की जानी चाहिए।

प्रियंका ने लिखा है कि सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करना भारत के तमाम युवाओं का सपना होता है । इसके लिए देश के लाखों युवा कड़ी मेहनत से तैयारी करते हैं । देशभर से तमाम युवाओं ने सेना में भर्तियों के परिणामों, नियुक्तियों में देरी व भर्ती रैली से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं की तरफ आपका एवं सरकार का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की है। वायुसेना में सैनिक की भर्ती (जनवरी 2020) के लिए नवंबर 2020 में परीक्षा हुई थी और उसका परिणाम भी नवंबर 2020 में आ गया था। सभी टेस्ट हो जाने एवं प्रोविजनल सिलेक्शन लिस्ट आ जाने के बावजूद अभी तक इसकी एनरोलमेंट लिस्ट जारी नहीं की गई है। इस भर्ती से जुड़े युवाओं का कहना है कि एनरोलमेंट लिस्ट जारी करने की तिथि को बार-बार आगे बढ़ाया जा रहा है । जनवरी 2020 की भर्ती की एनरोलमेंट लिस्ट तुरंत जारी की जाए। इसके अलावा वायुसेना में सैनिकों की भर्ती की एक और परीक्षा जुलाई 2021 में ली गई। जिसमें लाखों युवाओं ने हिस्सा लिया। इसका परिणाम अगस्त 2021 में आना था लेकिन अभी तक परिणाम जारी नहीं हुआ है। जुलाई 2021 की भर्ती का परिणाम जारी कर आगे की प्रक्रिया को शीघ्र शुरू किया जाए। लाखों युवा दौड़, नियमित व्यायाम एवं अन्य माध्यमों से सेना भर्ती की तैयारी में लगे हैं लेकिन कई सालों से सेना की भर्ती नहीं आई है।

सेना भर्ती की तैयारी करने वाले युवा परेशान हैं। सेना में खाली पड़े लाखों पद भरने के लिए अविलंब भर्ती निकाली जाए और सभी भर्ती केंद्रों पर भर्ती रैलियों का आयोजन किया जाए। लम्बे समय से सेना में भर्तियों के न आने एवं परिणामों, नियुक्तियों में देरी के चलते कई योग्य युवाओं की उम्र निकल रही है। सेना में भर्ती के लिए एक निश्चित समयसीमा के लिए अभ्यर्थियों को आयु सीमा में 2 साल की छूट दी जाए। प्रियंका ने लिखा है कि दिसंबर 2021 में केंद्र सरकार की तरफ से लोकसभा में दिए गए जवाब में सेना में 1.25 लाख पद खाली होने कि बात कही गई। एक तरफ जहां सेना में लाखों पद खाली पड़े हैं, वहीं सेना भर्ती के परिणामों व प्रक्रियाओं में देरी व सालों-साल भर्ती न आने से लाखों युवा कड़ी मेहनत करने के बावजूद भी निराश हैं।

# दोनों डिप्टी सीएम ने संभाला पदभार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में योगी सरकार 2.0 शपथ लेने के बाद से ही एक्शन मोड में दिख रही है। इसी के साथ मंत्रियों ने अब अपना कार्य संभालना भी शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने अपनी जिम्मेदारी संभाल ली है। दोनों डिप्टी सीएम ने विधान भवन स्थित अपने कक्ष में पूजा-पाठ करके काम-काज शुरू किया। सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी कैबिनेट के मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा भी कर दिया

केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को उप मुख्यमंत्री पद का कार्यभार संभाल लिया है। इस दौरान मौर्य ने कहा कि विभाग के सभी अधिकारियों के साथ बैठकर योजना बनाएंगे जो योजना जिसके लिए बनी है उसे उस तक पहुंचनाने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी अपना कार्यभार संभाल लिया है। पहले दिन उन्होंने कई लोगों से मुलाकात की। योगी सरकार के पहले कार्यकाल में कानून मंत्री रहे ब्रजेश पाठक को इस बार उप मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई है। मंत्री के रूप में भी उन्हें अति महत्वपूर्ण चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। बृजेश पाठक के अलावा पंचायती राज मंत्री भूपेंद्र चौधरी, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, अनिल राजभर ने भी आज अपने दफ्तर पहुंचे। इन सभी मंत्रियों का पुराना दफ्तर ही है। लिहाजा मंगलवार को यह सभी मंत्री अपने पुराने दफ्तर ही पहुंचे। इन मंत्रियों ने आज अपने-अपने विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके अलावा जो मंत्री पहली बार मंत्रिमंडल में शामिल हुए हैं उनको बापू भवन से लेकर विधान भवन स्थित कक्षों को अवंटित कर दिया गया है। राज्यमंत्री बापू भवन स्थित कक्ष में अपना काम-काज देखेंगे।

## उच्च शिक्षा मे राष्ट्र निर्माण अहम भूमिका: आनंदीबेन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि उच्चतर शिक्षा की राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका है। इसका वास्तविक उद्देश्य हमारे युवाओं का चहुंमुखी विकास करना है, जो हमारे विविधताओं से भरे महान राष्ट्र की समृद्धि के लिये आवश्यक है।

उन्होंने समारोह में स्नातक स्तर के 88,930 स्नातकोत्तर स्तर के 12,655 व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के 17,769 और विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाएं उत्तीर्ण करने वाले 3756 विद्यार्थियों सहित कुल 1,22,110 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की। साथ ही उन्होंने श्रेष्ठ शैक्षिक प्रदर्शन करने वाले कुल 169 विद्यार्थियों को पदक प्रदान किए, जिनमें से 135 पदक छात्राओं को एवं 34 पदक छात्रों को प्राप्त हुए। समारोह में राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के संस्कृति भवन छत्रपति शिवाजी मंडपम, वन व्यू सॉफ्टवेयर, जिओ टैगिंग, डिजीलॉकर और कॉल सेंटर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्कूलों से आए बच्चों को पठन.पाठन सामग्री, बैग एवं फल वितरण भी किया।

समारोह में कार्यवाहक कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने बताया कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने जा रहा है। विद्यार्थी डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से अपनी उपाधि और अंकतालिका का कलर प्रिंट आउट भी निकाल सकेगा। किसी भी विद्यार्थी को अपनी नौकरी लगने के बाद उपाधि और अंक तालिका के सत्यापन के लिए विश्वविद्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इस अवसर पर दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि एवं आध्यात्मिक गुरु स्वामी चिदानंद सरस्वती महाराज, कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा, कार्य परिषद एवं विद्या परिषद के सदस्यगण, शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# सीतापुर के समग्र विकास की नई आस बने राज्यमंत्री राकेश राठौर 'गुरु'

संवाददाता। सीतापुर

**तकरीबन पचास** दिन पहले सीतापुर की सियासत में जिस नाम को बेहद कम लोग जानते थे, उस नाम और शख्सियत ने आज सूबे की राजनीति में बेहद खास जगह बना ली है। उस नाम व शख्सियत ने आज सीतापुर के समग्र विकास की उम्मीदों की दीया रोशन कर दिया है। वो नाम है महज पचास दिनों के दरम्यान स्कूटर मिस्त्री से विधायक और फिर राज्यमंत्री तक का मुकाम हासिल करने वाले राकेश राठौर गुरु। ये शख्सियत सीतापुर की सदर विधानसभा सीट से पहली बार चुनाव लड़कर कड़े मुकाबले में चार दफा विधायक रहे सपा के राधेश्याम जायसवाल को शिकस्त देकर विधायक बन जाने भर से खास नहीं बन जाती है। योगी सरकार की दोबारा बनी सरकार के मंत्रिमंडल में राज्यमंत्री बनना इसे खास बनाता है। राज्यमंत्री को नगर विकास, शहरी समग्र विकास और नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन सरीखे महत्वपूर्ण विभाग मिलना इस शख्सियत को खास बना देता है। योगी ब्रिगेड में राज्यमंत्री बनाए गए राकेश राठौर गुरु को नगर विकास, शहरी समग्र

## ● नगर विकास विभाग की जिम्मेदारी मिलने से सीतापुर वासियों की जगी उम्मीदें

विकास और नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग मिलने के साथ ही वह सीतापुरियों के लिए बड़ी उम्मीद बन गए हैं। उम्मीद शहर समेत समूचे जनपद के चहुंमुखी विकास की, नागरिकों को सरकार की ओर से मुहैया कराई जाने वाली बुनियादी सुविधाओं की बेहतरी की और रोजगार के नए अवसर सृजित कर बेरोजगारी दूर करने की। सीतापुरियों की यह उम्मीदें लाजिमी भी हैं, क्योंकि राकेश राठौर गुरु अव्वल तो जिस तरह जमीन से उठकर राज्यमंत्री के ओहदे तक पहुंचे हैं, इस सफर के दरम्यान जो कुछ भी उनकी जिंदगी में गुजरा है जैसे हालात उन्होंने देखे हैं, उससे वह न सिर्फ विकास, रोजगार व गरीबी को बेहतर समझते हैं बल्कि उनके मन में कहीं न कहीं इन मुद्दों पर काम करने की ललक भी है। ऐसा राकेश राठौर गुरु के बयानों में हम सुनते भी रहे हैं। चूंकि अब उन्हें इन मुद्दों पर बेहतर ढंग से काम करने का



राकेश राठौर 'गुरु'

मौका भी सरकार ने नगर विकास, शहरी समग्र विकास और नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग की जिम्मेदारी देकर मुहैया करा दिया है। शायद यही वजह है कि सीतापुरियों की राकेश राठौर गुरु से उम्मीदें बढ़ गई है। राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु इन उम्मीदों पर किस तरह खरा उतर सकते हैं। यह जानना भी जरूरी हो जाता है। इसके लिए हम आपको बताएंगे कि राकेश राठौर गुरु को मिलने वाले विभागों के जरिए आखिर काम क्या होते हैं। नगरीय स्थानीय निकायों के क्षेत्र में निवास करने वाली जनसंख्या को मूलभूत नागरिक सुविधाएं जैसे स्वच्छ पेयजलापूर्ति, बेहतर सड़कें, गलियां, जल निकासी, सफाई व्यवस्था, कूड़ा निस्तारण, सीवरेज व्यवस्था, मार्ग प्रकाश, पार्क, स्वच्छ पर्यावरण, आदि उपलब्ध कराया जाना नगर विकास विभाग का कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व है। जाहिर है शहर समेत जनपद के 11 निकायों का समग्र विकास इस विभाग के तहत किया जा सकता है। शहरी समग्र विकास विभाग की बात करें तो यह महकमा शहरी विकास से संबंधित कानून और नीतियां बनाने और लागू करने के लिए जिम्मेदार है। शहरी विकास विभाग, स्थानीय निकाय निदेशालय के माध्यम से, स्थानीय निकायों के समुचित कार्य के लिए, स्थानीय निकायों को वित्तीय सहायता और अन्य प्रकार के अनुदान भी प्रदान कराने की जिम्मेदार इसी विभाग के पास है। इसके अलावा यह विभाग शहरों को उचित स्वच्छता, बुनियादी ढांचे और अन्य नागरिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए भी जिम्मेदार है। अब आते हैं नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग पर। उत्तर प्रदेश शासन में राज्य स्तर पर नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग के अधीन राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा) का गठन नोडल एजेन्सी के रुप में किया गया है। यह एजेन्सी सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम के अंतर्गत 20 नवम्बर, 1990 से पंजीकृत है। जनपद स्तर पर जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) स्थापित किये गये हैं। इस विभाग की जिम्मेदारियों में से विशेष दायित्व बेरोजगार युवाओं को रोजगार परक प्रशिक्षण प्रदान करना है। राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु अपने गृह जनपद सीतापुर के नागरिकों सदर से विधायक होने के नाते खासकर शहरी बाशिंदो की उम्मीदों पर कितना खरा उतर पाएंगे ये तो आने वाले समय में ही पता चल सकेगा। बहरहाल, आम नागरिकों के साथ ही राज्यमंत्री के समर्थक भी विकास की आस लगाए हैं। सीतापुर में भाजपा के नगर अध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने अपने फेसबुक अकाउंट पर लिखा भी है, मंत्री नहीं बने सीतापुर के लिए नई आस बन गए हो मंत्री जी। आओ गुरु, छा जाओ गुरु। नीचे लिखा है हैशटैग अब रचेगा नया इतिहास। फिलहाल, राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु के प्रथम जनपद आगमन की बॉट समर्थक व कार्यकर्ताओं के साथ आम नागरिक भी जोह रहे हैं। नगर अध्यक्ष आकाश अग्रवाल के मुताबिक राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु का सीतापुर प्रथम आगमन बुधवार को संभावित है। अगर किसी विशेष कार्य से बुधवार को नहीं आए तो गुरुवार को आगमन होगा।

## क्विक न्यूज

### बाइक सवार की ट्रक और ट्रैक्टर के बीच फंसकर मौत

**संडीला(हरदोई)।** एक बाइक सवार की एक ट्रक और ट्रैक्टर के बीच फस जाने से दर्दनाक मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना बेंहटा मुजावर जनपद उन्नाव निवासी फून्नू लाल पुत्र गजराज अपनी ससुराल ग्राम मनकनी थाना कासिमपुर आया था। वापस लौटते समय जब वह सरहेरी पुलिया पर पहुंचा तो उसने आगे जा रहे ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की लेकिन साइड ना मिलने की वजय से वह बाइक को आगे नहीं ले जा सका। इसी बीच पीछे से टैक्टर आ गया। दोनों वाहनों के बीच फसने से फून्नू लाल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी बेंहदर ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजन को सौंप दिया।

### शर्मनाक, मानसिक विक्षिप्त से दुष्कर्म

**रेउसा सीतापुर।** रेउसा कस्बा मे अंधेरे का फायदा उठाकर मानसिक विक्षिप्त एक 48 वर्षीय महिला के साथ एक अज्ञात व्यक्ति ने रेप कर घटना को अंजाम दिया। कस्बा के विश्वा रोड रियाज मार्केट में एक अज्ञात व्यक्ति ने मानसिक विक्षिप्त महिला बसंती 48 के साथ रेप जैसी घटना को अंजाम दे दिया महिला की चीख पुकार सुनकर आस पड़ोस के ग्रामीण मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने व्यक्ति को पकड़ लिया उसकी जमकर धुनाई की भीड़ का फायदा उठाकर अज्ञात व्यक्ति भागने में सफल रहा कस्बा के ग्रामीणों ने थाना रेउसा में अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध एक मानसिक विक्षिप्त महिला के साथ हुई रेप जैसी घटना की तहरीर दी गई है पुलिस द्वारा घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

### घरेलू कलह के चलते युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**बरेली ।** भाइयों से हुए झगड़े के बाद एक युवक ने रात में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सुबह होने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी शेरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बड़े पुरा निवासी 25 वर्षीय अरविंद पुत्र डालचंद की लाश आज सुबह उसके घर में ही कमरे की छत से लगे कुंडे से बंधी रस्सी के सहारे फांसी पर लटकी पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि अरविंद चार भाई-बहनों में सबसे बड़ा था और मजदूरी करके गुजारा चलाता था कल शाम को उसका अपने छोटे भाइयों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया जिसे घर के लोगों ने रफा-दफा करा दिया और अरविंद खाना खाकर अपने बिस्तर पर सोने चला गया लेकिन रात में किसी समय उसने कमरे की छत से लगे कुंडे से रस्सी बांधकर फांसी लगा ली सुबह होने पर उसके दादा ओमपाल ने उसकी लाश को फांसी पर लटके देखा और घरवालों को जगाया तब घर के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को फांसी से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी।

### पेड़ से टकराई बेकाबू कार, कई घायल

**बरेली ।** मोटरसाइकिल को बचाने की कोशिश में एक कार बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई जिससे उसमें सवार कई लोग घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया । सुभाष नगर थाना क्षेत्र के गांव महेशपुरा ठाकुरान निवासी राहुल, सुमित और उसके भांजे रोहित चाचा राजीव को आज सुबह इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनके घर वालों ने बताया कि कुछ दिन पहले राहुल के पिता राम भरोसे का निधन हो गया था और आज सभी लोग उनके अस्थि विसर्जन करने के लिए कार से बदायूं स्थित कछला घाट जा रहे थे लेकिन भमोरा थाना क्षेत्र में बिनावर रोड पर सामने से आ रही एक मोटरसाइकिल को बचाने की कोशिश उनकी कार अचानक बेकाबू हो गई और सड़क किनारे लगे एक पेड़ से टकरा गई जिससे कार में सवार सभी लोग घायल हो गए स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कार में फंसे सभी घायलों को बाहर निकाल कर उनके मोबाइल फोन से घरवालों को सूचना दी मौके पर पहुंचे घर वाले सभी घायलों को इलाज के लिए बरेली के निजी अस्पताल ले आए जहां दो की हालत नाजुक बताई जाती है ।

### टेंपो की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्री घायल

**बरेली।** टेंपो की टक्कर से घायल के पिता पुत्री को आज इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां पुत्री की हालत नाजुक बताई जाती है । देवरनिया थाना क्षेत्र के गांव बैकनंदा निवासी 35 वर्षीय भानु प्रताप और उनकी 11 वर्षीय बेटी पायल को इलाज के यह जिला अस्पताल लाया गया जहां भानु प्रताप ने बताया कि वह उत्तराखंड के रुद्रपुर में एक फैक्ट्री में काम करते हैं और वहीं पर किराए के एक कमरे मे रहते हैं कुछ दिन पूर्व बेटी के साथ अपने गांव आए थे और आज सुबह वापस रुद्रपुर जाने के लिए मोटरसाइकिल पर घर से निकले थे लेकिन कुछ दूर चलने के पास किच्छा हाईवे पर तेजी से आ रहे एक टेंपो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर हुई बैठक




संवाददाता। संडीला(हरदोई)

**नगर पालिका** परिषद कार्यालय में एक मास तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। नगर पालिका परिषद सभागार में आयोजित की गयी इस बैठक की अध्यक्षता अधिशासी अधिकारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने की। बैठक में बोलते हुए यूपीसेफ क्वार्डिनेटर अंबर खान ने उपस्थित नगर पालिका परिषद कर्मचारियों से कहा कि संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अपने आस पास सफाई रखने तथा पानी जमा ना होने का आह्वान किया। अधिशासी अधिकारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि आगामी 2 अप्रैल से 30 अप्रैल तक यह अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए विशेष रूप से नगर पालिका परिषद के सफाईकर्मी गंभीरता से काम करें। इसके अलावा सफाई एवं खाद्यनिरीक्षक सौरभ शुक्ला ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस बैठक में सभासद अभय गुप्ता, पूर्व सभासद एवं वर्तमान सभासद प्रतिनिधि मो0 शमीम बच्चू, लेखाकार परवेज़ खां, शोभा मिश्रा, अंगूरी शंकर सिन्हा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## उर्स में मुल्क में अमन की मांगी गई दुआ

**संडीला( हरदोई )।** हज़रत मकदूम शाह की दरगाह में उर्स के मौके पर मुल्क की तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई। सैयद मो0 रजा शाह संडीलवी और हजरत मुखतार हुसैन शाह के सालाना उर्स के मौके पर खानकाह रजाईया के सज्जादा नशीन नूरुल हसन शाह साबरी ने कहा कि दरगाहों पर जो सुकून मिलता है वह कहीं नहीं मिलता। दरगाहें मजहब जात पात और ऊच नीच से ऊपर है। दरगाहों से हमेशा अमन, मोहब्बत और भाईचारे का पैगाम फैला है। आगरा से तशरीफ लाए सर्वधर्म साबरी एकता कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव विजय कुमार ने कहा कि औलिया कराम की महफिलों में आने वाले अपने दामन को फैज से सराबोर करते हैं। दरगाहों से हमेशा सर्वधर्म एकता, भाईचारे और मोहब्बत का पैगाम दिया जाता है। उन्होनें कहा कि हम सब मानव हैं। मानव मानव एक समान सभी धर्मों का हो सम्मान पर अमल करें। उर्स में हजरत रमजान अली शाह चिश्ती के मुरीदों ने चादरपोशी, गुलपोशी, कौवाली, लंगर वगैरा का आयोजन किया। इस मौके पर एकसन रजा, राजू जावेद, विजय कुमार जैन, अब्दुल जब्बार साबरी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।




# कानूनगो का रिश्वत लेते वीडियो वायरल

## ● लहरपुर तहसील का बताया जा रहा वायरल वीडियो

## ● भूमि पैमाइश के नाम पर सात हजार ली गयी रिश्वत

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर में** जमीन की पैमाइश के नाम पर राजस्व विभाग के अफसर का रिश्वत लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वायरल वीडियो लहरपुर तहसील का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो की पायनियर पुष्टि नहीं करता है, लेकिन वायरल वीडियो में जो महिला रकम देती नजर आ रही है वह सैदापुर निवासी सर्वेश कुमार की पत्नी बताई जा रही है। कुर्सी पर बैठा शख्स कानूनगो कृष्ण कुमार बताया जा रहा है। आरोप है कि सात हजार रिश्वत लेने के बाद भी कानूनगो ने भूमि की पैमाइश नहीं की और अब दोबारा दस हजार रुपये की डिमांड कर रहा है। पहले हम आपको दिखाते हैं वायरल वीडियो, जिसमें महिला रुपये दे रही है। वायरल वीडियो के संबंध में पड़ताल करने और सच जानने के लिए जब लहरपुर तहसील क्षेत्र के सैदापुर गांव निवासी सर्वेश कुमार से जानकारी ली गई तो उसने बताया कि लहरपुर में तैनात कानूनगो कृष्ण कुमार ने सात हजार रुपए पैमाइश के नाम पर लिए थे और दोबारा भी डिमांड कर रहे हैं।



# नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म

## ● पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने बाप-बेटे को लिया हिरासत में, मुकदमा दर्ज

संवाददाता । मोहम्मदी खीरी

**कोतवाली क्षेत्र** के एक ग्राम की 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी को गांव के एक युवक द्वारा बहला-फुसलाकर भगाकर दुष्कर्म का एक मामला सामने आया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निवासी किशोरी पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि 27 मार्च को उसकी पुत्री को गांव का एक युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया। इसकी सूचना उसने उसी दिन पुलिस को दी। पुलिस ने घटना के अगले दिन युवक और किशोरी दोनों को बरामद कर लिया। किशोरी के पिता ने आरोप लगाया है कि आरोपी अपने पिता की राय से उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज करते हुए किशोरी को मेडिकल परीक्षण के बाद पिता पुत्र दोनों को हिरासत में ले लिया है। घटना के संबंध में दारोगा प्रसिद्ध नरायन यादव का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर दोनों को हिरासत में ले लिया गया है।

### ट्रैक्टर ट्राली में घुसी ईको कार, कई घायल

**बरेली ।** तेजी से आ रही एक ईको कार ट्रैक्टर ट्राली में जा घुसी जिससे उसके चालक समेत कई लोग घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया ।भमोरा थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा और देवचरा के बीच हुई सड़क दुर्घटना में घायल कासगंज निवासी सविता भमोरा के गांव कटका रमन निवासी रामबाबू और बदायूं निवासी नेहा को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां सभी लोगों ने बताया कि वह सभी लोग आज सुबह देवचरा से ईको कार में सवार हुए थे सविता को कासगंज आना था जबकि रामबाबू और नेहा को बदायूं जाना था लेकिन कुछ दूर चलने के बाद जब उनकी कार खेड़ा गांव और देवचरा के बीच पहुंची तभी तेजी कार के ड्राइवर ने सामने से पेट्रोल पंप की तरफजा रही ट्रैक्टर ट्राली को देखा लेकिन कार की गति अधिक होने के कारण वह कार की दिशा नहीं बदल सका।

# ई-कवच डिजिटल प्लेटफार्म की एसीएमओ ने दी जानकारी

## ● एसीएमओ डा. अश्विनी कुमार ने प्रशिक्षण में गिनाए ई-कवच के लाभ

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**आम जनमानस** को मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की पूरी जानकारी रखने के लिए शासन द्वारा ई-कवच पोर्टल बनाया गया है। इसके सुचारू संचालन के लिए सीएमओ ऑफिस सभागार में एक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सीएचसी के अधीक्षक, बीपीएमए बीसीपीएम और डाटा एंट्री ऑपरेटर को ट्रेनिंग दी गई।

इस दौरान एसीएमओ डा. अश्विनी कुमार ने बताया कि सीएमओ डा. शैलेंद्र भटनागर के आदेश पर इस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। ई-कवच पोर्टल के उद्देश्य को पूरा करने के लिए क्या करना है और क्या नहीं करना है इस बात की विस्तृत



जानकारी उपस्थित सीएचसी प्रभारियों, बीपीएम, बीसीपीएम और ऑपरेटर को दी गई है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन की परिकल्पना को साकार करते हुए अक्टूबर 2020 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश में व्यापक डिजिटल हेल्थ एप्लीकेशन को लागू करने का निर्णय लिया गया था। यही ई-कवच पोर्टल राज्य में प्रत्येक व्यक्ति को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के आधार पर इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड विकसित करता है। इसे आरसीएच और एनसीडी पोर्टल के साथ जोड़ा जा सकता है।

इस एप्लिकेशन का उपयोग सामुदायिक स्तर पर आशा, एएनएम सीएचओ एवं फैसिलिटी स्तर पर चिकित्सा अधिकारीए स्टाफ नर्स द्वारा किया जा सकता है। इस एप्लीकेशन के लाभ बताते हुए उन्होंने कहा कि इस ई.कवच पोर्टल के माध्यम से उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं का फालोअप प्रबंधन, गर्भवती महिलाओं की डिस्टल ट्रैकिंग, बाल स्वास्थ्य की स्थिति और सेवाएं, एफएलडब्लू के लिए कार्य योजना, एफएलडब्लू के लिए डिजिटल ड्यूलिस्ट, तत्काल कार्यवाही के लिए सही समय की जानकारी देना, जानकारी की उपलब्धता, एफएलडब्लू को गृह भ्रमण के लिए याद दिलाना, परामर्श के लिए वीडियो कॉल, स्वास्थ्य संबंधित संदेश प्रचारित करना, व एफएलडब्ल्यू के लिए अलर्ट जैसे लाभ शामिल हैं। जिसे विस्तार से बताया गया है और इसे पूरी तरह से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस दौरान स्टेट से हिमांशु प्रताप सिंह सहित बीपीएम अनिल यादव, डीएफपीएलएम पद्माकर व डीएचएमआईएस अरशद खान सहित जिला स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# पत्नी के गलत चाल चलन से परेशान युवक ने की आत्महत्या

## ● पुलिस ने दरवाजा तोड़कर निकलवाया शव

## ● पत्नी ने बताया कि शराब पीने के बाद करता था मारपीट

संवाददाता । लखीमपुर खीरी

**पत्नी के** गलत चाल चलन से परेशान युवक ने मंगलवार को बंद कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर युवक के शव को बाहर निकाला। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

कोतवाल सदर चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि कंचनपुरी कॉलोनी निवासी विवेक मिश्रा (32) की हत्या हो गई हैए जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची घर में कमरे का दरवाजा बंद था जिसे पुलिस ने तोड़ कर देखा तो बृजेश का शव पंखे से फंदे के सहारे लटक रहा था। जिसे पुलिस द्वारा उतारा गया इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की मां ने विवेक की पत्नी अनीता पर गलत चाल चलन और प्रेमी के साथ मिलकर विवेक की हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं अनीता ने इस मामले पर बताया है कि विवेक रोज शराब पीकर आता था और मारपीट करता था और लड़ाई के बाद ही उसने अपने कमरे में आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले में जांच कर रही है परंतु प्रथम दृष्टया यह मामला हत्या का नहीं आत्महत्या का प्रतीत होता है। मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पेज एक का शेष

## भारत-अमेरिकी...

भारत के लिए सबसे बड़े हथियार आपूर्तिकर्ता देश के रूप में उभरा है। भारत के लिए अपने सशस्त्र ड्रोन और अन्य परिष्कृत हथियारों सौदे के साथ अमेरिका मजबूत आधार तैयार करने की संभावना है। बाइडेन के राष्ट्रपति बनने के बाद यह पहली 'टू प्लस टू' वार्ता होगी। बाइडन ने हाल ही में कहा था कि भारत यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर तटस्थ है, जबकि उनके अधिकारियों ने कहा था कि नई दिल्ली इतिहास के गलत पक्ष के साथ है। हालांकि भारत हमेशा से यह मानता रहा है कि यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध को सुलझाने के लिए बातचीत ही एकमात्र रास्ता है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दृष्टिकोण से राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की को अवगत कराया है। मोदी ने दोनों देशों से तत्काल शत्रुता को समाप्त करने को कहा था। सूत्रों ने कहा कि ब्लिंकन और ऑस्टिन से यूक्रेन युद्ध के अमेरिकी आकलन और वैश्विक स्तर पर इसके प्रभाव को साझा करने की उम्मीद है। इस बीच उन्होंने कहा कि भारत लद्दाख में सीमा पर जारी गतिरोध और पिछले सप्ताह जयशंकर और उनके चीनी समकक्ष वांग यी के बीच हुई बातचीत का विवरण देगा।

## भाजपा के...

राजनीति को बर्दाश्त नहीं करना चाहिए। बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा न्यायपालिका को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है। दूसरी ओर तृणमूल कांग्रेस के नेता एवं सांसद अभिषेक बनर्जी पश्चिम बंगाल में कथित कोयला घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में पुन: पूछताछ के लिए यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष मंगलवार को पेश नहीं हुए। ममता बनर्जी के 34 वर्षीय भतीजे अभिषेक बनर्जी ने निजी कारणों का हवाला दिया, लेकिन समझा जाता है कि एजेंसी इससे संतुष्ट नहीं हुई। उन्हें जल्द ही किसी तारीख पर फिर बुलाया जा सकता है।

## सतीश महाना...

प्यार और विश्वास के कारण बिठाया गया है और मैं उसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव और सभी दलों के नेताओं और विधानसभा सदस्यों को धन्यवाद देता हूं, आभार प्रकट करता हूं। उन्होंने कहा उनके लिए यह सौभाग्य की बात है कि उनके जैसा एक छोटा सा कार्यकर्ता जो विधानसभा में 1991 में पहली बार छावनी (कानपुर नगर) से आया, उसे आज आठवीं बार सदन का सदस्य बनने के बाद सदन के अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठाया गया। उन्होंने कहा कि जिस पीठ को पुरुषोत्तम दास टंडन, केशरीनाथ त्रिपाठी और माता प्रसाद पांडेय व हृदय नारायण दीक्षित जैसे लोगों ने सुशोभित किया, उस कुर्सी पर बैठकर सदन को आगे बढ़ाने का प्रयास करना गौरव की बात है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने सदस्यों को नसीहत देते हुए कहा कि जिस पर भगवान की कृपा होती है उसी पर जनता की कृपा होती है। उन्होंने कहा कि जनता हमें जिस विश्वास के साथ चुनती है, उसका ध्यान रखना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव की बात का जवाब देते हुए उन्होंने कहा जब तक लेफ्ट-राइट न हो तब तक स्वास्थ्य सही नहीं रहता है। लोकतंत्र में सबका लक्ष्य जनता के विश्वास को कैसे पूरा किया जाए,यही होना चाहिए। इसके पहले अपने संबोधन में अखिलेश यादव ने महाना को बधाई देते हुए कहा था कि आप राइट (भाजपा) से आते हैं, लेकिन अब आपको अध्यक्ष होने के नाते लेफ्ट (विपक्ष) की ओर भी देखना चाहिए। महाना ने कहा कि आपस में विवाद हो सकता है, मत भिन्नता हो सकती है लेकिन मनभेद नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह लोकतंत्र को एक सिक्के के दो पहलुओं के रूप में मानते हैं और लोकतंत्र को बचाने की प्रतिपक्ष और सत्तापक्ष सबकी जिम्मेदारी है। अध्यक्ष ने कहा कि जितना हम अपने बारे में नहीं जानते, उससे अधिक जनता हमारे बारे में जानती है। इसके पहले सर्वसम्मति से निर्वाचित विधानसभा अध्यक्ष महाना को अध्यक्ष की कुर्सी पर आसीन कराने के बाद अपने संबोधन में नेता सदन आदित्यनाथ, नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव समेत सभी दलों के नेताओं ने मंगलवार को महाना के व्यक्तित्व की सराहना की और सदन के कामकाज में सहयोग का भरोसा दिया। महाना को अपना दल (एस) के नेता राम निवास वर्मा, राष्ट्रीय लोकदल के राजपाल बालियान, निर्बल शोषित इंडियन हमारा आम दल (निषाद) के नेता अनिल त्रिपाठी, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की ओर से जगदीश नारायण राय, कांग्रेस की आराधना मिश्रा, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के रघुराज प्रताप सिंह और बसपा के उमाशंकर सिंह ने भी बधाई दी। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विधानसभा अध्यक्ष के निर्वाचन के लिए 29 मार्च की तिथि तय की थी। 28 मार्च, सोमवार दो बजे तक विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी होनी थी और अकेले सतीश महाना ने ही पर्चा भरा था। नेता सदन योगी आदित्यनाथ ने अध्यक्ष पद के लिए महाना के नाम का प्रस्ताव रखा था जिसका सुरेश खन्ना ने समर्थन किया था। इसके अलावा नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने भी महाना के नाम का प्रस्ताव और सपा के ही अवधेश प्रसाद ने समर्थन किया था। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के रघुराज प्रताप सिंह तथा कांग्रेस की आराधना मिश्रा के अलावा सत्ता पक्ष के साथ ही विपक्षी दलों ने भी महाना के नाम का प्रस्ताव और अपना समर्थन दिया। विधानसभा में मंगलवार को उनके निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा कर दी गई। महाना कानपुर जिले की महाराजपुर विधानसभा सीट से आठवीं बार निर्वाचित हुए हैं। महाना 1991 में पहली बार विधानसभा के सदस्य निर्वाचित हुए और इसके बाद उन्होंने विधानसभा में लगातार अपनी उपस्थिति बनाए रखी। वह मायावती, कल्याण सिंह, राम प्रकाश गुप्ता और राजनाथ सिंह के नेतृत्व की सरकारों में मंत्री रह चुके हैं। पिछली विधानसभा में योगी आदित्यनाथ नीत सरकार में वह औद्योगिक विकास मंत्री थे। विधानसभा की वेबसाइट के अनुसार, कानपुर में 14 अक्टूबर 1960 को राम अवतार महाना के घर जन्मे सतीश महाना मूल रूप से पंजाब के खत्री हैं और हिंदू धर्म के अनुयाई हैं। कृषि, बिल्डर्स एंड डेवलपर्स के कारोबार से जुड़े महाना स्नातक हैं। जनसेवा, पठन-पाठन, पर्यटन और संगीत में गहरी रुचि रखने वाले महाना ने अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, रूस, सिंगापुर, मलेशिया, स्वीडन, नार्वे, न्यूजीलैंड, कनाडा, जर्मनी, ऑस्ट्रिया, चीन, जापान, स्विट्जरलैंड, और ऑस्ट्रेलिया समेत लगभग 35 देशों का भ्रमण कर चुके हैं। महाना विधानसभा में प्राक्कलन समिति, नियम समिति, प्रश्न एवं संदर्भ समितियों के सदस्य भी रह चुके हैं। महाना जनांदोलनों में जेल भी जा चुके हैं। वह वर्ष 1990, 1992 और 1994 में आंदोलन में जेल गए हैं।

## उड़ान से...

गया। कॉकपिट क्रू, केबिन क्रू मेडिकल स्टाफ की मौजूदगी में हलफनामा जमा करेंगे और इसे कैमरे में कैद कर लिया जाएगा। जहां तक संभव हो ब्रीथ एनलाइजर टेस्टबड़े और खुले क्षेत्र में किया जाएगा जिसमें सीसीटीवी कवरेज या कैमरा रिकॉर्डिंग हो।

## असम-मेघालय...

करने के प्रयास में तेजी आई है। मेघालय को 1972 में असम से अलग कर नया राज्य बनाया गया था, लेकिन नए राज्य ने असम पुनर्गठन अधिनियम, 1971 को चुनौती दी थी, जिससे सीमावर्ती क्षेत्रों में 12 स्थानों पर विवाद हुआ था।

## काशी विश्वनाथ...

प्रावधान यहां लागू नहीं किए जा सकते। पूजा स्थल अधिनियम की धारा 4 के तहत 15 अगस्त, 1947 को मौजूद किसी भी पूजा स्थल के धार्मिक चरित्र के परिवर्तन के संबंध में किसी भी तरह के मुकदमे या किसी अन्य कानूनी कार्यवाही की अनुमति नहीं है। उल्लेखनीय है कि वाराणसी की फास्ट ट्रैक अदालत ने आठ अप्रैल, 2021 को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को काशी विश्वनाथ मंदिर- ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया था जिससे यह पता लगाया जा सके कि क्या वहां मौजूद मस्जिद का निर्माण कराने के लिए मंदिर को तोड़ा गया था? इसके बाद, उच्च न्यायालय ने मौजूदा मामले में नौ सितंबर, 2021 को वाराणसी की अदालत के आदेश पर रोक लगा दी थी।

## उप्र ने...


कहा, इस संबंध में, यह प्रतिवेदित किया जाता है कि 10 मार्च, 2022 की उक्त घटना और मामला अपराध संख्या की जांच से पता चला है कि यह तीन अक्टूबर, 2021 की घटना से संबंधित एफआईआर से बिल्कुल भी संबंधित नहीं है।

## सरिस्का बाघ...

नहीं चला है। आसपास के बालेठा, पृथ्वीपुरा, नयावास और भाटीला जैसे गांवों में लोगों को सावधानी बरतने और जंगल में प्रवेश करने से बचने के लिए कहा गया है। राजस्थान के अलवर जिले में स्थित सरिस्का बाघ अभयारण्य भारत के प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यानों में से एक है। 1955 में वन्यजीव आरक्षित भूमि घोषित किया गया था। 1978 में बाघ परियोजना योजना रिजर्व का दर्जा दिया गया। पार्क वर्तमान क्षेत्र 866 वर्ग किमी में फैला है।

# सरकार के जल संरक्षण अभियान का हिस्सा बनिए: राष्ट्रपति

भाषा। नई दिल्ली




**राष्ट्रपति रामनाथ** कोविंद ने मंगलवार को लोगों से सरकार के जल संरक्षण अभियान में शामिल होने की अपील की और साथ ही जिला प्रशासन तथा सरपंचों से लोगों को इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित करने के वास्ते विशेष भूमिका निभाने का आह्वान किया। राष्ट्रपति ने राज्यों, जिलों, स्थानीय निकायों, स्कूलों तथा अन्य को राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने इस दौरान जल शक्ति अभियान: कैच द रेन कैंपेन 2022 भी शुरू किया। यह अभियान 30 नवंबर तक चलेगा। इस अभियान में कुछ नए कदम स्प्रिंग शेड विकास, जलग्रहण क्षेत्रों की सुरक्षा आदि को भी जोड़ा गया है। राष्ट्रीय जल मिशन के इस अभियान का मकसद राज्यों और अन्य हितधारकों को जलवायु परिस्थितियों के अनुकूल उपयुक्त वर्षा जल संचयन संरचनाओं (आरडब्ल्यूएचएस) का निर्माण करने पर जोर देना है।

राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में लोगों से सरकार के जल संरक्षण अभियान में शामिल होने की अपील की तथा सरपंचों से लोगों को इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित करने के वास्ते विशेष भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, हमें शपथ लेनी चाहिए कि जिस प्रकार से देश में सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चल रहा है उसी प्रकार से हम इस अभियान को भी जल संरक्षण का सबसे बड़ा अभियान बना दें। उत्तर प्रदेश, राजस्थान और तमिलनाडु ने राष्ट्रीय जल पुरस्कार की सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में क्रमश: पहला, दूसरा और तीसरा पुरस्कार हासिल किया है, जबकि उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर और पंजाब के शहीद भगत सिंह नगर जिले ने उत्तर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिलों में क्रमश: पहला और दूसरा स्थान हासिल किया है। केरल के तिरुवनंतपुरम और आंध्र प्रदेश के कडप्पा ने दक्षिण क्षेत्र में पहला और दूसरा स्थान हासिल किया है। वहीं, बिहार में पूर्वी चंपारण और झारखंड के गोड्डा ने पूर्वी क्षेत्र में क्रमश: पहला और दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि पश्चिम में इंदौर ने पहला पुरस्कार जीता और वडोदरा तथा बांसवाड़ा को संयुक्त रूप से द्वितीय विजेता घोषित किया गया। उत्तराखंड के अल्मोड़ा में धसपद पंचायत, कर्नाटक के तुमकुरु जिले में एलेगमपुरा पंचायत, बिहार में गया जिले की तेलारी पंचायत, गुजरात में साबरकांठा के तखतगढ़ और मिजोरम के सिरचिप में सियालसीर पंचायत ने क्रमश: उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम और पूर्वोत्तर क्षेत्रों में पहला पुरस्कार हासिल किया। जल संरक्षण के लिए सर्वश्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय की श्रेणी में गुजरात के वापी शहरी स्थानीय निकाय को पहला स्थान मिला जबकि तमिलनाडु में कावेरीपट्टीनम के सरकारी बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने पहले स्थान पर कब्जा जमाया। इसी तरह, जल संरक्षण के लिए जम्मू के माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड को सर्वश्रेष्ठ संस्थान का पुरस्कार मिला। बोर्ड के सीईओ रमेश कुमार ने पुरस्कार प्राप्त किया और बोर्ड द्वारा जल संरक्षण एवं उचित जल प्रबंधन के लिए किए गए कार्यों की सराहना के लिए जल शक्ति मंत्रालय का आभार जताया। कारपोरेट सामाजिक दायित्व की श्रेणी में आईटीसी लिमिटेड, कोलकाता को सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति ने कहा कि शहरीकरण के दबाव के कारण शहरों को पूरे साल जल उपलब्ध कराने वाले तालाब और झीलें विलुप्त होती जा रही हैं। कोविंद ने कहा, भूजल स्तर गिरता जा रहा है और इसकी मात्रा में भी कमी आ रही है। एक तरफ, शहरों को अपनी जरूरत पूरी करने के लिए दूर-दराज से पानी लेना पड़ रहा है और दूसरी तरफ मॉनसून के दौरान गलियों में जलभराव होता है। इस दौरान जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने विजेताओं को बधाई दी और कहा कि इन विजेताओं ने जल संसाधन संरक्षण को नई ऊर्जा दी है। उन्होंने कहा, हम सब जानते हैं कि जल ही हमारे जीवन का आधार है। हमें 1,100 अरब क्यूबिक मीटर जल की आवश्यकता है और आगे 1,450 अरब क्यूबिक मीटर जल की आवश्यकता होगी। तो आज हालात ए हैं कि अगर हम भविष्य की ओर देखें तो यकीनन चुनौतियां हैं।

# प्रधानमंत्री संग्रहालय 14 अप्रैल को खुलेगा

भाषा। नई दिल्ली

**भारत के** पूर्व प्रधानमंत्रियों को समर्पित प्रधानमंत्री संग्रहालय का उद्घाटन 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ. भीम राव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर किया जाएगा। दिल्ली के तीन मूर्ति एस्टेट में बनाया जा रहा यह संग्रहालय अब तक के सभी 14 भारतीय प्रधानमंत्रियों के जीवन और समय तथा उनके योगदान को प्रदर्शित करेगा। जवाहरलाल नेहरू से जुड़ा संग्रह नेहरू मेमोरियल संग्रहालय में रहेगा। भाजपा के एक सूत्र ने कहा, प्रधानमंत्री संग्रहालय का उद्घाटन 14 अप्रैल को डॉ. भीम राव आंबेडकर की जयंती के दिन होगा। तारीख इसलिए चुनी गई है क्योंकि प्रधानमंत्रियों ने हमारे संविधान का पालन करते हुए काम किया है।

दो पूर्व प्रधानमंत्रियों मनमोहन सिंह और एच डी देवेगौड़ा को इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित किए जाने की संभावना है। सरकार ने संग्रहालय के उद्घाटन के लिए पहले दो तारीखों- 25 दिसंबर या 26 जनवरी के बारे में विचार किया था। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर को होती है, जिसे सुशासन दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। संग्रहालय को 271 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जा रहा है और इसे 2018 में मंजूरी दी गई थी। तीन मूर्ति भवन में नेहरू मेमोरियल संग्रहालय और पुस्तकालय से सटी 10,000 वर्ग मीटर भूमि पर बने इस संग्रहालय में पूर्व प्रधानमंत्रियों से संबंधित संग्रह होंगे। यहां पूर्व प्रधानमंत्रियों की दुर्लभ तस्वीरें, भाषण, वीडियो क्लिप, समाचार पत्र, साक्षात्कार और मूल लेखन प्रदर्शित किए जाएंगे। 14 पूर्व प्रधानमंत्रियों की गैलरी को उनके कार्यकाल के अनुसार उचित स्थान आवंटित किया गया है। संग्रहालय पूर्व प्रधानमंत्रियों की कलाकृतियों और व्यक्तिगत सामान का एक सही मिश्रण है जो उनके परिवारों और डिजिटल डिस्प्ले से भी एकत्र किया गया है।

# सीयूईटी से सभी बोर्ड के छात्रों को समान अवसर मिलेगा: यूजीसी अध्यक्ष

भाषा। नई दिल्ली

**विश्वविद्यालय** अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने मंगलवार को कहा कि साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) से न तो बोर्ड परीक्षाओं की प्रासंगिकता समाप्त होगी और ना ही इससे कोचिंग की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्नातक पाठ्यक्रम दाखिला प्रक्रिया में राज्य बोर्ड के छात्रों को नुकसान नहीं होगा, बल्कि सभी छात्रों को इससे समान अवसर मिलेगा। कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) अगले सत्र से एक साल में दो बार सीयूईटी का आयोजन करने पर विचार करेगी। सीयूईटी का आयोजन कराने की जिम्मेदारी एनटीए की है।

कुमार ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि सीयूईटी का काम केवल केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिले तक ही सीमित नहीं होगा, क्योंकि कई प्रतिष्ठित निजी विश्वविद्यालयों ने संकेत दिया है कि वे स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा के अंकों का इस्तेमाल करने के इच्छुक हैं। उन्होंने कहा, शुरुआत में इस साल सीयूईटी का एक बार आयोजन किया जाएगा, लेकिन एनटीए आगामी सत्र से साल में कम से कम दो बार परीक्षा आयोजित करने पर विचार करेगी। प्रवेश परीक्षा केवल केंद्रीय विश्वविद्यालयों तक सीमित नहीं होगी, बल्कि निजी विश्वविद्यालय भी इसका इस्तेमाल करेंगे।

कई प्रतिष्ठित निजी विश्वविद्यालयों ने संकेत दिया है कि वे भी इससे जुड़ना चाहते हैं और सीयूईटी के जरिए छात्रों का दाखिला करने के इच्छुक हैं। कुमार ने कहा, टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान (टीआईएसएस) और जामिया हमदर्द सहित आठ डीम्ड-टू-बी (मानद) विश्वविद्यालयों ने भी स्नातक पाठ्यक्रम में छात्रों को प्रवेश देने के लिए सीयूईटी अंकों का उपयोग करने की इच्छा व्यक्त की है। मैंने यूजीसी से रख रखाव के लिए अनुदान प्राप्त करने वाले इन आठ मानद विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और निदेशकों के साथ कल एक बैठक की थी। बहरहाल, उन्होंने सीयूईटी को अपनाने में रुचि दिखाने वाले निजी विश्वविद्यालयों का नाम नहीं बताया।

कुमार ने पिछले सप्ताह घोषणा की थी कि 45 केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए 12वीं कक्षा के अंक नहीं, बल्कि सीयूईटी के अंकों का उपयोग अनिवार्य होगा और केंद्रीय विश्वविद्यालय अपना न्यूनतम पात्रता मापदंड तय कर सकते हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या इस परीक्षा से स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए कोचिंग संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा, कुमार ने कहा, परीक्षा के लिए किसी कोचिंग की आवश्यकता नहीं होगी, इसलिए इससे कोचिंग संस्कृति को बढ़ावा मिलने का सवाल ही पैदा नहीं होता। परीक्षा पूरी तरह 12वीं के पाठ्यक्रम पर आधारित होगी। कई छात्रों को इस बात की चिंता है कि क्या परीक्षा में 11वीं कक्षा के पाठ्यक्रम के भी सवाल पूछे जाएंगे, तो इसका स्पष्ट जवाब है नहीं। कुमार ने कहा, राज्य बोर्ड के छात्रों को कोई नुकसान नहीं होगा और परीक्षा सभी बोर्ड के छात्रों को समान अवसर मुहैया कराएगी। विभिन्न आर्थिक पृष्ठभूमियों, देश के विभिन्न स्थानों से संबंध रखने वाले और क्षेत्रीय भाषाओं में परीक्षा देने वाले ग्रामीण पृष्ठभूमि के छात्रों, सभी को समान अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा, विश्वविद्यालय बोर्ड परीक्षाओं का उपयोग योग्यता मानदंड के रूप में अब भी करेंगे। कुछ विश्वविद्यालय 60 प्रतिशत और कुछ विश्वविद्यालय 70 प्रतिशत की अनिवार्यता का विकल्प चुन सकते हैं, इसलिए बोर्ड परीक्षाओं के अप्रासंगिक हो जाने का सवाल पैदा नहीं होता। बहरहाल, 100 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर जोर देने की प्रवृत्ति निश्चित ही कम होगी। किसी छात्र के 98 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के बाद भी किसी अच्छे कॉलेज में दाखिला नहीं मिलने के मामले इसके बाद निश्चित ही कम होंगे।

एनटीए ने घोषणा की है कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए सीयूईटी के लिए आवेदन प्रक्रिया दो अप्रैल से शुरू होगी। एजेंसी ने कहा कि सीयूईटी देश भर के किसी भी केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्रवेश पाने वाले छात्रों को एकल खिड़की अवसर प्रदान करेगा। उसने कहा कि सीयूईटी (यूजी) -2022 एक कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) प्रारूप में आयोजित की जाएगी।

# औषधि के लिए वैश्विक केंद्र की स्थापना संबंधी समझौता बड़ी उपलब्धि: सोनोवाल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने मंगलवार को बताया कि गुजरात के जामनगर में पारम्परिक औषधि के लिए वैश्विक केंद्र की स्थापना से संबंधित समझौते पर 25 मार्च को स्विट्जरलैंड के जिनेवा में भारत सरकार और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा हस्ताक्षर किए गए। उन्होंने राज्यसभा में अपनी ओर से दिए गए एक वक्तव्य में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय आयुष मंत्रालय के सचिव और विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस एडहेनॉम घेबरेयसस ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। सोनोवाल ने कहा, देश के लिए आज एक बहुत अच्छी खबर है। जैसा कि आप सभी जानते हैं कि गुजरात के जामनगर में ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन की स्थापना के बारे में प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी) की मौजूदगी में विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक ने 13 नवंबर, 2020 को



घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि इस समझौते पर हस्ताक्षर होना भारत की बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा, मैं आशा करता हूं कि सदन इसकी सराहना करेगा और प्रधानमंत्री का आभार प्रकट करेगा। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत में विश्व स्वास्थ्य संगठन के वैश्विक पारंपरिक औषधि केंद्र की स्थापना को गत नौ मार्च को मंजूरी दे दी। अब भारत सरकार और विश्व स्वास्थ्य संगठन के बीच मेजबान देश समझौते पर हस्ताक्षर हो जाने के बाद इस केंद्र की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा।

# विदेशों में काम कर रहे तीन लाख से अधिक भारतीय डॉक्टर : सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को संसद को बताया कि भारत के तीन लाख से अधिक डॉक्टर विदेशों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, देश में ब्रेनपावर-मैनपावर (बौद्धिक रूप से कुशल एवं कार्यबल) की कभी कमी नहीं है। यहां बेहतरीन डॉक्टर हैं। पूरी दुनिया में ऐसे तीन लाख से अधिक डॉक्टर हैं, जो भारत से एमबीबीएस और एमडी की पढ़ाई करके दुनिया में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि लैब टेक्नीशियन और नर्स सहित देश में कुशल कार्यबल है तथा दुनिया में उसकी बहुत बड़ी जरूरत भी है। उन्होंने कहा कि भारत की यह परंपरा रही है कि यहां स्वास्थ्य को कभी व्यापार नहीं माना जाता और हम इसे सेवा मानते हैं।



जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा ने माता वैष्णो देवी के दर्शन किए

# ऐसे गलत आदेश का फायदा नहीं उठाने दिया जा सकता, जिसे बाद में दरकिनार कर दिया गया : न्यायालय

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने मंगलवार को कहा कि किसी को भी एक अदालत द्वारा पारित उस गलत आदेश का लाभ लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती है, जिसे बाद में एक उच्च अदालत ने खारिज कर दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि कानून की स्थापित व्यवस्था के अनुसार, अदालत के आदेश के कारण किसी भी पक्ष को पूर्वाग्रह से ग्रसित नहीं किया जाना चाहिए।



न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना की पीठ ने कहा, अन्यथा भी, किसी को भी अदालत द्वारा पारित गलत आदेश का लाभ लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती है, जिसे बाद में उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया। शीर्ष अदालत ने राजस्थान उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ के मई 2016 के फैसले के खिलाफ अपील पर अपना फैसला सुनाया, जिसने अपने एकल न्यायाधीश द्वारा पारित आदेशों को रद्द कर दिया था। खंडपीठ ने माना था कि सेवारत उम्मीदवारों द्वारा तीन साल के नर्सिंग कोर्स को प्रतिनियुक्ति के रूप में नहीं माना जा सकता है बल्कि यह अवकाश है। खंडपीठ ने कहा कि प्रशिक्षण की अवधि को अवकाश के रूप में मानते हुए मूल रिट याचिकाकर्ताओं को भुगतान की गई अतिरिक्त राशि को आसान समान किश्तों में वसूली के लिए राज्य को स्वतंत्रता दी जाती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि मूल रिट याचिकाकर्ता या तो एएनएम (ऑक्जिलरी नर्सिंग और मिडवाइफरी) या प्रयोगशाला तकनीशियन, बहुउद्देश्यीय कर्मचारी, लेखा लिपिक या अन्य समान पदों पर काम कर रहे हैं। याचिकाकर्ता राजस्थान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधीनस्थ सेवा नियम, 1965 द्वारा शासित हैं और उन्होंने सामान्य नर्सिंग प्रशिक्षण के तीन वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए आवेदन किया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि सभी मूल रिट याचिकाकर्ताओं ने अध्ययन अवकाश की मांग करते हुए अपने आवेदन जमा किए, यह अच्छी तरह से जानते हुए कि तीन साल के नर्सिंग पाठ्यक्रम में शामिल होने के सेवारत उम्मीदवारों के लिए प्रतिनियुक्ति के रूप में नहीं माना जा सकता है।

## क्विक न्यूज

### इलाज में लापरवाही का मामला दर्ज होने पर महिला चिकित्सक ने आत्महत्या की

**जयपुर।** राजस्थान के दौसा जिले के लालसोट कस्बे में एक महिला चिकित्सक ने मंगलवार को कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। चिकित्सक के खिलाफ सोमवार को उसके निजी अस्पताल में एक गर्भवती की मौत के बाद इलाज में लापरवाही का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने मंगलवार को कहा कि संभवत: चिकित्सक ने मामला दर्ज होने के बाद दहशत में यह कदम उठाया। पुलिस के अनुसार दौसा के लालसोट कस्बे में डॉक्टर अर्चना शर्मा के निजी अस्पताल में मंगलवार को एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल के सामने प्रदर्शन किया। पुलिस द्वारा चिकित्सक के खिलाफ लालसोट थाने में मामला दर्ज करने के बाद मामला शांत हुआ। दौसा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लाल चंद कायल ने कहा, चिकित्सक के खिलाफ इलाज में लापरवाही के कारण गर्भवती महिला की मौत का मामला दर्ज किया गया था। आज दोपहर, चिकित्सक ने अपने निजी अस्पताल के ऊपर स्थित आवास में फांसी लगा ली।

### सेना प्रमुख बुधवार को भारत की सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा करेंगे

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल एम. एम. नरवणे बुधवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में चीन और पाकिस्तान के साथ लगती सीमाओं पर भारत की सैन्य तैयारियों के साथ-साथ वर्तमान में जारी भू-राजनीतिक उथल-पुथल के राष्ट्रीय सुरक्षा पर संभावित प्रभावों की व्यापक समीक्षा करेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि लखनऊ में सेना की केंद्रीय कमान के मुख्यालय में होने वाली बैठक में तीनों सेनाओं के वरिष्ठ कमांडर शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में संघर्ष के कारण भारत के साथ-साथ क्षेत्र के लिए उसके संभावित दीर्घकालिक प्रभावों और अफगानिस्तान की स्थिति के संदर्भ में चर्चा किए जाने की उम्मीद है। सूत्रों ने कहा कि चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर संवेदनशील स्थानों पर सर्दियों से गर्मियों के मौसम में सैनिकों की तैनाती को सुनिश्चित करने के लिए व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा। एक सूत्र ने कहा, सेना प्रमुख पश्चिमी और उत्तरी सीमाओं पर तैनात भारतीय सेना की तैनाती की समीक्षा करने वाले हैं।

# 'व्यंग्य यात्री' व 'जिंदगी इतनी आसान नहीं' का लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ पुस्तक** मेले में वरिष्ठ पत्रकार एवं कथाकार मनीष शुक्ला के संपादन में प्रकाशित व्यंग्य संग्रह 'व्यंग्य यात्री 2022' एवं डॉ. शिल्पी बख्शी शुक्ला के काव्य संग्रह 'जिंदगी इतनी आसान नहीं' का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सूर्य कुमार पांडेय, अति विशिष्ट अतिथि महेंद्र भीष्म व संजीव कुमार 'संजय' ने काव्य और व्यंग्य के संगम को साहित्य धारा का नया प्रतीक बताया। डॉ. सूर्य कुमार पांडेय ने 'व्यंग्य यात्री 2022' पर चर्चा करते कहा कि इसमें एक से बढ़ कर एक चुटीले लेख हैं। पुस्तक में जीवन के सभी पक्षों और स्थितियों पर व्यंग्य हैं। वहीं काव्य संग्रह 'जिंदगी इतनी आसान नहीं' जीवन की आपाधापी में पाठक के समक्ष सुकून के पल ले कर आता है। यह उनका प्रथम काव्य संग्रह है। संग्रह में में अनूप शुक्ला, अनूप मणि त्रिपाठी, अरविंद तिवारी, अतुल मिश्र, अभिषेक अवस्थी, अलंकार रस्तोगी, आलोक पुराणिक, आभा बोधिसत्व, चिराग जैन, लव कुमार सिंह, डॉ. रवींद्र प्रभात, रवींद्र रंजन, संजय जायसवाल 'संजय', संतोष त्रिवेदी, संजीव निगम, सत्येन्द्र कुमार सिंह, मनीष शुक्ला, डॉ. वागीश सारस्वत, सुभाष काबरा के व्यंग्य शामिल हैं। इस मौके पर चंद्र भूषण सिंह, आईपी पांडेय, विनोद शुक्ला, अतुल अरोरा, आलोक राजा, नितिन कुमार, मनोज शुक्ला 'मनुज', रेखा बोरा, मंजूषा श्रीवास्तव, राजेश तिवारी, शालिनी मिश्रा एवं महेंद्र मिश्रा उपस्थित रहे।

# देश में कोविड-19 के 1,259 नए मामले, 35 की मौत

भाषा। नई दिल्ली

**भारत में** एक दिन में कोविड-19 के 1,259 नए मामले सामने आने के बाद देश में कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,30,21,982 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 15,378 रह गई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार को सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में 35 और लोगों की मौत के बाद, संक्रमण की वजह से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 5,21,070 हो गई। देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 15,378 रह गई है, जो कुल मामलों का 0.04 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 481 की कमी दर्ज की गई। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.75 प्रतिशत है।

अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण की दैनिक दर 0.22 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 0.25 प्रतिशत है।



देश में अभी तक 78.79 करोड़ से अधिक नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई है, जिनमें से 5,77,559 नमूनों की जांच पिछले 24 घंटे में की गई। देश में अभी तक कुल 4,24,85,534 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 से मृत्यु दर 1.21 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 183.53 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ए मामले एक करोड़ के पार हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 26 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार पहुंच गए थे। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश में पिछले 24 घंटे में संक्रमण से मौत के 35 मामले सामने आए, जिनमें से 25 मामले केरल के थे। आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से अभी तक 5,21,070 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से महाराष्ट्र के 1,47,780, केरल के 67,822, कर्नाटक के 40,051, तमिलनाडु के 38,025, दिल्ली के 26,151, उत्तर प्रदेश के 23,494 और पश्चिम बंगाल के 21,197 लोग थे।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अब तक जिन लोगों की कोरोना वायरस के संक्रमण से मौत हुई है, उनमें से 70 प्रतिशत से अधिक मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

# कर्नाटक में समय पूर्व चुनावों के लिए तैयार है कांग्रेस : डीके शिवकुमार

भाषा। बेंगलुरु

**कांग्रेस की** कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष डी. के. शिवकुमार ने मंगलवार को कहा कि अगर राज्य में समयपूर्व विधानसभा चुनाव होते हैं तो उनकी पार्टी उसके लिए तैयार है। इसबीच, कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस सप्ताह के उत्तरार्ध में कर्नाटक आएंगे और राज्य में पार्टी नेताओं तथा पदाधिकारियों के साथ कई बैठक करेंगे। ए बैठकें अगले साल होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में होंगी। राज्य में समय पूर्व चुनाव की संभावना पर सवाल का जवाब देते हुए शिवकुमार ने कहा, उन्हें (निर्वाचन आयोग को) जब मर्जी हो, तब (चुनावी कार्यक्रम की घोषणा) करने दें। उन्हें कल ही, इसी महीने या 27 नवंबर या अगले साल मार्च में घोषणा करने दें। कांग्रेस पार्टी तैयार है।

चुनाव की घोषणा के लिए 27 नवंबर की तारीख उन्होंने क्यों कही, यह पूछने पर कांग्रेस नेता ने कहा, हमें भी कुछ सूचनाएं मिलती हैं, जैसे आपको (पत्रकारों) मिलती हैं। राहुल गांधी के दौरे से जुड़ी जानकारी साझा करते हुए शिवकुमार ने बताया कि वह 31 मार्च को कर्नाटक आ रहे हैं और तुमकुरु जिले में स्थित लिंगायत समाज के प्रमुख मठ, सिद्दगंगा जाएंगे और स्वामीजी को 115वीं जयंती पर उनकी समाधि पर श्रद्धांजलि देंगे। उन्होंने बताया, दोपहर दो बजे बेंगलुरु पहुंचने के बाद वह (राहुल) सीधे मठ जाएंगे और वहां से लौट कर पार्टी कार्यालय में बृहत बेंगलुरु महानगरपालिके (बीबीएमपी) क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं से मिलेंगे। एक अप्रैल को सुबह 11 बजे वह राज्य कांग्रेस की कार्यकारी समिति के सदस्यों, सांसदों, विधायकों, पिछला चुनाव हारने वाले प्रत्याशियों, पूर्व सांसदों और पार्टी पदाधिकारियों से मिलेंगे। राहुल गांधी सदस्यता अभियान में सक्रिय रूप से शामिल पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जूम बैठक करेंगे। इसके अलावा वह युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई और सेवा दल के साथ अलग-अलग बैठक कर सकते हैं उन्होंने राज्य में तकरीबन 47 लाख लोगों को पार्टी का सदस्य बनाया गया है, जो पूरे देश में सर्वाधिक है। यह पूछने पर कि क्या राहुल गांधी का मठ जाना कांग्रेस के सॉफ्ट हिन्दुत्व की ओर बढ़ने को दर्शाता है, तो शिवकुमार ने इशारा किया कि गांधी परिवार लंबे समय से मठों और धार्मिक संस्थानों से जुड़ा रहा है।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 30 मार्च, 2022



# जयशंकर ने नेपाल, भूटान और बांग्लादेश के अपने समकक्षों से बिम्सटेक बैठक के इतर मुलाकात की

**भाषा।** कोलंबो




**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने मंगलवार को यहां बिम्सटेक मंत्रिस्तरीय बैठक से इतर नेपाल, भूटान और बांग्लादेश के अपने समकक्षों से मुलाकात की और संपर्क, ऊर्जा और जल विद्युत परियोजनाओं में सहयोग पर चर्चा की। जयशंकर ने ट्वीट किया, बिम्सटेक मंत्रिस्तरीय बैठक के दौरान नेपाल के विदेश मंत्री नारायण खड़का से मिलकर अच्छा लगा। संपर्क, ऊर्जा, उर्वरक, स्वास्थ्य और बिजली में हमारे सहयोग पर चर्चा की। रामायण सर्किट को आगे बढ़ाने पर ध्यान देने पर भी सहमति बनी। कोलंबो में 18वीं बिम्स्टेक मंत्रिस्तरीय बैठक में मंगलवार को जयशंकर ने हिस्सा लिया। विदेश मंत्री ने कहा कि बिम्सटेक के सदस्य देशों को आतंकवाद और हिंसक चरमपंथ के खिलाफ निश्चित रूप से साथ मिलकर लड़ना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि बंदरगाह केंद्रों, नौका सेवाओं, तटीय जहाजरानी, ग्रिड कनेक्टिविटी और मोटर वाहनों की आवाजाही पर सहयोग महत्वपूर्ण है।

नेपाली विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों मंत्रियों ने अपनी बैठक में माननीय प्रधानमंत्री की भारत यात्रा के लिए चल रही तैयारियों सहित अन्य मामलों पर चर्चा की। नेपाली प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा पहली यात्रा पर शुक्रवार को भारत आएंगे, जिस दौरान वह अपने भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी और अन्य नेताओं के साथ दोनों देशों के बीच बहुआयामी, सदियों पुराने और सौहार्दपूर्ण संबंधों को और मजबूत करने के लिए बातचीत करेंगे। जयशंकर ने भूटान के विदेश मंत्री से भी मुलाकात की और विभिन्न परियोजनाओं और पहलों की समीक्षा की। उन्होंने ट्वीट किया, हमेशा की तरह भूटान के विदेश मंत्री को देखकर खुशी हुई। जलविद्युत क्षेत्र में हमारे लंबे समय से चले आ रहे सहयोग पर चर्चा की। कई अन्य परियोजनाओं और पहलों की समीक्षा की। हाल ही में अपने प्रशिक्षण संस्थानों में देखी गई भूटानी प्रतिभाओं के बारे में बात की। अपनी भागीदारी जारी रखने के लिए तत्पर हैं। बिम्सटेक मंत्रिस्तरीय बैठक से इतर अपने बांग्लादेशी समकक्ष ए के अब्दुल मोमेन से भी मुलाकात की और उन्हें किसी भी नजदीकी तारीख पर भारत के दौरे पर आने का न्योता दिया। भारत और श्रीलंका के अलावा, बिम्सटेक में बांग्लादेश, म्यांमा, थाईलैंड, नेपाल और भूटान शामिल हैं। जयशंकर ने एक अन्य ट्वीट में कहा, एक उत्पादक और अनुकूल बिम्सटेक मंत्रिस्तरीय बैठक का समापन किया। उत्कृष्ट व्यवस्था के लिए विदेश मंत्री प्रोफेसर जी एल पेरिस को धन्यवाद।

## पुतिन पर दिए विवादित बयान पर बाइडन ने कहा, आक्रमण पर अपना स्वभाविक आक्रोश व्यक्त कर रहा था

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार को कहा कि यूरोप में सप्ताहांत में की गई उनकी टिप्पणी कि उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन सत्ता में नहीं रह सकते, यूक्रेन पर आक्रमण को लेकर उनका स्वभाविक आक्रोश था और यह रूस में सत्ता परिवर्तन के संबंध में अमेरिकी नीति में किसी भी बदलाव का संकेत नहीं है। बाइडन ने अपने उस बयान के लिए माफी मांगने से इनकार कर दिया, जिसके संबंध में उनका प्रशासन पिछले कई दिनों से सफाई दे रहा है। बाइडन ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा, मैं अपनी बात पर कायम हूं। बात बस यह है कि मैं पुतिन के रवैए को लेकर अपना आक्रोश व्यक्त कर रहा था... जो बेहद क्रूरता से चीजें को अंजाम दे रहे हैं। मैं यूक्रेन के उन पीड़ित परिवारों से मिलकर ही लौटा था। यूरोप में उनकी टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हालांकि, मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि मैं ना तब और ना अभी नीति परिवर्तन की बात कर रहा हूं। मैं बस स्वभाविक आक्रोश व्यक्त कर रहा था और इस संबंध में माफी नहीं मांगने वाला। बाइडन ने पिछले सप्ताह कहा था, यह शख्स (पुतिन) सत्ता में नहीं रह सकता। बाइडन ने कुछ सवालों के जवाब में कहा था कि पुतिन के नरसंहार में शामिल होने और उसे जारी रखने के बढ़ते प्रयास... को देखकर पूरी दुनिया कह रही है कि हे भगवान, यह शख्स क्या कर रहा है?

## भारत, चीन एक-दूसरे के लिए खतरा नहीं होने की आम राय को मानने पर सहमतः वांग

**भाषा।** बीजिंग

**चीनी विदेश** मंत्री वांग ई ने कहा है कि अपनी हाल की भारत यात्रा के दौरान, उन्होंने उत्सुकतापूर्वक महसूस किया कि दोनों पक्ष नेताओं की इस आम राय को मानने के लिए सहमत हुए थे कि दोनों देश एक-दूसरे के वास्ते खतरा नहीं हैं और अपने मतभेदों को दूर कर सकते हैं। वांग ने 25 मार्च को नई दिल्ली की अपनी अघोषित यात्रा के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बातचीत की थी। चीनी आधिकारिक मीडिया के लिए नई दिल्ली में हुई अपनी बातचीत के बारे में बताते हुए वांग ने कहा, उन्होंने सबसे अधिक उत्सुकता से महसूस किया है कि दोनों पक्ष दोनों देशों की महत्वपूर्ण इस आम राय को मानने के लिए सहमत हैं, कि वे एक-दूसरे के लिए खतरा नहीं हैं। दोनों देशों के लिए चिंता की व्यावहारिक समस्याओं का समाधान करना, मतभेदों को दूर करना और द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देना आवश्यक है।

सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के अनुसार वांग ने कहा कि भारत-चीन प्रतिद्वंद्वियों के बजाय भागीदार हैं, और उन्हें एक-दूसरे को सफल होने में मदद करनी चाहिए। उन्होंने बीजिंग के इस रुख को फिर से दोहराया कि परिपक्व और तर्कसंगत पड़ोसियों के रूप में, चीन और भारत को द्विपक्षीय संबंधों में सीमा मुद्दे को न्यायोचित स्थान पर रखना चाहिए, और इसे द्विपक्षीय संबंधों के समग्र विकास को बाधित नहीं करने देना चाहिए।

विदेश मंत्री जयशंकर ने वार्ता के दौरान पूर्वी लद्दाख में टकराव वाले बिंदुओं पर सैनिकों को पीछे हटाने की प्रक्रिया को जल्दी से पूरा करने पर जोर दिया और अपने चीनी समकक्ष से कहा कि यदि सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थिति असामान्य है, तो द्विपक्षीय संबंध सामान्य नहीं हो सकते। वांग के साथ लगभग तीन घंटे तक चली बातचीत के बाद जयशंकर ने कहा था कि सामान्य संबंधों की बहाली के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति एवं अमन बहाल होना जरूरी है। जयशंकर ने कहा था, अगर दोनों पक्ष संबंधों को बेहतर बनाने को प्रतिबद्ध हैं तब इस प्रतिबद्धता की पूरी अभिव्यक्ति पीछे हटने की प्रक्रिया के बारे में जारी बातचीत में परिलक्षित होनी चाहिए।

## क्विक न्यूज

### हेमानी इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने सेबी में डीआरएचपी फाइल की

**मुंबई।** हेमानी इंडस्ट्रीज लिमिटेड जो कृषि रसायनों और स्पेशियाल्टी केमिकल्स का निर्माण करती है, ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के यहाँ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) फाइल किया है। आईपीओ में कुल 500 करोड़ के इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू और प्रवर्तक एवं प्रवर्तक समूह के के विक्रेता शेयरधारकों द्वारा कुल 1,500 करोड़ रु का ऑफर फॉर सेल शामिल है। इस आईपीओ का कुल आकार 2,000 करोड़ का है। हेमानी इंडस्ट्रीज कृषि,रसायन और स्पेशियाल्टी केमिकल्स निर्माता है, जो फसल संरक्षण, लकड़ी संरक्षण, पशु चिकित्सा विज्ञान, घरेलू स्वास्थ्य और सार्वजनिक स्वास्थ्य उद्योगों की जरूरतें पूरी करती है। कंपनी आईपीओ की आय का उपयोग ऋण के पूर्व भुगतानध्पुनर्भुगतान और कार्यशील पूंजी के साथ अपनी सायखा फैसिलिटी की क्षमता विस्तार के लिए करना चाहती है। जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड और कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी लिमिटेड, आईपीओ के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

### फ्लोबिज का बैंकिंग सेवाओं में प्रवेश

**बेंगलुरु।** निओ बैंकफ्लोबिज़ ने अपने फ्लैगशिप जीएसटी इन्वॉइसिंग और एकाउंटिंग प्रोडक्ट मायबिलबुक पर स्मार्ट बैंकिंग मॉड्यूल का पार्ट स्मार्ट कलेक्ट लॉन्च करते हुए एसएमबी के लिए बैंकिंग सेवाओं में अपनी शुरुआत की घोषणा की। स्मार्टकलेक्ट के साथए बिज़नेस अब अपने ग्राहकों से यूपीआई और बैंक ट्रांसफर्स के माध्यम से तुरंत भुगतान प्राप्त कर सकते हैं और पेंडिंगइन्वॉइसेस के अगेंस्ट में ऑटोमेटिकलीरिकंसाइल कर सकते हैं। यह नियोबैंक के लिए फाइनेंसियल सर्विसेज के रोडमैप की शुरुआत का प्रतीक है जो देश भर में लाखों एसएमबी को सेवाएँ प्रदान करता है। स्मार्ट कलेक्ट सुविधा को मोबाइल और डेस्कटॉप दोनों पर मौजूदा मायबिल बुक यूज़र्स के एक विशेष सेट के लिए पहले ही शुरू कर दिया गया है। फ्लोबिज आने वाले कुछ हफ्तों में एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया को पूरा करने वाले यूज़र्स तक रोलआउट को ले जाएगी। फ्लोबिज़ के को-फाउंडर और सीईओ राहुल राज ने कहा कि मायबिलबुक पर 1 मिलियन से अधिक एक्टिव एसएमबी द्वारा रिकॉर्ड किया गया टोटल मंथलीट्रेड 1.5 बिलियन था और यह लगातार बढ़ रहा है।

### एचडी रेडियो सफलतापूर्वक किया परीक्षण

**जयपुर।** एक्सपीरी कॉर्पोरेशन, एचडी रेडियो टीम ने दिल्ली, एनसीआर में डिजिटल एफएम प्रसारण का सफल परीक्षण और प्रदर्शन पूरा किया। प्रसार भारती के साथ साझेदारी में टीम ने आकाशवाणी भवन नई दिल्ली के रूप में एक अस्थायी डिजिटल एफएम प्रसारण प्रणाली की स्थापना की। एचडी रेडियो डिजिटल प्रसारण प्रणाली का परीक्षण राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के साथ-साथ जयपुर, राजस्थान में भी किया गया था। परीक्षण जनवरी से मार्च 2020 तक एनसीआर में आयोजित किया गया था। अतिरिक्त डिजिटल प्रसारण परीक्षण की सुविधा जयपुर, राजस्थान में ऑल इंडिया रेडियो इंजीनियरिंग और आरएंडडी टीम के समर्थन से पूरे मार्च 2021 में दी गई थी। ऑल इंडिया रेडियो इंजीनियरिंग और आरएंडडी टीमों के इनपुट के साथ समग्र परीक्षण कार्यक्रम बनाया गया था। डिजिटल प्रसारण परीक्षणों को पूरा करने के अवसर पर अशरफ एल डिनरीएसवीपी एक्सपीरी डिजिटल प्लेटफॉर्म ने कहा कि हमें उच्च गुणवत्ता वाली डिजिटल रेडियो सेवाओं का प्रदर्शन करने में प्रसन्नता हो रही है जो लाखों लोग पूरे उत्तरी अमेरिका में अनुभव करते हैं।

### इंडिगो ने गौरव नेगी को मुख्य वित्त अधिकारी नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** इंडिगो एयरलाइन की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) जितेन चोपड़ा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। जितेन चोपड़ा के स्थान पर गौरव नेगी को कंपनी का नया सीएफओ नियुक्त किया गया है। एक बयान में यह जानकारी दी गई है। बीएसई पर डाले गए इंटरग्लोब एविएशन के बयान मे कहा गया है कि इंडिगो मे शामिल होने से पहले नेगी ने जनरल इलेक्ट्रिक कंपनी के साथ 22 साल तक काम किया है। इंडिगो भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन है। घरेलू यात्री बाजार मे एयरलाइन की हिस्सेदारी लगभग 53 प्रतिशत है।

### देश में 35 औषधि रसायनों का घरेलू स्तर पर विनिर्माण शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय परिवार एवं स्वास्थ्य कल्याण और रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि पहले आयात किए जाने वाले 35 औषधि रसायनों (एपीआई) का देश में ही पीएलआई योजना के तहत उत्पादन शुरू हो गया है। मांडविया ने यहां संवाददाताओं से कहा कि औषधि क्षेत्र के लिए शुरू की गई प्रोत्साहन-संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत 35 एपीआई का घरेलू स्तर पर ही उत्पादन शुरू हो गया है। ए रसायन उन 53 एपीआई का हिस्सा है जिनके लिए भारत 90 फीसदी तक आयात पर निर्भर रहा है। देश भर में 32 विभिन्न विनिर्माण संयंत्रों से 35 दवा रसायनों का विनिर्माण किया जा रहा है। इससे आत्मनिर्भर भारत को प्रोत्साहन मिलेगा।

## दक्षिणी यूक्रेन में हमले में सात लोगों की मौतः जेलेंस्की

**कोपेनहेगन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मंगलवार को कहा कि दक्षिणी शहर माइकोलीव में क्षेत्रीय सरकार के मुख्यालय पर मिसाइल हमले में सात लोगों की मौत हो गई। जेलेंस्की ने दुभाषिए के जरिए डेनमार्क की संसद को संबोधित करते हुए कहा कि मंगलवार को रूसी सैनिकों के हमले में 22 लोग घायल हो गए। स्थानीय गवर्नर विटाइली किम के टेलीग्राम चैनल पर एक वीडियो में दिखा कि हमले से नौ मंजिला इमारत बीच में से नष्ट हो गई। किम ने आरोप लगाया कि रूसी सेना ने हमला करने से पहले इमारत में कर्मचारियों के आने का इंतजार किया और कहा कि वह भाग्यशाली हैं क्योंकि वह वहां नहीं पहुंचे थे। जेलेंस्की ने हाल के दिनों में अमेरिका, ब्रिटेन, स्वीडन, जर्मनी, कनाडा, इजराइल, जापान और यूरोपीय संघ सहित कई देशों में सांसदों को संबोधित किया है। नॉर्वे की संसद को संबोधित करने वाले हैं। जेलेंस्की ने डेनमार्क की संसद को संबोधित करते हुए कहा, द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जो नृशंसता दिखी थी।

## आईएईए प्रमुख यूक्रेन में परमाणु प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को लेकर वार्ता करेंगे

**ल्वीव (यूक्रेन)।** संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था के महानिदेशक यूक्रेन के परमाणु केंद्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल तकनीकी सहायता के वास्ते वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ वार्ता के लिए यहां पहुंचे हैं। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने मंगलवार को कहा कि उसके महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी का उद्देश्य यूक्रेन के परमाणु स्थलों के लिए त्वरित सुरक्षा और सहायता प्रदान करना है। आईएईए विशेषज्ञों को प्राथमिकता वाले केंद्रों पर भेजना और निगरानी एवं आपातकालीन उपकरणों सहित महत्वपूर्ण रक्षा एवं सुरक्षा आपूर्ति उपलब्ध कराना शामिल होगा। अंतरराष्ट्रीय परमाणु एजेंसी ने कहा कि ग्रॉसी इस सप्ताह यूक्रेन के परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में से एक की यात्रा करेंगे। उसने यह नहीं बताया कि वह परमाणु ऊर्जा केंद्र कौन सा है। यूक्रेन में चार सक्रिय बिजली संयंत्रों में 15 परमाणु रिएक्टर हैं और यहां 1986 के परमाणु त्रासदी का केंद्र रहा चेर्नोबिल संयंत्र भी है। रूसी सेना ने चेर्नोबिल और ज़पोरिज़िया में सबसे बड़े सक्रिय बिजली संयंत्र पर नियंत्रण कर लिया है।

आईएईए प्रमुख यूक्रेन के परमाणु ऊर्जा संयंत्रों की सुरक्षा पर यूक्रेन और रूस के साथ एक समझौते के लिए हफ्तों से दबाव बना रहे हैं। तुर्की में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की थी। उन्होंने मंगलवार को कहा कि यूक्रेन ने उनकी एजेंसी से सहायता का अनुरोध किया था और हम अब मदद देना शुरू करेंगे। ग्रॉसी ने एक बयान में कहा, सैन्य संघर्ष ने यूक्रेन के परमाणु ऊर्जा संयंत्रों और रेडियोधर्मी सामग्री के साथ अन्य प्रतिष्ठानों को अभूतपूर्व खतरे में डाल दिया है। आईएईए ने सोमवार को कहा था कि यूक्रेन के परमाणु नियामक ने उसे बताया कि यूक्रेन के 15 रिएक्टर में से आठ का संचालन जारी है, जिनमें से दो रूस नियंत्रित ज़पोरिज़िया में है। अन्य को नियमित रखरखाव के लिए बंद कर दिया गया है।

## पाकिस्तान के प्रधानमंत्री खान के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर तीन अप्रैल को मतदानः मंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान तीन अप्रैल को होगा। गृह मंत्री शेख राशिद ने मंगलवार को यह जानकारी दी। नेशनल असेंबली के एक सत्र के दौरान सोमवार को विपक्षी दलों द्वारा खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करने के बाद राशिद ताजा राजनीतिक स्थिति को लेकर यहां संघीय राजधानी में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, 31 मार्च को अविश्वास प्रस्ताव पर बहस होगी, उसके बाद तीन अप्रैल को मतदान होगा। उन्होंने दावा किया कि खान इसमें विजई रहेंगे। उन्होंने अनुमान जताया कि अलग-थलग पड़े सभी सहयोगी खान के नेतृत्व वाली सरकार का समर्थन करने के लिए वापस आएंगे जैसा कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-कायद (पीएमएल-क्यू) द्वारा पहले ही किया जा चुका है।

## ब्रिटिश पुलिस पार्टीगेट मामले में 20 लोगों पर जुर्माना लगाएगी

**लंदन।** ब्रिटेन में स्कॉटलैंड यार्ड पुलिस ने मंगलवार को इस बात की पुष्टि की कि वह पार्टीगेट मामले में 20 लोगों पर जुर्माना लगाएगी। हालांकि, पुलिस ने उन लोगों के नामों को सार्वजनिक नहीं किया, जिन्हें जुर्माने के लिए नोटिस जारी किया गया है। वहीं, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के प्रवक्ता ने कहा है कि जॉनसन उन लोगों में शामिल नहीं हैं जिन्हें फिक्स्ड पेनाल्टी नोटिस जारी किया गया है। फिक्स्ड पेनल्टी नोटिस के तहत 28 दिनों के भीतर जुर्माना अदा करने की जरूरत होती है, जब तक कि विरोध न किया जाए। अगर कोई जुर्माना लगाए जाने का विरोध करने का विकल्प चुनता है, तो पुलिस मामले की समीक्षा करेगी और तय करेगी कि जुर्माना वापस लिया जाए या मामले को अदालत में ले जाया जाए। कोरोना वायरस के प्रसार की रोकथाम के लिए लागू लॉकडाउन का उल्लंघन करके ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के कार्यालय डाउनिंग स्ट्रीट और सरकार के कार्यालयों के भीतर आयोजित की गई पार्टियों के मामले को पार्टीगेट के तौर पर जाना जाता है। इस मामले में व्यापक आलोचना के कारण जॉनसन को संसद में माफी मांगनी पड़ी थी। पुलिस 12 मामलों की जांच कर रही है जिसमें 2020-21 में लागू लॉकडाउन नियमों का उल्लंघन हुआ होगा। ऐसा माना जाता है कि इन पार्टियों में प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन भी शामिल हुए। इसमें से एक पार्टी जून 2020 में डाउनिंग स्ट्रीट के कैबिनेट रूम में जॉनसन के जन्मदिन पर आयोजित किए जाने का आरोप है। लंदन की पुलिस ने इस मामले में प्रधानमंत्री समेत 100 से अधिक लोगों को सवालों की सूची भेजी थी। पुलिस ने जांच के तहत गवाहों के बयान भी दर्ज किए थे। मेट्रोपोलिटन पुलिस ने मंगलवार को एक बयान में कहा, कोविड-19 नियमों के उल्लंघन के लिए हम आज शुरुआत में 20 फिक्स्ड पेनाल्टी नोटिस जारी करना शुरू करेंगे।

## राष्ट्रीय बैंक प्रबंधन संस्थान एवं टैलेंटस्प्रिंट ने हाथ मिलाया

**भाषा।** मुंबई

**टैलेंटस्प्रिंट ग्लोबल** एडटेक कंपनी और परिवर्तनकारी डीपटेक कार्यक्रमों में मार्केट लीडर है और राष्ट्रीय बैंक प्रबंधन संस्थान (एनआईबीएम) भारतीय रिजर्व बैंक और बैंकों द्वारा स्थापित स्वायत्त एपेक्स संस्थान ने आज बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं की अगली पीढ़ी के लिए प्रतिभा बनाने के लिए सहयोगात्मक प्रयास की घोषणा की। बीएफएसआई सेक्टर द्वारा सुधारवादी प्रौद्योगिकी अपनाने से तकनीक.प्रेमी पेशेवरों के महत्व में वृद्धि हुई है और डिजिटल.फर्स्ट समय के लिए बीएफएसआई पेशेवरों को री.स्किल और अप.स्किल की आवश्यकता को बढ़ावा मिला है। नतीजतन, नए जमाने के बैंकरों और वित्त पेशेवरों को भविष्य के लिए अपने कार्यक्षेत्र के ज्ञान को डिजिटल कौशल के साथ जोड़ना चाहिए।

वित्तीय सेवा के क्षेत्र में डिजिटलाइजेशन अब कोई नई बात नहीं है। बीएफएसआई सेक्टर में या उसके लिए काम कर रहे बैंकिंग, वित्त, तकनीक या परामर्श पेशेवर एक चौराहे पर हैं।

कार्यक्रम के शुभारंभ पर टिप्पणी करते हुए सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के अध्यक्षए बी वी चौबल ने कहा कि डवांस्ड एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम सही समय पर शुरू किया जा रहा है क्योंकि बैंकिंग ईकोसिस्टम पूरी तरह बदल रहा । टैलेंटस्प्रिंट के एमडी और सीईओ डॉ. शांतनु पॉल ने कहा कि ष्नवाचार, विनियमन, तकनीकी और ग्राहकों की अपेक्षाएं बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र को तेजी से बदल रही हैं। विशेष रूप से तैयार किया गया यह कार्यक्रम उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करता है और इसका उद्देश्य वरिष्ठ बैंकिंग और वित्त पेशेवरों की क्षमता बनाना है ताकि वे डिजिटल टूल्स का सर्वोत्तम उपयोग कर सकें।

## गूगल क्लाउड के साथ रणनीतिक तौर पर डिजिटल ट्रांसफ़ार्मेशन को बढ़ावा देगा अदाणी समूह

**अहमदाबाद।** अदाणी समूह ने आज भारत के सबसे तेजी से बढ़ते डायवर्सिफाइड बिजनेस पोर्टफोलियो में इनोवेशन के अगले चरण को शक्ति प्रदान करने के लिए गूगल क्लाउड के साथ एक बहु-वर्षीय, क्लाउड,फर्स्ट पार्टनरशिप की घोषणा की है। यह रणनीतिक साझेदारी खासकर अदाणी ग्रुप के आईटी ऑपरेशंस को बड़े स्तर पर आधुनिक बनाने के लिए बेस्ट-इन-क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्री सॉल्यूशंस के मामले में प्रत्येक संगठन की विशेषज्ञता का उपयोग करेगी। अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा कि क्लाउड एडॉप्शन की अनिवार्यता और तेजी यह सुनिश्चित करती है कि हर एक व्यवसाय अपने बिजनेस मॉडल को फिर से परिभाषित करें। ये नई चुनौतियां और नए अवसर देता है जो न केवल परिवर्तनकारी होंगे बल्कि इंडस्ट्री कॉलेबोरेशन के नए रूपों की भी आवश्यकता होंगे। हमें एक प्रौद्योगिकी संचालित संगठन बनाने में मदद करने के लिए गूगल क्लाउड के साथ उसके बहुआयामी प्रस्तावों पर काम करते हुए खुशी महसूस हो रही है जो हमारे लिए नए व्यावसायिक क्षेत्रों को खोलता है। इस पार्टनरशिप का पहला दौर अच्छी तरह जारी हैए अदाणी समूह अपने मौजूदा ऑन प्रिमाइसेस डेटा सेंटर और कॉलोकेशन सुविधाओं से गूगल क्लाउड में अपने विशाल आईटी फुटप्रिंट्स माइग्रेट करने में तेजी से आगे बढ़ रहा है। अदाणी ग्रुप के 250 बिजनेस क्रिटिकल एप्लीकेशंस जैसे कि इसके एसएपी हाना कोर और पेरिफेरल सिस्टम को गूगल क्लाउड के सुरक्षित, विश्वसनीय और हाई स्पीड वाले क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर में स्थानांतरित करने से वर्कफ्लो को सेंट्रलाइज किया जाएगा, संचालन को सुव्यवस्थित किया जाएगा और बिजनेस यूजर्स को तेजी से शक्तिशाली नए डेटा क्षमताओं को हासिल करने तथा सटीक निर्णय लेने में सक्षम बनाया जाएगा।

## लाभ कमाने वाली फर्मों के साथ बीमार उर्वरक इकाइयों के विलय का प्रस्ताव नहीं: सरकार

**नई दिल्ली।** मौजूदा समय में सरकार के पास लाभ कमाने वाली उर्वरक कंपनियों के साथ सार्वजनिक क्षेत्र की रुग्ण उर्वरक इकाइयों के विलय का कोई प्रस्ताव नहीं है। यह जानकारी संसद को मंगलवार को दी गई। मौजूदा समय में उर्वरक विभाग के नियंत्रण में सार्वजनिक क्षेत्र की दो बीमार उर्वरक कंपनियां एफएसीटी (फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स त्रावणकोर लि.) और एमएफएल (मद्रास फर्टिलाइजर्स लिमिटेड) हैं। रसायन और उर्वरक राज्यमंत्री भगवंत खुबा ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को बताया, दोनों इकाइयां चालू हैं। एफएसीटी ने वित्त वर्ष 2018-19 से 2020-21 तक लाभ की सूचना दी है। एमएफएल को 2015-16 से 2019-20 तक घाटा हुआ है। वर्तमान में ऐसी कोई उर्वरक निर्माण इकाई नहीं है जो घाटे में चल रही हो, जिसमें ऋण माफ किया गया हो और पुरानी मशीनरी को हाल ही में बदल दिया गया हो। मौजूदा समय में लाभ कमाने वाली उर्वरक इकाइयों के साथ बीमार या रुग्ण उर्वरक इकाइयों के विलय का कोई प्रस्ताव नहीं है।

## सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में पर्याप्त पूंजी डाली गईः वित्त राज्य मंत्री

**नई दिल्ली।** सरकार ने पिछले पांच साल के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) में 2,86,043 करोड़ रुपए की पूंजी डाली है और वे पर्याप्त रूप से पूंजीकृत हैं। संसद को यह जानकारी दी गई। सरकार ने वर्ष 2017-18 और वर्ष 2021-22 के बीच लगभग तीन लाख करोड़ रुपए की पूंजी डाली।

## शेयर बाजारों में तेजी, सेंसेक्स 350 अंक चढ़ा, निफ्टी 17,300 अंक के पार

**भाषा।** मुंबई

**शेयर बाजारों** में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 350 अंक के लाभ के साथ बंद हुआ। रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता से पहले वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच एचडीएफसी लि., एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और इन्फोसिस के शेयरों में बढ़त के साथ बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 350.16 अंक यानी 0.61 प्रतिशत की बढ़त के साथ 57,943.65 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 408.04 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की बढ़त के साथ 58,001.53 अंक तक गया था। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से 20 लाभ में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 103.30 अंक यानी 0.60 प्रतिशत चढ़कर 17,325.30 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के 50 शेयरों में से 32 नुकसान में रहे।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता की रिपोर्ट के साथ कच्चे तेल के दाम में नरमी से वैश्विक बाजारों में तेजी आई। सेंसेक्स के शेयरों में से एचडीएफसी में सर्वाधिक 3.06 प्रतिशत की तेजी रही। भारती एयरटेल 2.89 प्रतिशत मजबूत हुआ। कंपनी के शुल्क दर बढ़ाने पर विचार की रिपोर्ट के साथ शेयर चढ़ा। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक (1.4 प्रतिशत) अल्ट्राटेक सीमेंट (2.7 प्रतिशत), सन फार्मा (1.62 प्रतिशत), डॉ. रेड्डीज (1.09 प्रतिशत), कोटक बैंक (0.74 प्रतिशत) और इन्फोसिस (0.66 प्रतिशत) में भी तेजी रही। आईसीआईसीआई बैंक, एचयूएल, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स और नेस्ले में भी तेजी रही।

दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में आईटीसी, टाटा स्टील, भारतीय स्टेट बैंक, इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व और एनटीपीसी शामिल हैं। इनमें 0.99 प्रतिशत तक की गिरावट रही। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, बाजार में एक बार फिर काफी उतार-चढ़ाव रहा और अंत में यह 0.5 प्रतिशत से अधिक लाभ में बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर अनुकूल रुख के साथ बाजार बढ़त के साथ खुला। बाद में तेजी बनी रही लेकिन घट-बढ़ होती रही। इक्विटी-99 के सह-संस्थापक राहुल शर्मा ने कहा, सूचकांकों के 0.66 प्रतिशत चढ़ने के साथ बाजार तेजी के साथ बंद हुआ। इसका कारण रूस और यूक्रेन के बीच बातचीत का सकारात्मक परिणाम आने की उम्मीद है। दोपहिया वाहन बनाने वाली हीरो मोटोकॉर्प का शेयर बीएसई में 7.08 प्रतिशत टूटकर 2,208.35 रुपए पर आ गया।

शेयर बाजार द्वारा मीडिया रिपोर्ट के दावे पर स्पष्टीकरण मांगे जाने के बाद कंपनी का शेयर नीचे आया। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि आयकर विभाग ने गलत तरीके से 1,000 करोड़ रुपए के खर्च दिखाने का मामला पाया है। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे, जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट मामूली नुकसान में रहा।

यूक्रेन और रूस के बीच तुर्की में शांति वार्ता से पहले यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख रहा। रूस और यूक्रेन के अधिकारियों की तुर्की के इस्तांबुल में आमने-सामने की बैठक हो रही है। दो सप्ताह में यह पहली बैठक है। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.52 प्रतिशत बढ़कर 113.1 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे और उन्होंने सोमवार को 801.41 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

## शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले रुपया 23 पैसे मजबूत

**मुंबई।** रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को शुरुआती कारोबार में 23 पैसे की मजबूती के साथ 75.93 रुपए प्रति डॉलर पर पहुंच गया। कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों के अनुकूल रुख और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दाम में नरमी आने से रुपए को समर्थन मिल रहा है। विदेशी बाजारों में डॉलर के कमजोर होने से भी रुपया मजबूत हो रहा है। अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 75.97 के भाव पर खुला और थोड़ी ही देर में मजबूती के साथ 75.93 रुपए प्रति डॉलर के भाव पर पहुंच गया। इस तरह शुरुआती कारोबार में रुपया 23 पैसे की मजबूती के साथ टिका रहा। पिछले कारोबारी दिवस पर रुपया 76.16 रुपए प्रति डॉलर के भाव पर बंद हुआ था। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चा तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 1.53 प्रतिशत गिरकर 110.76 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को आंकने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 प्रतिशत कम होकर 98.99 पर आ गया। घरेलू स्तर पर शेयर बाजार सकारात्मक कारोबार कर रहे हैं। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 233 अंक की बढ़त के साथ 57,826.49 अंक पर है जबकि निफ्टी 75.85 अंक की मजबूती के साथ 17,297.85 अंक पर कारोबार कर रहा है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, hitherto known as MEERA KATYAL W/o Shri PANKAJ LUTHRA R/o B-65 A, Hardev Nagar, Jharoda Mazra Burari, NEW DELHI - 110084, have changed my name and shall hereafter be known as ISHA LUTHRA for all future purpose.

PD(9169)A

PUBLIC NOTICE

NOTICE is hereby given that **Sandeep Malik** and **Anil Malik** "Seller/s" claims to be owner and in possession of Property No. **E-162, Preet Nagar CHBS Ltd, Known as Preet Vihar, Delhi (hereinafter called the said property)** by virtue of Will dated 04.12.2014, Doc. No. 609 executed by Santosh Malik and after the death of Santosh Malik and Ved Prakash Malik, said Santosh Malik expired on 04.05.2021 and Ved Prakash Malik expired on 05.02.2019 and said Sandeep Malik and Anil Malik has agreed to sell the said property to Neha Goyal and said Neha Goyal has agreed to create mortgage of the said Property in favour of our client, **Standard Chartered Bank, Express Building, Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi.** All person/s /Institution/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/ registered or otherwise), gift, trust, inheritance, lien or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within **14 days** from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned and our client shall proceed with the disbursement of loan against the said property and subsequent creation of mortgage in respect thereof.

**Vishal Diwan** (Advocate)
**For Diwan and Company, Advocates and Solicitors**
House No.2 (LGF), NRI Complex, N. Delhi-19 M. 9818399999

PUBLIC NOTICE

To be known to all that, **Shri P Chandra Shekharan son of Late Shri Gopalnath Anand Murthy and Smt. Nalini Shekharan wife of Shri P. Chandra Shekharan both resident of House No.C-35,Sector-14,Prashant Vihar,Rohini, Delhi, is** owner and in physical possession of Plot No.35, measuring 70 Sq. Mtr., Block No.C, Prashant Vihar,Rohini,Delhi,(hereinafter called the Property) allotted by DDA vide File No. F-38 (338)1978/LAB(Res),Allotment/Demand Letter, Possession Letter, Site Possession Slip and NOC for Water & Electric connection, All Payment Challans and other relevant Documents, in respect of above said Plot has been lost. An NCR to this effect has been lodged. Any person (s) found in possession of Original document may kindly write/contact with above named person at above address..

PUBLIC NOTICE

NOTICE is hereby given that **Vilma Fernandes** "Seller/s" claims to be owner and in possession of **Entire Third Floor with terrace Rights of Property No. 54 at Sukhdev Vihar, New Delhi (hereinafter called the said property)** by virtue of law of Inheritance for 40 % share after the Death of Manuel Francisco Argemiro da Conceicao Fernandes and said Vilma Fernandes is the owner is already a owner of 60 % undivided share in the said property vide sale Deed Dated 01.04.2011, said property is mutated in favor of Vilma Fernandes and said Vilma Fernandes has agreed to sell the said property to Mr. Ketan Khurana and said Mr Ketan Khurana has agreed to create mortgage of the said Property in favour of our client, **IDFC First Bank Limited, having its office at ITO**. All person/s /Institution/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, lien or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within **14 days** from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned and our client shall proceed with the disbursement of loan against the said property and subsequent creation of mortgage in respect thereof.

**Vishal Diwan** (Advocate)
**For Diwan and Company, Advocates and Solicitors**
House No.2 (LGF), NRI Complex, N. Delhi-19 M. 9818399999

# आनुवांशिक विश्लेषण

**राहुल रंगनाथ** लिखते हैं, आनुवांशिक विश्लेषण और निवारक स्वास्थ्य देखभाल की बढ़ी हुई पहुंच और सामर्थ्य इस बात की संभावना का संकेत है कि देश में स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली न केवल रोगियों को शीघ्र निदान प्रदान करने के लिए विकसित हो सकती है, बल्कि उपचारात्मक या निवारक उपचार के साथ बेहतर रोग का निदान भी कर सकती है।



आधुनिक जीवन शैली के साथ आधुनिक समस्याएं आती हैं। और इन आधुनिक समस्याओं के लिए आधुनिक समाधान की आवश्यकता है। देश की आबादी में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की बढ़ती संख्या इसका एक उदाहरण है। मोटापे से लेकर कैंसर तक, ग्राफ लगातार बढ़ रहा है और इसके कारण अक्सर अस्वास्थ्यकर जीवनशैली, आनुवंशिकी और पर्यावरणीय प्रभाव सहित कारकों के संयोजन से जुड़े होते हैं। लेकिन क्या हम पक्के तौर पर कह सकते हैं कि इन बीमारियों का कारण क्या है? क्या शरीर में प्रकट होने से पहले उन्हें पकड़ने का कोई तरीका है? और यदि हां, तो क्या इन उपायों को लागू करने के लिए भारत के पास स्वास्थ्य सेवा का बुनियादी ढांचा है?

उपरोक्त सभी प्रश्नों का सरल उत्तर 'हां' है। लेकिन वास्तविकता थोड़ी अधिक बारीक है। जब मानव शरीर की बात आती है, तो बहुत कुछ ऐसा होता है जिसे हम नहीं जानते हैं और जो हम जानते हैं उसे हम अभी भी समझ रहे हैं। हालांकि इसका मतलब यह नहीं है कि हमने ऐसी प्रगति नहीं की है जो बीमारियों और जीवनशैली संबंधी विकारों को इतनी जल्दी पकड़ने में मदद कर सके कि व्यक्ति निवारक उपाय कर सकें।

क्या आप जानते हैं कि अब तक दुनिया भर में 7,000 से अधिक बीमारियों को जाना और बताया जा चुका है? इनमें से लगभग 80 प्रतिशत को आनुवंशिक प्रवृत्ति (ग्लोबल जीन के अनुसार) के लिए जाना जाता है। यह बहुत बड़ी संख्या है! क्या होगा यदि आप निश्चित मात्रा में निश्चितता के साथ भविष्यवाणी कर सकते हैं यदि आपके पास मोटापा और उच्च रक्तचाप जैसी विशेष बीमारियों के लिए जीन है? यह वह जगह है जहां भविष्य कहनेवाला स्वास्थ्य देखभाल और आनुवंशिक विश्लेषण आता है।

इस तथ्य के बावजूद कि औसतन आठ करोड़ भारतीय दुर्लभ बीमारियों से प्रभावित हैं जिनके आनुवंशिक कारण हैं, देश में भविष्य कहनेवाला स्वास्थ्य उद्योग अभी विकसित होना शुरू हुआ है। हालांकि, डीएनए आधारित वेलनेस संगठन पूरे भारत में भविष्य कहनेवाला स्वास्थ्य सेवा की पहुंच बढ़ाने में मदद कर रहे हैं। इसके दूरगामी निहितार्थ हैं क्योंकि इसका मतलब है कि व्यक्ति अब इस तरह की सेवाओं का उपयोग यह अनुमान लगाने में मदद करने के लिए कर सकते हैं कि उनके स्वास्थ्य में क्या बदलाव आ सकता है और गंभीर बीमारियों और चिकित्सा स्थितियों के प्रभाव को कम करने या पूरी तरह से बचने के लिए निवारक उपाय कर सकते हैं।

आनुवंशिकी का क्षेत्र देश भर में तीव्र गति से विकसित हो रहा है, और अधिक से अधिक लोग इसके प्रभाव और शारीरिक स्वास्थ्य और भलाई की बेहतरी की दिशा में होने वाले लाभों के बारे में जागरूक हो रहे हैं। इस तीव्र विकास के साथ, वास्तव में, यह विश्वास करना कठिन है कि जीनोम को अनुक्रमित करने के पहले प्रयास में लगभग 3 बिलियन डॉलर की लागत आई और इसे पूरा करने में 13 साल लगे (मानव जीनोम परियोजना)। लगभग दो दशक आगे तेजी से आगे बढ़ें, और यह विश्वास करना कठिन है कि संपूर्ण जीनोम अनुक्रमण आजकल 1 लाख रुपये से कम में किया जा सकता है और विशिष्ट परिस्थितियों के लिए लक्षित आनुवंशिक विश्लेषण भारत में 10 हजार से नीचे किया जा सकता है।

अब इससे पहले कि हम भविष्य कहनेवाला स्वास्थ्य देखभाल और आनुवंशिक विश्लेषण के लाभों में गहराई से उतरें, आइए समझते हैं कि यह वास्तव में कैसे काम करता है। आनुवंशिक विश्लेषण की प्रक्रिया में मूल रूप से किसी व्यक्ति के जीन का अध्ययन करना शामिल होता है, जो ये इकाइयां हैं जो वंशानुगत जानकारी ले जाती हैं जो किसी व्यक्ति के सभी लक्षणों को निर्धारित करती हैं। इसलिए, ये जीन इस बात की जानकारी रखते हैं कि किसी को किस तरह की बीमारियां हो सकती हैं। उदाहरण के लिए, आपने किसी डॉक्टर को किसी को यह कहते सुना होगा कि उनका उच्च रक्तचाप या थायरॉयड का पारिवारिक इतिहास है और इसलिए उन्हें अपने स्वास्थ्य का बेहतर ध्यान रखना चाहिए। आनुवंशिक विश्लेषण, रक्त विश्लेषण और जीवन शैली विश्लेषण जैसी प्रक्रियाओं के साथ, जो अब उपलब्ध हैं, आप इसे निश्चित मात्रा में सुनिश्चित कर सकते हैं और इस तरह अंधेरे में शूट किए बिना तदनुसार निवारक उपाय कर सकते हैं।

आनुवंशिक विश्लेषण इतना महत्वपूर्ण और महत्वपूर्ण होने का कारण यह है कि मानव शरीर में लगभग 20,000 जीन होते हैं और इनमें से किसी भी जीन में अपने आप या दूसरों के साथ संयोजन में उत्परिवर्तन के परिणामस्वरूप बीमारी हो सकती है। इसलिए अपने आनुवंशिक कोड का विश्लेषण करने से वास्तव में यह समझने में मदद मिल सकती है कि उत्परिवर्तन कहां हुआ। और इसका न केवल नियमित भारतीय बल्कि चिकित्सा की सभी शाखाओं के लिए भी दूरगामी प्रभाव पड़ता है। क्योंकि यह वह जानकारी है जो डॉक्टरों को किसी बीमारी के लिए बेहतर पूर्वानुमान देने में मदद कर सकती है। उदाहरण के लिए, यदि किसी के माता-पिता या दादा-दादी हैं जो कैंसर से पीड़ित हैं, तो आनुवंशिक परीक्षण से भविष्य कहनेवाला स्वास्थ्य विश्लेषण वास्तव में डॉक्टरों को यह पता लगाने में मदद कर सकता है कि रोगी में बीमारी के लिए आनुवंशिक प्रवृत्ति भी है। इससे उन्हें निवारक उपाय करने में मदद मिल सकती है, जिससे उनके लिए इससे निपटना बहुत आसान हो जाता है, अगर ऐसा कुछ ऐसा है जिससे वे बच नहीं सकते हैं। मुख्यधारा के मीडिया में मशहूर हस्तियों के बहुत सारे उदाहरण हैं जिन्होंने इसे सफलतापूर्वक किया है। एक सेलेब्रिटी जो दिमाग में आती है, वह है एंजेलिना जोली, जिन्होंने अपनी आनुवंशिक परीक्षण प्रक्रिया के परिणामों के बाद डबल मास्टक्टोमी करवाई, जिससे पता चला कि उनके पास वह जीन है जो उन्हें स्तन कैंसर के लिए एक उच्च जोखिम में डालता है और यह उनकी माँ की ओर से पारित हो गया था।

यद्यपि भारतीय बाजार उतना विकसित नहीं है जितना कि संयुक्त राज्य अमेरिका का कहना है, जहां आप दिन-प्रतिदिन के आधार पर आनुवंशिक विश्लेषण के साथ-साथ स्क्रीनिंग भी प्राप्त कर सकते हैं, इसमें बहुत बड़ी संभावनाएं हैं। 5 साल पहले की तुलना में, जब भारत में इसके लिए बाजार लगभग न के बराबर था, उद्योग 500 करोड़ से अधिक की बाजार हिस्सेदारी तक पहुंच गया है और सालाना 30त्न की दर से बढ़ रहा है। यह इस बात का संकेत है कि भारत में आनुवंशिक परीक्षण कितने आगे आ गए हैं, यहां परीक्षण की संख्या बढ़ती जा रही है और उनमें से बहुत से पांच साल पहले की तुलना में आधे की लागत आई है। इसके अलावा, जिन परीक्षणों में सप्ताह लगते थे, वे अब दिनों में किए जा सकते हैं।

> औसतन आठ करोड़ भारतीय दुर्लभ बीमारियों से प्रभावित हैं जिनके आनुवंशिक कारण हैं। देश में भविष्य कहनेवाला स्वास्थ्य उद्योग अभी विकसित होना शुरू हुआ है। हालांकि, डीएनए आधारित वेलनेस संगठन पूरे भारत में भविष्य कहनेवाला स्वास्थ्य सेवा की पहुंच बढ़ाने में मदद कर रहे हैं। इसके दूरगामी निहितार्थ हैं क्योंकि इसका मतलब है कि व्यक्ति अब इस तरह की सेवाओं का उपयोग यह अनुमान लगाने में मदद करने के लिए कर सकते हैं कि उनके स्वास्थ्य में क्या बदलाव आ सकता है और गंभीर बीमारियों और चिकित्सा स्थितियों के प्रभाव को कम करने या पूरी तरह से बचने के लिए निवारक उपाय कर सकते हैं।

इसकी लोकप्रियता में और वृद्धि को नए तरीकों की खोज से संबोधित किया जा सकता है जिसमें आनुवंशिक परीक्षण लोगों को उनके दैनिक जीवन में मदद कर रहा है। भविष्य कहनेवाला स्वास्थ्य विश्लेषण, जो अपने स्वास्थ्य के लिए चिंतित कई व्यक्तियों के बीच एक लोकप्रिय उपकरण बनता जा रहा है, उपयोगकर्ताओं को कार्रवाई योग्य अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए आनुवंशिक डेटा का उपयोग कर रहा है जो उनके स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है।

महामारी के बाद देश में स्वास्थ्य जागरूकता के स्तर में वृद्धि हुई है। लोग अब स्वस्थ जीवनशैली में बदलाव की तलाश कर रहे हैं और अधिक समग्र जीवन जीने का प्रयास कर रहे हैं। यहां समस्या यह है कि ज्यादातर लोग एक आकार-फिट-सभी दृष्टिकोण से स्वस्थ जीवन जीते हैं, लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है कि यह कैसे काम करता है। उदाहरण के लिए, बहुत से लोग वजन कम करने की कोशिश करने और वजन कम करने के लिए क्रैश डाइट या कठोर वर्कआउट शेड्यूल पर जाते हैं, बिना यह समझे कि वे पहली बार में वजन क्यों बढ़ा रहे हैं। यह केवल एक गतिहीन जीवन शैली के कारण हो सकता है या यह पूरी तरह से एक और मुद्दा हो सकता है जैसे कि चयापचय संबंधी समस्याएं जो स्थिति को जन्म दे रही हैं, या यह अभी भी एक गहरा मुद्दा हो सकता है जैसे कि हार्मोनल असंतुलन। जब लोग पहली बार यह समझे बिना जीवनशैली में बदलाव करते हैं कि उनका शरीर कैसे प्रतिक्रिया करेगा और उक्त परिवर्तन उनके लिए भी काम करेगा या नहीं, तो वे अच्छे से ज्यादा नुकसान कर रहे होंगे।

यह वह जगह है जहां भविष्य कहनेवाला स्वास्थ्य सेवा एक गेम-चेंजर है। किसी व्यक्ति के आनुवंशिक डेटा पूल का अध्ययन और विश्लेषण करके, यह उन प्रमुख क्षेत्रों की पहचान करने में मदद करता है जहां समस्या वास्तव में मौजूद है। तदनुसार, जीवनशैली और आदत में बदलाव का सुझाव दिया जा सकता है कि व्यक्ति आसानी से अपनी जीवन शैली में शामिल हो सकता है और कम समय में बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकता है।

वास्तव में, लोगों को स्वस्थ जीवन जीने में मदद करने के लिए जीवनशैली में बदलाव लाना सबसे बड़े लाभों में से एक है जो आनुवंशिक विश्लेषण व्यक्तिगत स्तर पर पेश कर सकता है। इस क्षेत्र में जो वादा है वह बहुत बड़ा है। कई स्रोतों से किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य का गहन विश्लेषण प्रदान करने की इसकी क्षमता किसी से पीछे नहीं है। जीवन शैली ट्रिगर बिंदुओं की पहचान करने से जो हमारे शरीर में कुछ जीनों को एक विशेष तरीके से प्रतिक्रिया करने के लिए प्रेरित करते हैं, यह भविष्यवाणी करने के लिए कि वे भविष्य में किसी के स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित कर सकते हैं, भविष्य कहनेवाला स्वास्थ्य देखभाल में स्वस्थ जीवन शैली को आकार देने की एक बड़ी क्षमता है जो विशेष रूप से हमारी व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप है।

आनुवंशिक परीक्षण के अन्य उपयोगों में वाहक परीक्षण शामिल है जो उन लोगों की पहचान करने में मदद करता है जो एक जीन उत्परिवर्तन की एक प्रति ले जाते हैं, जो दो प्रतियों में मौजूद होने पर आनुवंशिक विकार का कारण बन सकता है। इस प्रकार के परीक्षण उन व्यक्तियों के लिए पेश किए जा रहे हैं जिनके पास आनुवंशिक विकार का पारिवारिक इतिहास है और कुछ जातीय समूहों के लोगों के लिए जहां वैवाहिक विवाह प्रचलित हैं, एकल-जीन विकारों से पीड़ित एक ही पैतृक वंश से लाखों व्यक्तियों को जन्म देते हैं।

हर मामले में, इस तरह के परीक्षण अनिश्चितता से राहत की भावना प्रदान कर सकते हैं और लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रबंधन के बारे में सूचित निर्णय लेने में मदद कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, एक नकारात्मक परिणाम लें जो कुछ मामलों में अनावश्यक जांच और स्क्रीनिंग परीक्षणों की निरंतर आवश्यकता को समाप्त कर सकता है। और एक सकारात्मक परिणाम, इसके विपरीत, एक व्यक्ति को उपलब्ध रोकथाम, निगरानी और उपचार विकल्पों की ओर निर्देशित कर सकता है।

व्यक्तिगत बेहतरी के अलावा, आनुवंशिक डेटा भी कानून प्रवर्तन एजेंसियों को अधिक बेहतर ढंग से कार्य करने में सक्षम बना रहा है। फोरेंसिक परीक्षण, जो कानूनी उद्देश्यों के लिए किसी व्यक्ति की पहचान करने के लिए डीएनए अनुक्रमों का उपयोग करता है, अपराधों को सुलझाने या आपदा पीड़ितों की मदद करने के लिए एक परिष्कृत उपकरण के रूप में विकसित हुआ है, एक अपराध संदिग्ध को खारिज करने या फंसाने के लिए, या विवादों के मामले में लोगों के बीच जैविक संबंध स्थापित करने के लिए विकसित किया गया है। अन्य बातें।

चूंकि उद्योग अभी भी भारत में अपनी प्रारंभिक अवस्था में है, निश्चित रूप से ऐसी चुनौतियाँ हैं जिनसे अभी भी निपटना होगा। उदाहरण के लिए, जिन लोगों की आनुवंशिक विश्लेषण द्वारा मदद की जा सकती है, वे इसका लाभ उठाने में असमर्थ हैं, या तो जागरूकता की कमी के कारण या इसमें शामिल खर्चों के कारण। इसके अलावा, आम तौर पर उपलब्ध परीक्षण यूरोपीय या अमेरिकी आबादी पर आधारित होते हैं, इसलिए, भारतीय आबादी के लिए उनकी सटीकता को सीमित करते हैं। आनुवंशिक मार्करों और उनके निहितार्थों का एक भारत विशिष्ट डेटाबेस बनाने के लिए जनसंख्या में आनुवंशिक परीक्षण की मात्रा में वृद्धि करके ही इस समस्या का समाधान किया जा सकता है। यह हमारी आबादी के लिए सटीक दवा को भी अनलॉक करेगा जहां कई प्रकार के विकारों के लिए दवाएं व्यक्तिगत आनुवंशिक प्रोफाइल के आधार पर प्रदान की जाती हैं ताकि प्रभावकारिता को अधिकतम किया जा सके और दवा के दुष्प्रभावों को कम किया जा सके। आनुवंशिक विश्लेषण और निवारक स्वास्थ्य देखभाल की बढ़ी हुई पहुंच और सामर्थ्य धीरे-धीरे इस संभावना को दिखा रही है कि देश में स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली न केवल रोगियों को शीघ्र निदान प्रदान करने के लिए विकसित हो सकती है, बल्कि उपचारात्मक या निवारक उपचार के साथ-साथ बेहतर रोग का निदान भी कर सकती है। आने वाले वर्षों में, यह लोगों को जीवन प्रत्याशा बढ़ाने, बेहतर उपचार विकल्प खोजने और समग्र रूप से स्वस्थ जीवन जीने में मदद कर सकता है।

**( लेखक सीईओ और न्यूजेनोमिक्स के सह संस्थापक हैं )**

# राजस्थान के बल्लेबाजों ने खेली उम्दा पारी

- सैमसन के आक्रामक अर्धशतक से छह विकेट पर 210 रन
- आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद को 61 रनों से हराया

**भाषा।** पुणे

राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को सनराइजर्स हैदराबाद को 61 रन से हरा दिया। कप्तान संजू सैमसन ने मोर्चे से अगुवाई करते हुए 27 गेंद में 55 रन बनाए जिसकी मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को छह विकेट पर 210 रन बनाए। सैमसन और देवदत्त पडिक्कल ने तीसरे विकेट के लिए 41 गेंद में 73 रन बनाए जिसमें पडिक्कल ने 29 गेंद में चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 41 रन जोड़े। सैमसन ने अपनी पारी में पांच छक्के और तीन चौके लगाए। वहीं आखिरी ओवरों में शिमरोन हेटमाएर ने सिर्फ 13 गेंद में तीन छक्कों की मदद से 32 रन बनाकर रॉयल्स को 200 रन के पार पहुंचाया। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजी गई रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज जोस बटलर को उस समय जीवनदान मिला जब उन्होंने खाता भी नहीं खोला था चूंकि गेंद नोबॉल थी। बटलर (35) और यशस्वी जायसवाल (20) ने 58 रन की साझेदारी करके टीम को अच्छी शुरूआत दी। बटलर ने उमरान मलिक को चौथे ओवर में दो चौके और दो छक्के लगाए और इस ओवर में 21 रन बने। दोनों सलामी बल्लेबाजों ने इसके बाद वाशिंगटन सुंदर को एक एक छक्का लगाया। रॉयल्स के पांच ओवर में बिना किसी नुकसान के 52 रन बन गए। जायसवाल सातवें ओवर में रोमारियो शेफर्ड की गेंद पर एडेन मार्कराम को कैच देकर लौटे। वहीं बटलर नौवें ओवर में अपना विकेट गंवा बैठे। सैमसन ने आते ही अपने तेवर जाहिर कर दिए और शुरूआत चौके छक्के से की। उन्होंने सनराइजर्स के किसी गेंदबाज को नहीं बख्शा। वहीं पडिक्कल ने भी 12वें ओवर में टी नटराजन को छक्का जड़कर अपने हाथ खोले। सैमसन ने सुंदर को 16वें ओवर में लगातार दो छक्के लगाए। सनराइजर्स ने पडिक्कल और सैमसन के विकेट एक के बाद एक ले लिए लेकिन हेटमाएर ने तेजी से रन बनाने का सिलसिला जारी रखा। आखिरी दस ओवर में रॉयल्स ने 123 रन बनाए।


बटलर व यशस्वी

### स्कोरबोर्ड

**राजस्थान रॉयल्स पारी:** बटलर का पूरन बो मलिक 35,यशस्वी का मार्कराम बो शेफर्ड 20, सैमसन का समद बो भुवनेश्वर 55,पड़िक्कल बो मलिक 41, हेटमायर बो नटराजन 33,पराग का पूरन बो नटराजन 12,कुल्टर नाइल नाबाद 01,**अतिरिक्त:** (लेग बाई:03, नो बॉल:04, वाईड: 06) 13,कुल योग: 20 ओवर में छह विकेट पर 210 रन,**विकेट पतन:** l-58 , 2-75 , 3-148 , 4-163, 5-207, 6-210, **गेंदबाजी:**भुवनेश्वर 4-0-30- l,शेफर्ड 4-0-33- l,मलिक 4-0-39-2, सुंदर 3-0-47-0,नटराजन 4-0-43-2,अभिषेक l-0-15-0

# केकेआर की निगाह अपनी स्थिति मजबूत करने तो आरसीबी की पहली जीत पर

**भाषा।** नवी मुंबई

**पहले मैच में** जीत से शुरुआत करने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ यहां होने वाले मैच में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश करेगा। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाले केकेआर ने अपने पहले मैच में मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स को छह विकेट से हराया जबकि आरसीबी को 200 से अधिक रन बनाने के बावजूद पंजाब किंग्स से पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा। आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसी शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने पहले मैच में 57 गेंदों पर 88 रन बनाए और वह अपनी इस फॉर्म को बरकरार रखने की कोशिश करेंगे। सलामी बल्लेबाज अनुज रावत अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए और वह अपने प्रदर्शन में निरंतरता लाना चाहेंगे। कप्तानी के दबाव से मुक्त होने के बाद विराट कोहली ने फॉर्म में वापसी के संकेत दिए और वह पंजाब के खिलाफ बड़ी पारी खेलने की कोशिश करेंगे। आरसीबी को यदि जीत दर्ज करनी है तो विकेटकीपर दिनेश कार्तिक को भी पिछले मैच की तरह धमाकेदार पारी खेलनी होगी। केकेआर की गेंदबाजी इकाई को जहां डूप्लेसी के छक्के मारने के कौशल से विशेष रूप से सतर्क रहना होगा, वहीं आरसीबी के गेंदबाजों को भी पंजाब के खिलाफ हुई धुनाई को भूलना होगा। मोहम्मद सिराज ने पिछले मैच में 59 रन लुटाए थे। उन्हें जल्द ही अपने खेल में सुधार करना होगा। एक अन्य गेंदबाज हर्षल पटेल की भूमिका भी अहम होगी जो डेथ ओवरों के विशेषज्ञ हैं। यहां तक श्रीलंकाई स्पिनर वानिंदु हसरंगा की बीच के ओवरों में भूमिका महत्वपूर्ण होगी। केकेआर ने पहले मैच में सभी विभागों में अच्छा प्रदर्शन किया और वे उसे दोहराना चाहेंगे। केकेआर के लिए सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू अजिंक्य रहाणे की फॉर्म में वापसी थी हालांकि ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर पहले मैच में केवल 16 रन ही बना पाए, लेकिन वह किसी भी आक्रमण को ध्वस्त करने में सक्षम हैं। मध्यक्रम में कप्तान श्रेयस अय्यर, सैम बिलिंग्स और शेल्डन जैक्सन को जिम्मेदारी लेनी होगी। गेंदबाजी विभाग में उमेश यादव ने पिछले मैच में शानदार खेल दिखाया लेकिन शिवम मावी, स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण सहित अन्य को बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत पड़ेगी। ऑलराउंडर आंद्रे रसेल की बल्ले और गेंद से भूमिका दोनों टीम के बीच का अंतर पैदा कर सकती है।

### यदि हम आईपीएल जीतते हैं तो डिविलियर्स के बारे में सोचकर भावुक हो जाऊंगा : कोहली

**मुंबई।** विराट कोहली को लगता है कि यदि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) आगामी सत्र में कभी आईपीएल का खिताब जीतता है तो उनके दिमाग में जिस पहले व्यक्ति का नाम आएगा वह एबी डिविलियर्स होंगे जिनके लिए यह काफी मायने रखेगा।समकालीन क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाजो में से एक डिविलियर्स ने पिछले साल नवंबर में खेल के सभी प्रारूपो से संन्यास ले लिया था। उन्होंने 2011 से लेकर आरसीबी के साथ 11 सत्र बिताए थे। पिछले सत्र के बाद कप्तानी छोड़ने वाले कोहली ने आरसीबी बोल्ड डायरीज में कहा, एक दिन मैं सोच रहा था कि आगामी सत्रो मे यदि हम खिताब जीतते है तो सबसे पहले मै उसके (डिविलियर्स) बारे में सोचकर बहुत भावुक हो जाऊंगा। इतने वर्षो तक इतनी कड़ी मेहनत के बाद अपने बजाय मैं वास्तव में उसके बारे में सोचूंगा। यह तब भी उसके लिए काफी मायने रखेगा भले ही वह घर में बैठकर मैच देख रहा हो। वह विशेष इंसान है, क्योंकि उसने सभी के दिलो को छुआ है और हम सभी इसके गवाह है।

# शेन वार्न को श्रद्धांजलि देने के जुटेंगे हजारों प्रशंसक

- आज होगा कार्यक्रम

**भाषा।** ब्रिसबेन

**क्रिकेट के मैदान के** अंदर अपने खेल और मैदान के बाहर अपने असाधारण व्यक्तित्व से लगातार सुर्खियां बटोरने वाले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज स्पिनर शेन वार्न को बुधवार को श्रद्धांजलि देने के लिए मेलबर्न क्रिकेट मैदान में कई जाने माने चेहरों के साथ हजारों की संख्या में उनके प्रशंसक मौजूद रहेंगे।

वार्न चार मार्च को थाईलैंड में अपने कमरे में अचेत मिले थे, जिन्हें बाद में मृत घोषित किया गया। उनका निधन संदिग्ध रूप से दिल का दौरा पड़ने से हुआ। क्रिकेट के मैदान के अंदर अपनी बलखाती गेदों से दुनिया भर के बल्लेबाजों को चकमा देने वाले



वार्न मैदान के बाहर अपनी असाधारण जीवन शैली के लिए जाने जाते थे। उन्होंने क्रिकेट के अपने शुरूआती दिनों में सदी की सर्वश्रेष्ठ गेंद पर इंग्लैंड के दिग्गज माइक गैटिंग को बोल्ड कर 1990 के दशक में लगभग खत्म हो चुकी लेग स्पिन की कला को फिर जीवंत किया था। इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाले वार्न ने भारतीय उपमहाद्वीप, कैरेबियाई देशों और दक्षिण अफ्रीका में भी अपने प्रदर्शन का लोहा मनवाया। बुधवार को मेलबर्न क्रिकेट मैदान में होने वाली उनकी श्रद्धांजलि सभा में 50,000 से अधिक लोग जुटेंगे। वॉर्न के लिए इस मैदान से कई यादें जुड़ी है। उन्होने इसी मैदान पर अपना 700वां टेस्ट विकेट लिया और यह कारनामा करने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बने थे। इस दौरान स्टेडियम के दर्शकदिर्घा के बड़े क्षेत्र का नामकरण उनके नाम पर होगा तो वही मैदान के बाहर गेंदबाजी ऐक्शन में उनकी बड़ी प्रतिभा पर लोग श्रद्धांजलि देंगे।

### वार्न हमेशा हमारे दिलों में जीवित रहेंगे : तेंदुलकर

**नई दिल्ली।** सचिन तेंदुलकर ने दिवंगत शेन वार्न को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हे कड़ा प्रतिस्पर्धी करार दिया जिनका सामना करने के लिए हमेशा अलग तरह से तैयारी करनी पड़ती थी क्योंकि आस्ट्रेलियाई स्पिन दिग्गज माइंड गेम खेलने में बहुत अच्छा था और अपने हावभाव से कुछ भी अहसास नही होने देता था। खेल के सर्वकालिक महान खिलाड़ियो मे से एक वार्न का 52 वर्ष की उम्र में चार मार्च को थाईलैंड में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। शेन वार्न के खिलाफ सही मायनों में मेरी पहली उचित श्रृंखला 1998 में भारत में थी। सभी ने उस श्रृंखला को तेंदुलकर बनाम शेन वार्न करार दिया था। और लोगों को याद दिलाने के लिए कि यह तेंदुलकर बनाम शेन नही है बल्कि भारत बनाम आस्ट्रेलिया थी। इस तरह की चीजें आपको दबाव में डाल देंगी। जब आप उनके जैसे विश्वस्तरीय गेंदबाज का सामना कर रहे हो तो आप चीजो को आसान मानकर नही चल सकते। इसलिए मुझे अच्छी तरह से तैयारी करनी थी, न केवल नेट पर बल्कि जब आप कमरे में बैठे हो तब भी आपको उससे एक कदम आगे रहना होगा।

# मिताली, झूलन ने वनडे रैंकिंग में सुधार किया

**भाष।** दुबई

**भारतीय कप्तान** मिताली राज मंगलवार को जारी नवीनतम आईसीसी महिला एकदिवसीय रैंकिंग में दो पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गई हैं जबकि अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी भी इतने ही स्थान के सुधार के साथ पांचवें नंबर पर पहुंच गई हैं।

न्यूजीलैंड में चल रहे विश्व कप के प्रदर्शन को शामिल कर जारी की गई रैंकिंग में सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना 10वें स्थान पर बरकरार है। रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के अंतिम लीग मैच में अर्धशतक जड़ने वाली मिताली ने रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की राचेल हेन्स और इंग्लैंड की टैमी ब्यूमोंट को पीछे छोड़ा। भारतीय कप्तान के





लिए हालांकि यह मैच दिल टूटने के साथ समाप्त हुआ क्योंकि उनकी टीम अंतिम गेंद तक चले मुकाबले को हारकर विश्व कप से बाहर हो गई थी। गेंदबाजों की रैंकिंग में झूलन दक्षिण अफ्रीका की मैरिजाने कप और अयाबोंगा खाका की जोड़ी को पीछे छोड़ते हुए पांचवें स्थान पर पहुंच गई।

उन्होंने हालांकि हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में अपना नौवां स्थान इंग्लैंड की कैथरीन ब्रंट को गंवा दिया। झूलन अब 217 रेटिंग अंकों के साथ 10वें स्थान पर हैं, जबकि हमवतन दीप्ति शर्मा सातवें स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज लौरा वोल्वार्ड्ट, जिन्होंने मौजूदा विश्व कप में सबसे ज्यादा रन (433) बनाए हैं, बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर है।

### तीरंदाज ज्योति एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई करने में विफल रही

**सोनीपत।** विश्व चैंपियनशिप मे चार बार की रजत पदक विजेता तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम एशियाई खेलो के लिए यहां चल रहे चयन ट्रायल में मंगलवार को निराशाजनक प्रदर्शन करने के बाद भारतीय महिला कंपाउंड टीम में जगह बनाने में विफल रही। आंध्र प्रदेश की इस 25 साल की तीरंदाज ने 2014 और 2018 एशियाई खेलो की टीम स्पर्धा मे रजत और कांस्य पदक जीते थे।

### गुरुग्राम चैलेंज गोल्फ में चार भारतीय खिलाड़ी संयुक्त रूप तीसरे स्थान पर

**नूंह (हरियाणा)।** अमृत लाल लुबाना, तापी घई, शमीम खान और राजीव कुमार जतिवाल की भारतीय चौकड़ी मंगलवार को यहां गुरुग्राम चैलेंज टाटा स्टील पीजीटीआई-एडीटी गोल्फ टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में 66 के प्रभावशाली कार्ड के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर है। इन चारों भारतीय खिलाड़ियो के साथ थाईलैंड के चनत सकुलपोलाफैसन भी इसी स्थान पर है।

### सुदेवा दिल्ली ने रीयल कश्मीर को ड्रॉ पर रोका

**नैहाटी।** सुदेवा दिल्ली एफसी ने दूसरे हाफ में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल से पिछड़ने के बाद रीयल कश्मीर एफसी को आई लीग फुटबॉल के मैच में 2-2 से ड्रॉ पर रोका। पहले हाफ मे ब्राजील के टियागो एडन के दो गोल के दम पर रीयल कश्मीर ने दो गोल की बढत बना ली। इसके बाद सुदेवा ने हालांकि दूसरे हाफ मे श्रेयस वी जी और एस लोजेम के गोल के दम पर वापसी की।

### अंतरराष्ट्रीय बायथलॉन संघ ने रूस और बेलारूस की सदस्यता निलंबित की

**साल्सबर्ग।** अंतरराष्ट्रीय बायथलॉन संघ (आईबीयू) ने यूक्रेन पर आक्रमण करने के कारण मंगलवार को रूस और बेलारूस कर सदस्यता निलंबित कर दी। इससे पहले अधिकांश ओलंपिक खेल संघों ने रूस और बेलारूस के एथलीटो और टीमो पर प्रतिबंध लगा दिए थे। आईबीयू ने एक बयान में कहा कि रूस और बेलारूस ने उसके एक सदस्य संघो के लिए मानवीय दायित्वो का उल्लंघन किया है।

### भारत ने दिव्यांग क्रिकेट टूर्नामेंट में नेपाल को चार विकेट से हराया

**नई दिल्ली।** सचिन शिवा और टिक्का सिंह के शानदार प्रदर्शन से भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश मे चल रहे चार देशो के बंगबंधु दिव्यांग टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में नेपाल को छह विकेट से हराया। नेपाल बल्लेबाजी का फैसला किया। उसकी टीम ने निर्धारित 20 ओवरो में चार विकेट पर 120 रन बनाए। उसकी तरफ से इंदर सिंह ने सर्वाधिक 36 रन का योगदान दिया। इसके जवाब मे भारत ने सचिन (नाबाद 54) और टिक्का (नाबाद 33) की पारियो से 14 ओवर मे लक्ष्य हासिल कर दिया।

# प्रणय विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में 23वें नंबर पर पहुंचे

**भाषा।** नई दिल्ली



भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय स्विस ओपन में उपविजेता रहने के दम पर मंगलवार को जारी नवीनतम बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन महासंघ) रैंकिंग में तीन पायदान आगे 23वें नंबर पर पहुंच गए। पांच साल बाद खिताबी मुकाबले में उतरे प्रणय के अब 52875 अंक हो गए हैं। स्विस ओपन में महिला एकल का खिताब जीतने वाली पीवी सिंधू सातवें स्थान पर बनी हुई हैं। अन्य भारतीयों में युवा लक्ष्य सेन पुरुष एकल तथा चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की पुरुष युगल टीम शीर्ष 10 में है। इस महीने के शुरू मे जर्मन ओपन और ऑल इंग्लैंड के फाइनल में पहुंचने वाले 20 वर्षीय सेन नौवें स्थान पर हैं, वहीं चिराग और सात्विक सातवें नंबर पर हैं। पुरुष एकल में किदांबी श्रीकांत 12वें नंबर पर कायम हैं, जबकि बी साई प्रणीत 19वें नंबर पर हैं। लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल महिला एकल रैंकिंग में 23वें स्थान पर बनी हुई हैं।

# बीसीसीआई ने आईपीएल मीडिया अधिकार के लिए निविदा जारी की

**भाषा।** मुंबई

**भारतीय क्रिकेट बोर्ड** (बीसीसीआई) ने मंगलवार को आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) के 2023-2027 सत्र के लिए मीडिया अधिकार की निविदा जारी की, जिससे उसे 50,000 करोड़ रुपए की कमाई की उम्मीद है। बोर्ड के सचिव जय शाह ने कहा कि बीसीसीआई आईपीएल इतिहास में पहली बार नई बोली लगाने वालों के लिए ई-नीलामी की व्यवस्था करेगा और यह 12 जून से शुरू होगा। शाह ने ट्वीट किया, दो नई टीमों, अधिक मैचों, अधिक स्थानों और अधिक जुड़ाव के साथ, हम आईपीएल को नई और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस प्रक्रिया से न केवल अधिकतम राजस्व हासिल होगा बल्कि इसका महत्व भी अधिकतम होगा। जिससे भारतीय क्रिकेट को अत्यधिक लाभ होगा। भारत में आईपीएल का एकमात्र लाइव स्ट्रीमिंग मंच डिजनी प्लस होस्टार है। गुजरात और लखनऊ फ्रेंचाइजी को शामिल करने के बाद आईपीएल के मैचों की संख्या 60 से बढ़कर 74 हो गई है। जिससे नीलामी में बोली की तगड़ी प्रतिस्पर्धा होने की संभावना है क्योंकि इस क्षेत्र में अब जी-सोनी और रिलायंस वायकॉम 18 भी शामिल हैं। बीसीसीआई अमेजॉन प्राइम, मेटा और यूट्यूब से डिजिटल स्पेस के लिए आक्रामक बोली लगाने की उम्मीद कर रहा है। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि विस्तृत नियम और शर्तों का उल्लेख निविदा के लिए आमंत्रण में किया गया है।

### मनिका-अर्चना की जोड़ी ने डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर के पदक दौर में प्रवेश किया

**दोहा।** भारत की मनिका बत्रा और अर्चना कामथ ने विश्व टेबल टेनिस स्टार कंटेंडर स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में हांगकांग की सू वाई याम मिन्नी और ली हो चिंग को 3-। से हराकर में महिला युगल के पदक दौर में प्रवेश किया। छठी रैंकिंग पर काबिज भारतीय जोड़ी ने 13-11 8-11 11-5 13-11 से जीत दर्ज की। अब सेमीफाइनल में उनके सामने चीनी ताइपे की ली यू-झुन और चेंग आई-चिंग की जोड़ी की चुनौती होगी। मनिका और जी. साथियान की मिश्रित युगल जोड़ी हालांकि पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई। इस भारतीय जोड़ी को स्पेन की मारिया और अल्वारो रोबल्स की जोड़ी से 7-11, 11-9, 7-11, 5-11 से शिकस्त मिली।

# ओसाका मियामी ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**भाषा।** मियामी गार्डन्स

नाओमी ओसाका के लिए किसी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचना एक समय बड़ी बात नहीं थी और अगर वह नहीं पहुंच पाती तो इसे उलटफेर माना जाता था। लेकिन अब समय बदल गया है। विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ने मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। यह पिछले एक वर्ष में केवल दूसरा अवसर है जबकि वह अंतिम आठ में पहुंची। ओसाका ने सोमवार को अमेरिका की एलिसन रिस्के को 6-3, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना डेनियल कोलिन्स से होगा। ओसाका पिछले एक साल के अंदर इससे पहले जनवरी में मेलबर्न में एक टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंची



थी। उससे पहले वह पिछले साल मियामी ओपन में ही अंतिम आठ में जगह बना पाई थी। इस जापानी खिलाड़ी ने बाद में कहा, यह वास्तव में मेरे जीवन के सबसे अच्छे समय में से एक है। मैं इस समय के लिए वास्तव में ईश्वर की आभारी हूं। अमेरिका की नौवीं वरीयता प्राप्त कोलिन्स ने आठवीं वरीय ओन्स जबूर के खिलाफ 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की। इससे वह अगली विश्व रैंकिंग में फिर से शीर्ष 10 में जगह बना सकती है। डारिया सैविल ने भी क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में लूसिया ब्रोंज़ेटी को 5-7, 6-4, 7-5 से हराया। उनका सामना अब 22वें नंबर की बेलिंडा बेनसिच से होगा।

### उत्तरप्रदेश की कृतिगा पवार ने राष्ट्रीय कुश्ती चैम्पियनशिप में स्वर्ण जीता

**भुवनेश्वर।** उत्तर प्रदेश की कृतिगा पवार ने यहां चल रही युवा, जूनियर और सीनियर भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में महिलाओं के 81 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। पवार ने 203 किलो (92 किलो स्नैच और 111 किलो क्लीन एंड जर्क) वजन उठाया। चंडीगढ़ की वंशिता वर्मा ने 201 किलो (87 और 114 किलो) वजन उठाकर रजत और उप्र की पूजा यादव ने 198 किलो (88 और 110) वजन उठाकर कांस्य पदक हासिल किया। महिलाओं के 81 किलो जूनियर वर्ग में आंध्र प्रदेश की श्रीलक्ष्मी ने स्वर्ण पदक जीता जबकि पंजाब की हरमनप्रीत कौर को रजत और महाराष्ट्र की हेमा गनागे को कांस्य पदक मिला।

### दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों का आईपीएल को प्राथमिकता देने पर एल्गर को दिक्कत नहीं

**डरबन।** दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट कप्तान डीन एल्गर का कहना है कि वह अपने देश के खिलाड़ियों के बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बजाय इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को चुनने के फैसले से सहज महसूस कर रहे हैं क्योंकि इन दो में से एक को चुनने के लिए कहे जाने पर उन्हें थोड़ा असहज स्थिति में डाल दिया था। इस महीने की शुरुआत में एल्गर ने अपने साथियों से आईपीएल पर बांग्लादेश के खिलाफ एक श्रृंखला को चुनने का आग्रह किया था और इसे उनकी वफादारी की परीक्षा बताया था।

### आस्ट्रेलिया की एलिस पेरी चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ सेमीफाइनल से बाहर

**वेलिंगटन।** आस्ट्रेलिया की स्टार आलराउंडर एलिस पेरी पीठ दर्द के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ आईसीसी महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में नहीं खेल पाएगी। इकतीस वर्षीय पेरी आस्ट्रेलिया की 22 मार्च को दक्षिण अफ्रीका पर जीत के दौरान चोटिल हो गई थी और उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा था। छह बार का चैंपियन आस्ट्रेलिया अभी टूर्नामेंट में अजेय है। वह बुधवार को पहले सेमीफाइनल में वेस्टइंडीज से भिड़ेगा।

### फ्लैचर वेस्टइंडीज की स्पिनर फ्लैचर कोविड से संक्रमित, विश्व कप सेमीफाइनल से बाहर

**क्राइस्टचर्च।** वेस्टइंडीज की अनुभवी स्पिनर एफी फ्लेचर का कोविड-19 के लिए किया गया परीक्षण पॉजिटिव आया है जिससे वह आस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला वनडे विश्व कप सेमीफाइनल से बाहर हो गई है। अब तक 58 वनडे खेलने वाली फ्लेचर कैरेबियाई टीम की महत्वपूर्ण सदस्य रही हैं और उनकी अनुपस्थिति से आस्ट्रेलिया की मजबूत बल्लेबाजी के सामने वेस्टइंडीज के गेंदबाजी विकल्प कम हो जाएंगे।

### न्यूजीलैंड ने नीदरलैंड को सात विकेट से हराया

**माउंट मोनगानुई।** विल यंग के शतक की मदद से न्यूजीलैंड ने मंगलवार को यहां पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में नीदरलैंड को सात विकेट से हराया। यंग ने नाबाद 103 रन बनाए तथा निकोल्स (57) के साथ दूसरे विकेट के लिए 162 रन की साझेदारी की, जिससे न्यूजीलैंड ने 38.3 ओवर में तीन विकेट पर 204 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। अपना पहला वनडे खेल रहे तेज गेंदबाज टिकनर ने 50 रन देकर चार और जेमीसन ने 45 रन देकर तीन विकेट लिए जिससे नीदरलैंड 49.4 ओवर में 202 रन पर आउट हो गया।

### चौहान ने सब्जी बेचने से लेकर राष्ट्रीय तीरंदाजी टीम में जगह बनाने तक का सफर तय किया

कोलकाता। भारतीय तीरंदाजी टीम में पहली बार चुने गए 19 साल के तीरंदाज नीरज चौहान को कोविड-19 महामारी के दौरान आर्थिक तंगी से निपटने के लिए सब्जी बेचने का सहारा लेना पड़ा था। इस दौरान उन्होंने खेल को अलविदा कहने का मन भी बनाया लेकिन तीरंदाजी से लगाव के कारण वह इससे जुड़े रहे और अब देश के प्रतिनिधित्व का मौका हासिल कर काफी उत्साहित है।